नई दिल्ली
मंगलवार, 3 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 49
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

सांसद प्रसाद की अगुवाई में नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने लंदन में भारतीय प्रवासियों के प्रतिनिधियों के साथ की बातचीत

# पाकिस्तान में आतंकवाद और सरकारी तंत्र एक साथ: रविशंकर प्रसाद

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पटना साहिब सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शांति और विकास को बाधित करने की साज़िश बताया। उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया "ऑपरेशन सिंदूर" का उद्देश्य पाकिस्तान समर्थित आतंकी शिविरों को समाप्त करना था। भारत शांति का पक्षधर है, लेकिन निर्दोष भारतीयों की हत्या की कीमत आतंकियों को चुकानी होगी।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद और सरकारी तंत्र एक साथ हैं, इसलिए हर आतंकी घटना को युद्ध के रूप में देखा जाएगा। प्रसाद भारत के संसदीय प्रतिनिधि मंडल ▸▸ शेष पेज 5 पर

कहा, भारत शांति का पक्षधर है, लेकिन निर्दोष भारतीयों की हत्या की कीमत आतंकियों को चुकानी होगी



## आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख अडिग

प्रसाद ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के अपने सम्मानित सहयोगियों के साथ लंदन के इंडिया हाउस में हजारों की संख्या में उपस्थित जीवंत और विविध भारतीय प्रवासियों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख से अवगत कराया, दुखद पहलगाम हमले पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त ▸▸ शेष पेज 5 पर

## पीओके और बलूचिस्तान में हो रहा दुर्व्यवहार

भाजपा सांसद प्रसाद ने कहा, पीओके में लोगों के साथ किस तरह का दुर्व्यवहार हो रहा है, क्या आप जानते हैं? वे भारत में आने के लिए रो रहे हैं। बलूचिस्तान में महिलाओं के साथ सबसे बर्बर व्यवहार किया जा रहा है। पाकिस्तान आज बहुत परेशान है। हमने चार पारंपरिक युद्ध लड़े, इनमें से कोई भी भारत ने शुरू नहीं किया, हमने केवल जवाब दिया और पाकिस्तान सभी युद्ध हार गया। जिन्ना ने पाकिस्तान बनाया, वह जनरल की दुकान बन गई। रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद दग्गुबाती पुरंदेश्वरी, समिक भट्टाचार्य, शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका ▸▸ शेष पेज 5 पर

भारत के साथ-साथ अमेरिका भी बना आतंकी हमले का शिकार

# भारत और अमेरिका में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है: थरूर



- *अमेरिका के कोलोराडो में एक यहूदी सभा पर हुआ हमला, 6 लोग घायल*
- *मलेशिया में अपनी आलोचनाओं पर खुर्शीद की दो टूक, क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है?*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अभी भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को एक महीने से कुछ अधिक का समय ही बीता है कि अब अमेरिका भी ऐसे ही एक हमले की चपेट में आ गया है। वहां के कोलोराडो के बोल्डर में बीते रविवार को यहूदियों की सभा पर एक फिलिस्तीन समर्थक ने लक्षित आतंकी हमला किया। जिसमें हालांकि किसी की जान नहीं गई। लेकिन छह लोग घायल हो गए हैं। इन सबके बीच भारत के 7 में से 1 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में अपनी अमेरिका यात्रा पूरी कर ब्राजील पहुंच चुका ▸▸ शेष पेज 5 पर

## मेरे लिए भारत ही सबसे पहले है: खुर्शीद

कांग्रेस के एक अन्य नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद



जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) नेता संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मलेशिया की यात्रा पर हैं। वहां उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को पूरी दुनिया तक पहुंचाने के मिशन के दौरान स्वदेश में अपनी खुद ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एक्स चैट किया लॉन्च होगी वीडियो ऑडियो



**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने एक नई मैसेजिंग सर्विस एक्स चैट को पेश कर दिया है जो कि एक्स के डिजिटल इकोसिस्टम का हिस्सा है। इस प्राइवेसी फोकस्ड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म एक्स चैट के कम्युनिकेशन टूल में आर्टिफिशियल इंटेंजीलेंस को इंटीग्रेट किया गया है जिससे यह वॉट्सएप और अन्य लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफर्म को टक्कर देगा।

### पीएम मोदी कल करेंगे मंत्रिपरिषद की बैठक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी। बैठक में मंत्रियों को 'ऑपरेशन सिंदूर' का ब्योरा दिए जाने की संभावना है।

### 15 को नहीं होगी नीट पीजी की परीक्षा



**नई दिल्ली।** नीट पीजी एग्जाम को पोस्टपोन कर दिया गया है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद लिया गया है, जिसमें परीक्षा को एक शिफ्ट में कराने के आदेश दिया गया था। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन ने कहा कि फिलहाल तय किया गया है कि एग्जाम 15 जून को नहीं कराया जाएगा। परीक्षा की अगली डेट जल्द घोषित की जाएगी।

पाकिस्तान से तनाव के बीच भारत को रूस से मिली गुड न्यूज...

# अगले साल 2026 तक मिल जाएगी एस-400 सिस्टम की बाकी बची हुई खेप!

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की रक्षात्मक कार्रवाई के बाद से सीमा पर पाकिस्तान के साथ बने हुए तनाव के बीच रूस से एक अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें नई दिल्ली में रूस के दूतावास में तैनात उप-राजदूत रोमन बाबुश्किन ने कहा कि भारत को एस-400 हवाई रक्षा मिसाइल प्रणाली की पांच में से बाकी बची हुई दो रेजीमेंट की खेप अपने निर्धारित समय पर अगले साल 2026 तक मिल जाएगी।

यह जानकारी बाबुश्किन ने एस-400 हवाई रक्षा प्रणाली की अतिरिक्त खेप की खरीद को लेकर भारत और रूस के बीच जारी बातचीत और इसकी पांच रेजीमेंट की समयबद्ध आपूर्ति के मामले पर पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी। बताते चलें कि पूर्व में रूस से पांचों एस-400 सिस्टम की भारत को वर्ष 2023 तक आपूर्ति की जानी थी। लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला में आई दिक्कतों की वजह से इसकी समय पर डिलीवरी में देरी हुई है।



## 2018 में हुआ 5.43 बिलियन का समझौता

भारत ने वर्ष 2018 में रूस के साथ कुल पांच एस-400 हवाई रक्षा प्रणालियों की खरीद के लिए कुल करीब 5.43 बिलियन डॉलर के एक अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। तीन रेजीमेंट भारत को मिल चुकी हैं, जिसमें पहली वर्ष 2021 में और दूसरी व तीसरी क्रमशः 2022 और 2023 में सौंपी गई थी। भारत ने चीन-पाकिस्तान की सीमा से मिलती युद्ध की साझा चुनौती के बीच दो एस-400 सिस्टम अपनी उत्तरी और पश्चिमी सीमा (पंजाब शामिल) पर तैनात किए हैं।

## एस-400 की विशेषताएं

यह एक बहु-रक्षा प्रणाली है। जो लगभग 400 किलोमीटर तक की दूरी के कई लक्ष्यों का एक समय में पता लगाकर उन्हें अपने सटीक वार से नेस्तनाबूद कर सकता है। एक शक्तिशाली मिसाइल मोबाइल लांचर, रडार और कमांड सेंटर इसके महत्वपूर्ण भाग हैं। एक बार में एस-400, 80 लक्ष्यों का पीछा कर सकता है और 36 को नष्ट कर सकता है। ये सिस्टम चार तरह की अलग-अलग दूरी और ऊंचाई से आने वाली मिसाइलों, लक्ष्यों (गति 17 हजार किमी.) को अपने हमले से नाकाम कर सकता है। इसका उन्नत रडार स्टेल्थ और अन्य लक्ष्यों पर वार करने में सक्षम है।

## दुश्मन के सभी वार पर भारी पड़ा 'सुदर्शन चक्र'

गौरतलब है कि एस-400 को भारत में सुदर्शन चक्र की संज्ञा दी गई है, जिसने पिछले महीने 7 से 10 मई के दौरान पाकिस्तान की तरफ से किए गए ड्रोन और मिसाइलों के हमलों को तुरंत नाकाम करने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस सिस्टम ने पाकिस्तान की नाक में इतना दम कर दिया था कि उसने पंजाब के आदमपुर एयरबेस पर तैनात एस-400 को अपने हवाई हमलों से नष्ट करने का झूठा दावा तक कर डाला था। जिसका खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरबेस की यात्रा के दौरान सुदर्शन चक्र के बिलकुल करीब खड़े होकर इसकी सलामती का सच पूरी दुनिया के सामने ला दिया था। इस सिस्टम की एक सबसे बड़ी खासियत यह है कि ये करीब 400 किलोमीटर की दूरी से दुश्मन के सभी प्रकार के अत्याधुनिक स्टेल्थ बमवर्षक, जासूसी विमानों, ड्रोन, मिसाइलों (बैलिस्टिक, क्रूज मिसाइल भी शामिल) के हमलों को नाकाम करने में सक्षम है। इसकी लंबी दूरी की मारक क्षमता की वजह से नाटो देश भी इसे अपने लिए एक बड़े खतरे के रूप में देखते हैं।

## सैन्य संघर्ष में किया बेहतरीन प्रदर्शन

रूस के उप-राजदूत ने कहा कि हमें यह जानकारी मिली है कि भारत और पाकिस्तान संघर्ष के बीच एस-400 सिस्टम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वहीं, भारत और रूस के बीच रक्षा सहित कई मुद्दों पर सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। मेरी जानकारी कहती है कि बाकी बचे हुए सिस्टम की भारत को निर्धारित समय अवधि के दौरान ही आपूर्ति की जाएगी। रूस इस प्रणाली पर बातचीत के विस्तार की चर्चा के लिए साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। जो मौजूदा वर्ष 2025 या उसके अगले वर्ष 2026 में पूरा हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यूरोप में जिस परिस्थिति का हम अनुभव कर रहे हैं। वहां पर सामान्य रूप से रक्षा तैयारियों में हमारे विचार-विमर्श का यह (एस-400) एक बड़ा मुद्दा है।

आज भोपाल आएंगे राहुल गांधी

# तीन बैठकें लेकर कांग्रेस के अधिवेशन में भी लेंगे हिस्सा

- *कांग्रेस के सृजन अभियान का करेंगे शुभारंभ*
- *जातिगत जनगणना के लिए होगा अभिनंदन*



विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

पार्टी को नए सिरे से गढ़ने के उद्देश्य से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मंगलवार 3 जून को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल आ रहे हैं। वे यहां लगभग 6 घंटे रह कर कांग्रेस की तीन प्रमुख बैठकें लेकर रवींद्र भवन में आयोजित पार्टी के अधिवेशन में हिस्सा लेंगे। राहुल संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य गुजरात की तर्ज पर मप्र में शुरू किए गए कांग्रेस के सृजन अभियान का शुभारंभ भी करेंगे। पार्टी केंद्र सरकार द्वारा कराई जाने वाली जातिगत जनगणना का श्रेय राहुल गांधी को दे रही है। पार्टी का मानना है कि राहुल गांधी के देश भर में दबाव बनाने के कारण ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए राजी हुए हैं। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस राहुल गांधी का अभिनंदन कर आभार व्यक्त करेगी।

## यह है राहुल का भोपाल का कार्यक्रम

राहुल गांधी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार की सुबह 10.20 बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय आकर पूर्वान्ह 11 से 12 बजे पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक में हिस्सा लेंगे। 12 से साढ़ 12 बजे तक पार्टी के सांसदों, विधायकों की बैठक होगी। इसके तत्काल बाद राहुल 12.30 से 1.30 बजे तक कांग्रेस के एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों और प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारियों की बैठक लेंगे। अपरान्ह डेढ़ से ढाई बजे तक का समय लंच आदि के लिए आरक्षित रखा गया है। राहुल ढाई बजे रवींद्र भवन पहुंचेंगे और 4 बजे तक एआईसीसी-पीसीसी डेलीगेट्स, जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्षों के अधिवेशन को संबोधित करेंगे। इसके बाद राहुल 4.20 बजे भोपाल से रवाना हो जाएंगे।

विमान की रांची में इमरजेंसी लैंडिंग

# इंडिगो फ्लाइट से 'टकराया' गिद्ध, 175 यात्री थे सवार

एजेंसी ▸▸ रांची

पटना से रांची आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई 6152) सोमवार को गिद्ध से टकरा गई। फ्लाइट में करीब 175 यात्री सवार थे। यह घटना रांची एयरपोर्ट से 10-12 समुद्री मील दूर और 3 से 4 हजार फीट की ऊंचाई पर हुई। पायलट ने विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की। सभी यात्री और क्रू

- गिद्ध से टकराने के कारण विमान को नुकसान



सदस्य सुरक्षित हैं लेकिन विमान को नुकसान पहुंचा है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक आरआर मौर्य ने बताया कि यह घटना दोपहर सवा एक बजे हुई। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए ▸▸ शेष पेज 5 पर

अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप केस में उम्रकैद

# जज बोलीं-दोषी को कम से कम 30 साल तक जेल में रहना चाहिए

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप मामले में अदालत ने सोमवार को दोषी ज्ञानशेखरन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। चेन्नई की एक महिला अदालत ने पिछले दिसंबर में 19 वर्षीय छात्रा के साथ रेप मामले में सजा सुनाते हुए दोषी पर 90,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जज एम राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को कम से कम 30 साल तक जेल में रहना चाहिए ▸▸ शेष पेज 5 पर

- 90 हजार का जुर्माना भी लगाया



लैंडस्लाइड की ये घटना लाचेन जिले के चाटन इलाके में हुई

# सिक्किम में भारतीय सेना के 3 जवान शहीद, 6 जवान लापता



**कैंप लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया**

*एजेंसी। सिक्किम भारत के नॉर्थ-ईस्ट के कई राज्यों में भारी बारिश हो रही है। भारत के सिक्किम में प्राकृतिक आपदा ने बड़ी तबाही मचाई है। इस आपदा में भारतीय सेना को भी बड़ा नुकसान हुआ है। सिक्किम के छतेन में भूस्खलन यानी कि लैंडस्लाइड की चपेट में भारतीय सेना का एक* ▸▸ शेष पेज 5 पर

फाइनल आज : आरसीबी व पंजाब किंग्स में मुकाबला

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा मैच

# आज मिलेगा आईपीएल 2025 का नया 'किंग'

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में पंजाब किंग्स ने क्वालीफायर-2 में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से हराकर 11 साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में जगह बना ली है। पंजाब किंग्स ने आखिरी बार 2014 में आईपीएल फाइनल खेला था और उसे कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल के इतिहास में (कुल 18 सीजन) यह सिर्फ दूसरा मौका है जब पंजाब ▸▸ शेष पेज 5 पर

**शाम 7:30 बजे से होगी भिड़ंत**

## आरसीबी चौथी बार खेलेगी फाइनल



यह चौथा मौका है जब आरसीबी की टीम आईपीएल का फाइनल खेलेगी। इससे पहले 2009, 2011 और 2016 में उसे फाइनल में क्रमशः डेक्कन चार्जर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। मॉडर्न डे क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली अपने आईपीएल करियर की शुरुआत से ही आरसीबी के साथ जुड़े हैं और उन्हें भी पहली ▸▸ शेष पेज 5 पर

सिंगापुर में 'शांगरी-ला-संवाद-2025' के अंतिम दिन गरजे सीडीएस...

यह विशेष सैन्य अभियान हमारे विरोधियों के लिए एक सबक की तरह से है

# पाकिस्तान को आतंकवाद पर चेतावनी संग बता दी भारत की नई 'लक्ष्मण रेखा'

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच सिंगापुर में हालिया संपन्न हुए 22वें 'शांगरी-ला-संवाद-25' के दौरान पहली बार दोनों देशों के शीर्ष सैन्य अधिकारियों का न केवल प्रत्यक्ष रूप से आमना-सामना हुआ। बल्कि उनके बीच तीखी नोंकझोंक भी देखने को मिली। भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए



पाकिस्तान को खुली चेतावनी देते हुए आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने (जीरो टॉलरेंस) को लेकर एक नई लक्ष्मण रेखा (रेड लाइन) खींचने के बारे में बता दिया। साथ ही यह उम्मीद भी जताई कि भारत ▸▸ शेष पेज 5 पर

## अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर

उल्लेखनीय है कि इसी साल अप्रैल महीने में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 बेकसूर नागरिकों की उनका धर्म पूछकर बेहद बर्बरता के साथ हत्या कर दी थी। इसमें 25 भारतीय और 1 नेपाल का नागरिक शामिल है। यह सभी लोग पहलगाम घूमने के लिए गए थे। इस हमले का बदला भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकियों के कुल 9 ठिकानों को मटियामेट कर लिया, करीब चार दिनों तक दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष चला। 10 मई से दोनों देशों के बीच सीमाओं पर संघर्षविराम लागू है और गोलीबारी फिलहाल रुकी हुई है। भारत ने ये घोषणा की है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इसे सिर्फ स्थगित किया गया है। भविष्य की ▸▸ शेष पेज 5 पर

## पाकिस्तानी जनरल ने अलापा कश्मीर राग

पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ समिति के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा ने कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान की कोई संलिप्तता नहीं है। अगर अगली बार दोनों देशों के बीच पूर्व की तरह चार दिनों वाला संघर्ष हुआ, शहरों को पहले निशाने पर लिया गया तो सीमाएं अप्रासंगिक हो जाएंगी और तब स्थिति खतरनाक स्तर पर बिगड़ सकती है। इसमें बहुत संभावना है कि सीमित वक्त के कारण वैश्विक हस्तक्षेप से पहले ही नुकसान हो चुका हो। उन्होंने कश्मीर का राग अलापते हुए कहा कि यदि इस मुद्दे का समाधान नहीं हुआ तो ये विनाशकारी वृद्धि का सबब बन सकता है।

## एमसीडी ने अतिक्रमण मुक्त कराएं फुटपाथ



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने पुलिस बल के साथ नरेला जोन में अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान चलाया। इस दौरान बवाना की जे जे कॉलोनी से फुटपाथों, सरकारी स्थलों और सड़कों को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया। जानकारी के अनुसार एमसीडी के नरेला जोन उपायुक्त राकेश कुमार के निर्देश पर जनरल ब्रांच से एलआई सुनील सहरावत, कुलदीप मलिक और एएसओ प्रवीण ने पुलिस की उपस्थिति में यह एक्शन लिया। वहीं, बता दें कि नरेला जोन की वार्ड समिति बैठकों में पार्षदों से अनेकों मार्गों पर अतिक्रमण की शिकायतें उठाई है। जिसके चलते बैठक में उपायुक्त ने भी ऐसे एक्शन लेते रहने की बात कही है। वहीं, एलआई सुनील सहरावत ने बताया कि ए. सी. जय प्रकाश के मार्गदर्शन में नियमानुसार अतिक्रमण पर कार्रवाई करते रहते हैं ताकि नागरिकों को आवागमन के चलते दिक्कतें ना हो। उन्होंने बताया कि ऐसे अभियान के चलते नालों की सफाई में भी मदद मिलती है।

### महिला उसी फ्लैट में रहती थी जिसमें उसके पति की दूसरी पत्नी भी रहती है

# जामिया नगर में महिला की चाकू घोंपकर हत्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर में सोमवार तड़के 40 वर्षीय एक महिला की उसके घर में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, महिला उसी फ्लैट में रहती थी जिसमें उसके पति की दूसरी पत्नी भी रहती है।

पुलिस ने बताया कि दूसरी पत्नी ने इस हत्या को अंजाम देने की बात कबूल कर ली है।

अधिकारियों ने बताया कि महिला का पति सऊदी अरब में रहता है। आरोपी दूसरी पत्नी अपने तीन बेटों (14, 13 और छह वर्ष के) के साथ उसी घर में रह रही थी। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी महिला ने घरेलू कलह और व्यक्तिगत असुरक्षा को हत्या करने का कारण बताया।

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपी महिला के दो बेटों ने बताया कि झगड़ा बहुत बढ़ गया था और उन्होंने भी अपनी मां के साथ मिलकर महिला पर हमला किया था। तड़के करीब चार बजकर 25 मिनट पर पीसीआर को कॉल आई जिसमें जामिया नगर में एक घर में संदिग्ध चोरी और संभावित हिंसा की सूचना दी गई थी। जब पुलिसकर्मी इमारत की चौथी मंजिल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि महिला का शव खून से लथपथ पड़ा था और उसकी गर्दन एवं पेट पर चाकू के वार के कई घाव थे। पुलिस ने कहा कि घर में किसी के जबरन घुसने के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि दोनों महिलाओं के बीच घरेलू मुद्दों को लेकर अक्सर झगड़े होते रहते थे।

## लोकसभा और राज्यसभा की तरज पर नियमों में बदलाव करेगी दिल्ली विधानसभा : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा लोकसभा और राज्यसभा की तर्ज़ पर नियमों में बदलाव करेगी और लैंगिक-निरपेक्ष शब्दों का उपयोग होगा। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को घोषणा करते हुए यह जानकारी दी। विधानसभा नियमावली के नियम 280 की समीक्षा की जाएगी और उसमें संशोधन कर उसे लोकसभा और राज्यसभा की प्रक्रिया के अनुरूप बनाया जाएगा। यह बदलाव एनसीटी दिल्ली (संशोधन) अधिनियम, 2021 के अनुसार किया जाएगा। इसके साथ ही विधान भाषा को सरल बनाने और लैंगिक-निरपेक्ष शब्दों के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जाएगा ताकि विधानसभा की कार्यप्रणाली अधिक समावेशी, स्पष्ट और समानता आधारित बन सके। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक विधानसभा भवन सांस्कृतिक और धरोहर स्थल बनेगा। कैग रिपोर्ट पेश, ऑडिट मॉनिटरिंग ऐप लॉन्च, पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम है। वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर और दिव्यांगजन कल्याण के लिए दो नई समितियां गठित की गई है।

- ऐतिहासिक विधानसभा भवन सांस्कृतिक और धरोहर स्थल बनेगा

गुप्ता ने कहा कि आठवीं विधानसभा अपने 100वें कार्य दिवस (4 जून 2025) के निकट पहुंच रही है। इस अल्प अवधि में कई ऐतिहासिक निर्णय और सुधार किए गए हैं। इन उपलब्धियों को चिन्हित करने के लिए एक विशेष रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जा रहा है, जिसमें विधानसभा के पहले 100 दिनों की प्रमुख उपलब्धियां, निर्णय और सुधारों का विवरण होगा। यह प्रकाशन पारदर्शिता, जवाबदेही और सुधारवादी शासन के प्रति विधानसभा की प्रतिबद्धता को दर्शाएगा।

## वजीरपुर में गैस सिलेंडर में विस्फोट से लगी आग, महिला घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार को एक मकान में गैस सिलेंडर में विस्फोट होने के बाद आग लग गई। इस घटना में एक महिला घायल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग आसपास की झुग्गियों में भी फैल गई जिस पर बाद में काबू पा लिया गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, घटना की सूचना वजीरपुर से सुबह करीब सात बजकर 54 मिनट पर मिली थी। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग के एक अग्निशमन वाहन को घटनास्थल पर भेजा गया। सुबह आठ बजकर 40 मिनट तक आग पर काबू पा लिया गया। एक दमकल अधिकारी ने कहा कि घटना में एक महिला घायल हो गई और उसे तत्काल चिकित्सीय सहायता प्रदान की गई। घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।

### कॉल सेंटर में आग लगी, कोई हताहत नहीं

दिल्ली के छतरपुर इलाके में एक कॉल सेंटर में आग लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने मौके पर दमकल की चार गाड़ियां भेजीं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि सुबह आठ बजकर 27 मिनट पर एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने की सूचना मिली, जिसमें कॉल सेंटर का संचालन होता है। उन्होंने बताया कि घटना में अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया, ''हमने दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजीं। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 10 बजकर 45 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल शीतलन के लिए अभियान जारी है।

## अदालत ने मजनू का टीला में पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी शिविर के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने से किया मना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली हाईकोर्ट ने मजनू का टीला में पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी शिविर को ढहाने के निर्णय में दखल देने से इनकार करते हुए कहा है कि यह पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील यमुना डूब क्षेत्र में स्थित है, जिसे संरक्षित किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने 30 मई को पाकिस्तान के 800 ऐसे शरणार्थियों से संबंधित उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें वैकल्पिक आवास के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने कहा कि डूब क्षेत्र की सुरक्षा का उद्देश्य दिल्लीवासियों और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण का मौलिक मानवाधिकार सुरक्षित करना है। फैसले में कहा गया है कि भारतीय नागरिक भी उन जगहों पर वैकल्पिक आवंटन का दावा पूर्ण अधिकार के तौर पर नहीं कर सकते हैं, जहां कब्जे वाली भूमि यमुना के डूब क्षेत्र की तरह निषिद्ध इलाकों में आती है। अदालत ने कहा कि शरणार्थियों को इस क्षेत्र पर कब्जा जारी रखने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि भारत सरकार ने उन्हें आवंटन या वैकल्पिक आवास प्रदान करने का कोई वादा नहीं किया है। फैसले में कहा गया है कि सहायता और सहयोग इस सीमा तक सीमित था कि दीर्घकालिक वीजा के लिए उनके आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत किए जा सकें और गृह मंत्रालय द्वारा उन पर यथासंभव शीघ्रता से निर्णय लिया जा सके। हालांकि, अदालत ने कहा कि शरणार्थियों को दूसरी जगह बसाने के लिए अधिकारियों के साथ बातचीत का उसका ईमानदार प्रयास बेकार चला गया है और ऐसा विशेष रूप से केंद्र की ओर से नौकरशाही की जिम्मेदारी दूसरे के सिर पर मढ़ने की प्रवृत्ति के कारण प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि फिर भी, यह अदालत शरणार्थियों की दुर्दशा दूर करने के लिए नीति बनाने का काम नहीं कर सकती। वर्तमान रिट याचिका तदनुसार खारिज की जाती है। फैसले में कहा गया है कि निस्संदेह पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील यमुना डूब क्षेत्र की सुरक्षा न केवल पर्यावरण की दृष्टि से, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप भी आवश्यक है। अदालत ने कहा, ''इन निर्देशों का उद्देश्य पारिस्थितिकी अखंडता को संरक्षित रखना तथा दिल्लीवासियों और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के मौलिक मानवाधिकार को सुरक्षित करना है। यमुना नदी की गंभीर स्थिति को देखते हुए यह अदालत बिना किसी हिचकिचाहट के पाती है कि याचिकाकर्ताओं के कहने पर नदी के जीर्णोद्धार और कायाकल्प के प्रयासों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है।

### 'पाकिस्तानी शरणार्थियों को उनकी विदेशी राष्ट्रीयता के कारण पुनर्वासित नहीं किया जा सकता'

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड की दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ी और जेजे पुनर्वास और स्थानांतरण नीति के तहत, पाकिस्तानी शरणार्थियों को उनकी विदेशी राष्ट्रीयता के कारण पुनर्वासित नहीं किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि इस तरह के आवेदन को स्वीकार करने का प्रभाव यह होगा कि पीड़ित शरणार्थी भारत के नागरिक माने जाएंगे और भारत के किसी भी आम नागरिक को उपलब्ध सभी अधिकारों एवं लाभ का आनंद लेने में सक्षम होंगे। याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय का रुख तब किया, जब चार मार्च 2024 की तारीख वाला एक सार्वजनिक नोटिस इलाके में चस्पा कर दिया गया, जिसमें शरणार्थियों से छह मार्च 2024 तक अपने आवास खाली करने के लिए कहा गया था, अन्यथा दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) उनके शिविरों को ध्वस्त कर देगा। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी कई वर्षों से मजनू का टीला में रह रहे हैं, जहां अधिकारियों द्वारा बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। अदालत ने शुरू में याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत दी थी और डीडीए को कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया था।

## हथियारों की तस्करी में संलिप्त मेवाती गिरोह का सदस्य दबोचा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कई राज्यों में एटीएम चोरी, सेंधमारी, लूटपाट और हथियारों की तस्करी में संलिप्त मेवाती गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी राहुल खान (29) हरियाणा के नूंह जिले का निवासी है और उसे अपराध शाखा थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले के सिलसिले में पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि खान, साबिर और मुनफेद समेत गिरोह के सदस्यों को हथियार की तस्करी कर भेजता था। साबिर और मुनफेद को पिछले माह गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक खान का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है तथा दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में कम से कम 20 प्राथमिकी में उसका नाम है। उसके खिलाफ लूट, हत्या का प्रयास, डकैती के आरोपों में और हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोसंवर्धन अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) हर्ष इंदौरा ने कहा कि खान गिरोह के सदस्यों को हथियार भेज रहा था। गिरोह के इन सदस्यों को मई में गिरफ्तार किया गया था और उनके पास से हथियार जब्त किए गए थे। अधिकारी ने बताया कि पहले के मामले की जांच के दौरान पता चला कि उनके पास मौजूद हथियार खान द्वारा तस्करी कर भेजे गए थे। इसके बाद, नूंह में उसके पैतृक गांव में छापेमारी की गई, लेकिन वह भाग गया। बाद में, एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए हरियाणा पुलिस की अपराध अन्वेषण एजेंसी (सीआईए) इकाई ने खान को गिरफ्तार कर लिया जिसे प्रोडक्शन वारंट पर दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया। अदालत ने और हथियारों की बरामदगी तथा हथियारों की तस्करी के स्रोतों का पता लगाने के लिए उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। खान के खुलासे करने पर, दिल्ली में छावला ड्रेन ब्रिज के पास छापेमारी की गई जिसमें एक देसी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि खान से जुड़े हथियार तंत्र और सहयोगियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## पूर्व अध्यक्षों पर गुरुद्वारा कमेटी ने संपत्ति बेचने व गुमराह करने के लगाए आरोप, सरना और जीके ने नकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने पूर्व प्रधान परमजीत सिंह सरना और मनजीत सिंह जीके पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह हमेशा कमेटी की छवि को नुकसान पहुँचाने में लगे रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मनजीत सिंह जीके के कार्यकाल के दौरान ही कमेटी की संपत्तियां बेची गईं। वहीं दूसरी तरफ अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए पूर्व कमेटी अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना और मनजीत सिंह जीके ने कहा कि सभी आरोप बेबुनियाद है। जबकि हरमीत सिंह कालका और जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से परमजीत सिंह सरना और मनजीत सिंह जी.के. झूठे और भ्रामक बयान देकर संगत को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन संगत इनका सच जानती है। उन्होंने बताया कि सरना के समय यानी 2006 में छठा वेतन आयोग लागू हुआ था और यह भार मनजीत सिंह जी.के. के समय में आया। उनकी विफलताओं और गलतियों के कारण दिल्ली कमेटी को समस्याओं का सामना करना पड़ा, 2016 में सातवां वेतन आयोग लागू हुआ। मौजूदा तीन वर्षों में गुरुद्वारा कमेटी की टीम ने स्कूलों में वेतन और वेतन आयोग के बकाया भुगतान के लिए 114 करोड़ रुपये की सहायता दी है। उन्होंने कहा कि अब भी ये लोग झूठा प्रचार करने से बाज नहीं आते। अदालतों में इनके वकीलों ने मांग की थी कि गुरु घर की संपत्तियां बेचकर भुगतान किया जाए। दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने अदालत में हलफनामा देकर बताया है कि दिल्ली के ऐतिहासिक गुरु घर, अन्य गुरु और संपत्तियां श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की संपत्तियां हैं और 1971 के अधिनियम के अनुसार कोई भी दुनियावी अदालत इन्हें बेच नहीं सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि मनजीत सिंह जी.के. के प्रधान होने के समय करोल बाग में कमेटी की संपत्ति बेची गई थी। जीके ने न केवल एक लाख कनाडाई डॉलर का घोटाला किया, बल्कि 10 लाख रुपये के फ्रॉड मामले में अब दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल करके यह साबित कर दिया है कि उन्होंने घोटाला किया है। वहीं दूसरी तरफ अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए पूर्व कमेटी अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना और मनजीत सिंह जीके ने भी पलटवार किया है। दोनों ने वर्तमान कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका पर बिना तथ्यों के गुमराह करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी भी दी है। उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा कि अध्यक्ष कालका बताएं कि अगर कमेटी कौम की संपत्तियों का मूल्य लगाने को तैयार नहीं थी तो फिर कमेटी के वकीलों ने दिल्ली हाईकोर्ट में कमेटी अध्यक्ष और महासचिव की मौजूदगी में मूल्यांकन कर्ता की नियुक्ति के दौरान उसे सहयोग देने का आश्वासन क्यों दिया था। जीके ने दावा किया कि मुझ पर करोल बाग की कथित संपत्ति को बेचने का आरोप लगाने वाले अध्यक्ष और महासचिव यह क्यों भूल जाते हैं कि झूठ बोलने के इसी मामले में वे पहले से ही जमानत पर हैं। इस झूठ को बोलने के लिए उन्हें कोर्ट से सजा मिलनी भी लगभग तय है।

## दिल्ली बार एसोसिएशन ने वकीलों को गर्मियों में काला कोट पहनने से दी छूट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली बार एसोसिएशन (तीस हजारी) ने अपने सदस्यों को जिला अदालत में गर्मियों में काला कोट पहनने की अनिवार्यता से छूट दे दी है। चौबीस मई को जारी किये गये नोटिस में कहा गया है सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 49 (1) (जीजी) के तहत नियम में संशोधन के अनुसार, वकीलों को गर्मियों के दौरान, यानी 16 मई से 30 सितंबर तक काले कोट पहनने से छूट दी गई है। यह प्रावधान 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई)' को किसी भी अदालत या न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने वाले वकीलों की पोशाक पर नियम बनाने का अधिकार देता है और बीसीआई इस सिलसिले में जलवायु परिस्थितियों पर विचार कर सकती है। एसोसिएशन के सचिव विकास गोयल के हस्ताक्षरित नोटिस में कहा गया है कि सदस्य दिल्ली उच्च न्यायालय के अधीनस्थ अदालतों में काले कोट पहने बिना उपस्थित होने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि, सदस्यों को पोशाक विधान के अन्य नियमों का पालन करने की सलाह दी जाती है, जो एक वकील के लिए अनिवार्य है।

## वैचारिक क्रांति शिविर में लिया वनवासी शिविरार्थियों ने प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय दयानंद सेवाश्रम संघ के 42वें वैचारिक क्रांति शिविर का भव्य समापन जे.बी.एम. ग्रुप के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार आर्य की अध्यक्षता में डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर जनपथ, में सम्पन्न हुआ। इस शिविर में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि रहे। आचार्य ने शिविरार्थियों को जीवन में वैदिक मूल्यों को अपनाने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के संवाहक बनने का संदेश दिया। समापन शिविर में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मपाल आर्य, महामंत्री विनय आर्य संघ कार्यवाहक अनिल गुप्ता, आई.जी., एन.एस. जी दीपक केडिया ने भी शिविर में प्रेरक विचार रखे। संघ के महामंत्री जोगेन्द्र खट्टर ने बताया साप्ताहिक वैचारिक क्रांति शिविर में 10 राज्यों के वनवासी शिविरार्थियों ने भाग लिया। जिसमें प्रतिभागियों को नेतृत्व विकास, चरित्र निर्माण, राष्ट्रवाद, आर्य समाज के सिद्धान्तों का प्रशिक्षण दिया गया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मंतोष, पुत्र छद्दू पासवान निवासी डब्ल्यू-28/163 जी-ब्लॉक झुग्गी मंगोलपुरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 751/2021 धारा 12/9/55 गैंबलिंग एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मंतोष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मंतोष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 751/2021 धारा 12/9/55 गैंबलिंग एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मंतोष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.07.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05 (उत्तर-पश्चिम)
कमरा नं.105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6845/OD/2025



**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (''आईसीआईसीआई बैंक'') से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा (''सुविधा'') के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 13 जून 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : भूना | |
| 383262002302 | सतीश कुमार शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – आईएमटी मानेसर | |
| 035862002984 | गिरीश चन्द्र महाली |
| शाखा का नाम : मुजेरी – आईएमटी सेक्टर-70 | |
| 779862000165 | मनीष कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – एनआईटी | |
| 102505006830 | रिशु सैनी |
| शाखा का नाम : इन्द्री, हरियाणा | |
| 359662003314 | जोगा सिंह |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : पंचकूला – सेक्टर-10 | |
| 556162000017 | अजय बडगल |
| शाखा का नाम : काछेरी | |
| 456157000024 | ज्ञान सिंह |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-35 | |
| 085762003373 | मनीष ठाकुर |
| शाखा का नाम : बावल | |
| 349857000073 | संदीप कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – पालम विहार | |
| 245262000906 | बिजेन्द्र सिंह |
| शाखा का नाम : तरावड़ी मण्डी | |
| 048462004226 | विकास राणा |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : सोनीपत – सिक्का कॉलोनी | |
| 662357015073 | मुकेश जैन |
| शाखा का नाम : कैथल | |
| 086162002885 | अमित कुमार |
| शाखा का नाम : पानीपत सेक्टर-13 | |
| 372662000444 | मुकेश मुकेश |
| शाखा का नाम : बराड़ा, हरियाणा | |
| 359562002445 | राकेश कुमार |
| शाखा का नाम : निगधु | |
| 210462000922 | करम वीर |
| शाखा का नाम : पानीपत सेक्टर-11 | |
| 251262001844 | नवीन कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – अशोक विहार | |
| 033105006383 | सचिन बतरा |

दिनांक : 03.06.2025
स्थान : गुरुग्राम, करनाल, सोनीपत, अम्बाला, फरीदाबाद, रेवाड़ी, कैथल, पानीपत, फतेहाबाद, पंचकूला

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


### नजफगढ़ ब्लाक के गांवों में किसानों से किया संवाद

## वर्षा के पानी को संरक्षित कर सही इस्तेमाल करें किसान : पूसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के जिन क्षेत्रों में पानी की कमी है उन क्षेत्र में किसान भाई अपने खेत में एक छोटा सा तालाब बना कर वर्षा के पानी को संरक्षित कर उसका सही इस्तेमाल करें। दिल्ली क्षेत्र में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत नजफगढ ब्लॉक के जाफरपुर कलां,

सुरहेड़ा एवं खेड़ा डाबर गांव में सोमवार को किसान सम्मेलन के दौरान पूसा के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रामस्वरूप बाना ने किसानों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने मल्चिंग, ड्रिप सिंचाई पद्धति, कम समय में अधिक आय के साथ साथ बाजरा एवं दलहनी फसलों की विस्तृत जानकारी भी दी। बता दें कि कृषि विज्ञान केन्द्र, दिल्ली भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली एवं कृषि इकाई, विकास विभाग, दिल्ली सरकार ने यह आयोजन किया। इसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. डी.के. राणा सहित पूसा संस्थान के वैज्ञानिकों व किसानों ने हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप

### महिला प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्षों की एक और सूची जारी

**नई दिल्ली।** इन दिनों दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस के संगठन को नया रूप दिया जा रहा है। जिसके तहत महिला जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की जा रही है। इस कड़ी में नई सूची जारी की गई जिसमें महिला प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने अध्यक्षों की सूची जारी की जिसमें नरेला विधानसभा की अध्यक्ष मीनू को बनाया गया है। जबकि बख्तावरपुर-5 ब्लाक कमेटी की अध्यक्ष की जिम्मेदारी आशा देवी को सौंपी गई है। रंजना शर्मा को रिठाला-26 की कमान दी गई है। इसके अलावा सुशीला को स्वरूप नगर-19 ब्लाक, शिखा मल्होत्रा भलस्वा-17 ब्लाक, और रजनी को भलस्वा ब्लाक-18 की अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव के दिशा निर्देश पर संगठन को मजबूत करने के लिए कदम उठाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि गत दिनों जिला महिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई थी, कई ब्लाक अध्यक्षों की भी सूची जारी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जिन ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हुई है उन पर भी जल्द नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

### आईपीयू : अब 16 जून तक आवेदन का अवसर

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के पीजी डिप्लोमा इन बायोइनफ़ॉर्मेटिक्स में अब 16 जून तक आवेदन किया जा सकता है। इस प्रोग्राम में आवेदन के इच्छुक छात्रों की मांग पर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। आईपीयू प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन ऑफलाइन मोड में यूनिवर्सिटी कुलसचिव के नाम निर्गत 2,500 रुपये के बैंक ड्राफ्ट के साथ यूनिवर्सिटी सुविधा केंद्र पर जमा करने हैं। इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए यूनिवर्सिटी अपनी प्रवेश परीक्षा (सीईटी) आयोजित करेगी। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन फार्मास्यूटिकल साइंसेज में उपलब्ध है और कुल सीटें 20 हैं। इस सेंटर के निदेशक प्रो. ए. के. नरूला के अनुसार इस प्रोग्राम में करियर की असीम संभावनाएं हैं।

## दिल्ली की तीनों सरकारों में तालमेल से जमीन पर दिख रहा है बदलाव

# अब दिल्ली में दोषारोपण नहीं, सिर्फ हो रहा है कार्य : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अब दिल्ली में सरकारों के बीच टकराव और दोषारोपण का दौर खत्म हो गया है और अब दिल्ली में सिर्फ कार्य हो रहा है। केंद्र, दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम, तीनों जगह भाजपा की सरकार होने के चलते सभी विभाग आपसी समन्वय से काम कर रहे हैं और इसका असर जनता तक सीधे पहुंच रहा है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग, जल और सिंचाई मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोमवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दिल्ली में शासन का सबसे बड़ा सुधार है। अब बहाने नहीं, देरी नहीं, सिर्फ़ परिणाम और ज़मीन पर कार्य दिख रहा है। उन्होंने कहा है कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग (आईएंडएफसी) ने अब तक दिल्ली के बड़े नालों से 15 लाख मीट्रिक टन सिल्ट हटाई है। प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि नालों की सफाई के साथ-साथ उन पर हुए अतिक्रमण को भी हटाया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान पानी का बहाव बाधित न हो। इस काम की गति बढ़ाने के लिए विभाग में 156 नई पोस्ट स्वीकृत की गई हैं।



मंत्री प्रवेश ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने सड़कों और ड्रेनों के रख-रखाव के लिए नए समग्र टेंडर सिस्टम की शुरुआत की है। प्रमुख बिंदुओं की जानकारी देते हुए बताया कि 35 पैकेजों में ड्रेन की सफाई, हर पैकेज के लिए अलग-अलग टेंडर, 35 प्रतिशत काम पूर्ण, शेष के लिए 15 जून डेडलाइन तय, अब तक 100 किमी सड़कें री-सर्फेस की गईं, 90 प्रतिशत डार्क स्पॉट दुरुस्त किए गए हैं और 2,500 नई स्ट्रीट लाइट्स लगाई गईं हैं। प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि नए टेंडरों से मध्यस्थता क्लॉज हटा दिया गया है, जिससे बरा पुल्ला फ्लाईओवर जैसे मामलों में हुए नुकसान से सबक लेते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई जा सके।

### सभी 1800 अनधिकृत कॉलोनियों में बिछेगी सीवर लाइन

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि सरकार ने ऐलान किया है कि 2027 तक दिल्ली की सभी 1800 अनधिकृत कॉलोनियों में सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि पहली बार इस स्तर पर इतना बड़ा लक्ष्य तय किया गया है और उसे समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

### घरेलू पानी के बिलों में 90 प्रतिशत तक राहत जल्द

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने घोषणा करते हुए बताया कि जल बोर्ड में एकीकृत नियंत्रण प्रणाली लाई जा रही है। 'वन सिटी, वन कंट्रोल रूम, वन नंबर', जिससे किसी भी समस्या का तेज़ समाधान हो सके। अब पानी का वितरण जनसंख्या के आधार पर होगा, अवैध वाटर टेपिंग की पहचान की गई है, उस पर कार्यवाही चल रही है, बड़ी बिल माफ़ी योजना जल्द घोषित होगी। घरेलू जल बिलों में लगभग 90 प्रतिशत तक की राहत दी जाएगी। इसके साथ ही सीवरेज मास्टर प्लान पर काम चल रहा है। इसके लिए एक वैश्विक टेंडर जारी किया जाएगा। बिलिंग सिस्टम को भी अपग्रेड किया जा रहा है। नया सॉफ़्टवेयर बन रहा है और तकनीकी समस्याओं को दूर किया जा रहा है।

## निगम वार्ड समिति चुनाव में भाजपा ने आठ जोन जीते



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में 12 जोनों की वार्ड समिति के चुनाव और स्थायी समिति में सोमवार दो पदों पर चुनाव हुए। वार्ड समिति के चुनाव में भाजपा ने आठ जोन की वार्ड समितियों (सिविल लाइंस जोन, केशव पुरम जोन, नरेला जोन, मध्य जोन, साउथ जोन, नजफगढ़ जोन, शाहदरा नॉर्थ जोन, शाहदरा साउथ जोन) में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और नौवें रोहिणी जोन की वार्ड समिति में उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। इसके साथ ही स्थायी समिति के दो पदों में से एक पर बाजी मारी। वहीं, आम आदमी पार्टी ने सिटी एसपी जोन, करोल बाग जोन, वेस्ट जोन में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और रोहिणी जोन में अध्यक्ष पद जीता। इसके साथ ही स्थायी समिति के सदस्य पद पर सिटी एसपी जोन से राफिया माहिर (आप) निर्विरोध चुनी गई जबकि दक्षिण जोन से भाजपा पार्षद जगमोहन महलावत ने जीत दर्ज की।

### वार्ड समिति चुनाव का परिणाम

- सिटी एसपी जोन में अध्यक्ष पद पर विकास (आप) और उपाध्यक्ष पद पर पूजा (आप) निर्विरोध चुने गए।
- नजफगढ़ जोन में अध्यक्ष पद पर सविता (भाजपा) और उपाध्यक्ष पद पर देवेन्द्र (भाजपा) की जीत हुई।
- शाहदरा साउथ जोन में अध्यक्ष पद पर राम किशोर शर्मा (भाजपा) और उपाध्यक्ष पद पर राजू सचदेवा (भाजपा) की जीत हुई।
- रोहिणी जोन में अध्यक्ष पद पर अमृत जैन (आप) और उपाध्यक्ष पद पर नरेंद्र कुमार सिंह (भाजपा) की जीत हुई।
- शाहदरा नॉर्थ जोन में अध्यक्ष पद पर पुनीत शर्मा (भाजपा) और उपाध्यक्ष पद पर मुकेश कुमार बंसल (भाजपा) की जीत हुई।
- दक्षिण जोन में अध्यक्ष पद पर उमेद सिंह (भाजपा) और उपाध्यक्ष पद पर अनिता (भाजपा) की जीत हुई।
- केशव पुरम जोन में अध्यक्ष पद पर विकेश सेठी (भाजपा) और उपाध्यक्ष पद पर अजय रवि हंस (भाजपा) निर्विरोध चुने गए।
- करोल बाग में अध्यक्ष पद पर पुनीत राय (आप) और उपाध्यक्ष पद पर कविता चौहान (आप) निर्विरोध चुने गए।
- सिविल लाइन जोन में अध्यक्ष पद पद गुलाब सिंह (भाजपा) और उपाध्यक्ष पद पर सुमन कुमारी (भाजपा) की जीत हुई।
- नरेला जोन में अध्यक्ष पद पर बबीता (भाजपा) और उपाध्यक्ष पद पर जनता देवी (भाजपा) की जीत हुई।
- पश्चिम जोन में अध्यक्ष पद पर निर्मला कुमारी (आप) और उपाध्यक्ष पद पर साहिल गंगवाल (आप) ने जीत दर्ज की।
- मध्य जोन में अध्यक्ष पद पर योगिता सिंह (भाजपा), और उपाध्यक्ष पद पर मंजू देवी (भाजपा) निर्विरोध चुनी गईं।

### शिक्षा माफिया को बचाने के लिए फीस रेगुलेशन बिल छिपा रही भाजपा : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की भाजपा सरकार शिक्षा माफिया को बचाने के लिए प्राइवेट स्कूल फीस रेगुलेशन बिल छिपा



रही है। इसे देखते हुए आम आदमी पार्टी बच्चों के पैरेंट्स की आवाज बनेगी और इस बिल पर उसके विधायक जनता से रायशुमारी करेंगे। 'आप' की नेता विपक्ष आतिशी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा पर निशाना साधते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग अपने सुझाव **fee.consultation.aap@gmail.com** भेज सकते हैं। आम आदमी पार्टी पैरेंट्स से मिले सुझावों के अनुसार विधानसभा में बिल में जरूरी संशोधन करवाएगी। उन्होंने कहा कि मंगलवार से 'आप' विधायक इस बिल पर रायशुमारी के लिए लगातार बैठकें करेंगे। 'आप' सरकार में रहकर भी शिक्षा माफिया के खिलाफ लड़ती थी और अब विपक्ष में रह कर भी लड़ती रहेगी। उधर, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक्स पर कहा कि हर मां-बाप की सबसे बड़ी चिंता अपने बच्चे का भविष्य होता है, लेकिन जब स्कूल की फीस ही भविष्य पर बोझ बन जाए, तो उसके खिलाफ आवाज़ उठाना ज़रूरी हो जाता है। दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद प्राइवेट स्कूलों की फीस बेकाबू हो गई है।

## चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते कोरोना और डेंगू से दिल्ली वाले परेशान :डीपीसीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली के 27 में से 14 अस्पतालों में नहीं है आईसीयू सेवाएं : यादव

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) ने दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए है। डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए कि दिल्ली की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरस्त बनाने में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकारें पूरी तरह विफल है जिससे लोगों को कोरोना व डेंगू का डर सता रहा है। सरकार की नाकामी को देखते हुए बढ़ते कोरोना के कारण हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है, कि परिस्थितियों का सामना करने के लिए दिल्ली के अस्पताल कितने तैयार है। जबकि दिल्ली में बारिश के बाद डेंगू के 160 मामले दर्ज हुए जो पिछले पांच वर्षों के रिकॉर्ड में सबसे अधिक है। वहीं कोरोना का डर भी लोगों को सता रहा है। यादव ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जारी आंकड़ो के अनुसार राजधानी में हर दिन 20 नवजात शिशुओं की मौत हो रही है और यह अत्यंत भयावह है कि दिल्ली में पिछले वर्ष 7439 नवजात शिशु मौत की भेंट चढ़ गए। यादव ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस की आरटीआई सेल द्वारा दिल्ली सरकार के अस्पतालों, डिस्पेंसरियें व अन्य क्लीनिकों में रिक्त पदों की प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रबंधन क्षेत्र में 4 निदेशक, 6 अतिरिक्त निदेशक, 23 सीडीएमओ, 24 अतिरिक्त सीडीएमओ, 6 मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट मुख्यालय और जीडीएमओ/ सीएमओ/एसएमओ के 1538 पद खाली है। इनके अतिरिक्त डाक्टर, नर्स, सहायक, पेरामेडिकल स्टॉफ, टेकनिकल स्टाफ और अस्पतालों में प्रशासनिक पदों पर 20 हजार 264 पद खाली पड़े है। जब अस्पतालों में स्टॉफ की कमी है तो कैसे दिल्ली की स्वास्थ को कैसे दुरुस्त रखा जा सकता है। यादव ने कहा कि स्वास्थ्य संबधी सीएजी रिपोर्ट अनुसार दिल्ली के 27 में से 14 अस्पतालों में आईसीयू सेवाएं नहीं। जबकि 16 अस्पतालों में ब्लड बैंक नहीं है, 8 अस्पतालों में ऑक्सीजन सप्लाई नहीं, 15 अस्पतालों में शवगृह नहीं था, 12 अस्पतालों में एंबुलेंस सेवाएं नहीं थीं, कैट्स एंबुलेंस में जीवन रक्षक उपकरण नहीं थे, दिल्ली के अस्पताल इतनी कमियों के साथ चल रहे है।

## स्वस्थ दिल्ली ही है विकसित दिल्ली की नींव : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एक स्वस्थ दिल्ली ही विकसित दिल्ली की नींव है। हम चाहते हैं कि दिल्ली के सभी सरकारी अस्पताल निजी अस्पतालों से भी बेहतर सेवाएं प्रदान करें। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि राजधानी के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, किफायती और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। इसके लिए हमारी सरकार दिन-रात सातों दिन पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है और नए अस्पतालों के निर्माण कार्य और पुराने के आधुनिकीकरण के काम को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 3 लाख 30 हजार 369 लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा चुका है। वय वंदना योजना के अंतर्गत 1 लाख 54 हजार 116 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण किया गया है और बाकी पात्र लाभार्थियों का जल्द ही पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि इन दोनों योजनाओं के प्रति नागरिकों की बढ़ती भागीदारी यह दर्शाती है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जमीनी स्तर तक पहुंच रही हैं और लोगों को उनके लाभ मिल रहे हैं। सरकार इन योजनाओं के दायरे को और अधिक व्यापक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### जंगपुरा में मद्रासी कैंप को उजाड़कर की ओच्छी राजनीतिः यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में चल रही तोड़फोड़ को लेकर भाजपा की रेखा सरकार पर निशाना लगाया है। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बार बार घोषणा कर रही है कहीं झुग्गी बस्ती तोड़ी नहीं जाएगी। बावजूद इसके ओच्छी राजनीति करते हुए जंगपुरा में मद्रासी कैंप जे जे क्लस्टर को उजाड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि गरीबों का आशियाना यानी झुग्गियों को उजाड़ा जाना बेहद अमानवीय कार्यवाही है। यह अत्यंत दुखद है कि रविवार को डीडीए द्वारा जंगपुरा में मद्रासी शिविर के 370 परिवारों को बिना कोई वैकल्पिक आवास दिए उन्हें उजाड़ कर बेघर कर दिया गया। जबकि भाजपा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता यह कह कर कि किसी झुग्गी को उजाड़ा नही जाएगा गरीब झुग्गीवालों के साथ औछी राजनीति का खेल खेल रही है। सरकार द्वारा कुछ चयनित चुनिंदा 215 परिवारों को नरेला में वैकल्पिक व्यवस्था करके अपनी पीठ थपथपा रही है। जबकि 155 परिवारों को बेसहारा और बेघर करना तय नीति के खिलाफ है जबकि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश दिया है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के किसी झुग्गी को उजाड़ा नही जाएगा। यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार की पहली प्राथमिकता विस्थापित परिवारों को बुनियादी मानवीय विचारों को दिखाए बिना सड़कों पर छोड़ने के बजाय वैकल्पिक आवास देकर विस्थापित परिवारों को फिर से शुरू करना चाहिए।

## शिक्षा मंत्री ने किया नरेला विधानसभा क्षेत्र का दौरा

# दमकल केंद्र में बड़ी और छोटी फायर गाड़ी को करें शीघ्र तैनातः आशीष सूद


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला के दमकल केंद्र में एक बड़ी और एक छोटी फायर गाड़ी को शीघ्र तैनात करें क्योंकि यह जगह छोटी है और उसके आसपास बाजार भी लगता है इसलिए यहां पर दुर्घटना के समय बड़ी गाड़ी मौके पर नहीं जा पाएगी। दिल्ली के गृह और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र का स्थानीय विधायक राजकरण खत्री, शिक्षा निदेशक, और अन्य विभागों के अधिकारी के साथ निरीक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को यह निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गृह मंत्री सूद ने सबसे पहले नरेला दमकल केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को कहा कि वह वर्षो से अनुपयोगी दमकल केंद्र को शीघ्रता से साफ सफाई और शेष निर्माण कार्य पूरा कर इसको प्रयोग में लाएं। यह दमकल केंद्र पिछली सरकार की उपेक्षा के कारण चालू नहीं किया गया था।




### प्रस्तावित स्कूल की स्थिति की भी ली जानकारी

मंत्री सूद ने बांकनेर में शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित स्कूल की स्थिति की भी जानकारी ली। स्थानीय निवासियों ने मंत्री आशीष को बताया कि जिस जगह स्कूल बनाया जाएगा वह जगह स्कूल बनाने के लिए उपयुक्त नहीं है। यह ग्राम सभा की भूमि है। साथ ही स्वंत्रत नगर से यह जगह 4 किलोमीटर की दूरी पर है जहां से इस जगह बच्चे आसानी से नहीं पहुंच पाएंगे। स्थानीय लोगों ने मंत्री को यह भी बताया कि बरसात के दिनों में इस जगह पानी भी भर जाता है जिससे यहां आना जाना मुश्किल हो जाएगा। इसके साथ साथ इस जगह पहुचने के लिए कोई सुगम रास्ता भी नहीं है जिस कारण लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने क्या सोच कर बांकनेर में इस जगह पर स्कूल बनाने की अनुमति दी थी। वो लोग किन लोगों को खुश करने के लिए गांव वालों की बात को भी अनसुना कर रहे थे।



**खबर संक्षेप**

### ट्रैफिक पुलिस ने गुम हुआ मोबाइल लौटाया



**गुरुग्राम।** ट्रैफिक पुलिस की टीम ने गुम हुए मोबाइल को उसके असल मालिक को लौटाया है। सोमवार की दोपहर 2.30 बजे हीरो होंडा चौक पर अपनी ड्यूटी हेड कांस्टेबल अशोक कुमार तैनात थे। इसी दौरान एक युवक ने मोबाइल गुम होने के बारे में बताया। हेड कांस्टेबल अशोक कुमार ने युवक से उसका मोबाइल नंबर लेकर कॉल की तो एक व्यक्ति ने बात की।

### मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक को दबोचा



**गुरुग्राम।** सेक्टर-37 थाना एरिया में कंपनी कर्मी का मोबाइल छीन कर भाग रहे युवक को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांधी नगर निवासी अजान मोहम्मद ने बताया कि वह सेक्टर-37 स्थित एक कंपनी में ड्यूटी पूरी करने के बाद घर लौट रहा था। वह मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था।

### तेज रफ्तार वाहन ने युवक को कुचला, मौत



**गुरुग्राम।** सिटी सोहना थाना क्षेत्र में सोहना-पलवल रोड पर तेज रफ्तार वाहन से कुचले जाने पर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई जाहिद ने बताया कि उसके छोटे भाई 36 वर्षीय इनामुद्दीन की बल्लभगढ़ मोड़ के पास चाय की दुकान है। बीते शनिवार की रात करीब 8.15 बजे उसका भाई इनामुद्दीन सामने स्थित जनरल स्टोर से कुछ सामान खरीदने के लिए सड़क पार कर रहा था।

पांच दिवसीय वैदिक व्यापार सुत्र-श्रीमद् विश्वकर्मा महापुराण कथा का सफलतापूर्वक हुआ समापन

# आज हमारी संस्थाएं हमारे सनातन धर्म को जीवित रखने का काम कर रहीं, वह बधाई की पात्र हैं: विधायक फागना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पांच दिवसीय वैदिक व्यापार सुत्र-श्रीमद् विश्वकर्मा महापुराण कथा का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कथा में आए एन.आई.टी 86 के विधायक सतीश फागना, पूर्व पार्षद जयवीर खटाना, भाजपा नेता ज्ञानेन्द्र भारद्वाज व अन्य समाजसेवियों का स्वागत फूल-मालाओं से किया गया। कथा के सफल आयोजन पर संतश्री वैष्वकर्मण धर्माधिकारी, विश्वधारण समर्थ सद्गुरु महाराज जी ने सभी आयोजकों, समाजसेवियों व भक्तों को अपना आशीर्वाद दिया और कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए समाज में ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। वहीं विधायक सतीश फागना ने कहा कि आज हमारी संस्थाएं हमारे सनातन धर्म को जीवित रखने का काम कर रही हैं वह बधाई की पात्र हैं। वहीं बच्चों को सनातन के बारे में जागरूक करना बहुत ही नेक कार्य है जो इस कथा के माध्यम से किया जा रहा है। फागना ने कहा कि मैं और मेरा परिवार ऐसे नेक कार्यों के लिए सदैव आपके साथ तन-मन-धन से साथ है। वहीं कथा के समापन के बाद विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।




### यह लोग उपस्थित रहें

कथा के समापन पर दयानंद वत्स सेक्टर-23, रमेश पांचाल बल्लभगढ़, सतबीर पांचाल जाजरू, ओमप्रकाश पांचाल बल्लभगढ़, अशोक प्रधान, अतर सिंह पांचाल, रामकिशन पांचाल, जितेन्द्र पांचाल सेक्टर-23, राजू यधुवंशी, खिल्लन पांचाल, ललित वत्स, पवन पांचाल, योगेश पांचाल उर्फ राजू, विकास पांचाल, अमित पांचाल, तरूण पांचाल, टोनी पांचाल, मोनिका पांचाल, सुमन पांचाल, सुमन धारूहेड़ा, बबली पांचाल आदि 36 बिरादरी के लोग मौजूद रहे।

फरीदाबाद विधानसभा के पार्षदों के साथ निगम कमिश्नर ने की बैठक, बोले

# सरकार की मंजूरी मिलते ही प्राथमिकता से विकास कार्य शुरू कराए जाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सोमवार को फरीदाबाद विधानसभा के पार्षदों के साथ निगम मुख्यालय में बैठक की। बैठक में निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने फरीदाबाद विधानसभा के पार्षदों के साथ बैठक में उनकी समस्याओं को सुना ।

समस्याओं को सुनने के बाद उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डों में आने वाली समस्याओं को वह प्राथमिकता के साथ दूर करने का कार्य करेंगे। इस बैठक में आज वार्ड 14, वार्ड 31, वार्ड 32, वार्ड 33, वार्ड 35, वार्ड 36, वार्ड 37 ओर वार्ड 39 के पार्षदों के साथ वार्डों के विकास को लेकर चर्चा की गई। निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने पार्षदों से उनके द्वारा भिजवाए गए विकास कार्यों की फाइलों का स्टेटस जानते हुए अन्य विकास कार्यों के बारे में डिमांड मांगी है और जो डिमांड दी गई है उन्हें भी सरकार की मंजूरी मिलने के बाद जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने कहा कि सभी पार्षदों की डिमांडों को हरियाणा सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा उसके बाद जो कार्य मंजूर होगें उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा।

बैठक में ओल्ड जॉन के जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार के अलावा इंजीनियर विवेक गिल, पार्षद मुकेश अग्रवाल, पार्षद सचिन शर्मा, पार्षद नरेश नंबरदार, पार्षद नीलम बरेजा, पार्षद शैफाली सिंगला, पार्षद कुलदीप साहनी, पार्षद ज्योति, पार्षद विनोद भाटी और निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

### सभी पाषदों ने विकासकार्य करवाने की मांग की

पार्षद सचिन शर्मा ने अपने वार्ड में सीवरेज लाइन डलवाने और सेक्टर सहित वार्ड 35 के सभी पार्कों का सौंदर्यीकरण जैसी मांग रखी। पार्षद नरेश नंबरदार द्वारा अपने वार्ड के स्लम एरिया में विकास कार्य करवाने अतिक्रमण को हटाने के साथ साथ वार्ड में नया पार्क बनवाने ओर नए ट्यूबवैल लगवाने जैसी मांग रखी।

वार्ड 37 में पार्षद मुकेश अग्रवाल ने ग्रीन बेल्ट का सौंदर्करण, सभी सेक्टर्स के अंदर सामुदायिक भवनों का सौंदर्यीकरण करवाने जैसी मांग रखी। उन्होंने अतिक्रमण के साथ-साथ खुले में बिकने वाले अवैध मीट पर पाबंदी लगवाने जैसी मांगे रखी। पार्षद कुलदीप सिंह ने सेक्टर 17 एरिया में नए ट्यूबवैल लगवाने, बूस्टरों की सफाई और चार दिवारी के साथ-साथ सेक्टर 15 ए पार्क



में लाइब्रेरी और पार्क बनवाने जैसी कई मांगे रखी।
वार्ड 32 में भी पार्षद विनोद भाटी द्वारा बसेलवा कॉलोनी में कम्युनिटी सेंटर बनवाने, बाल्मिक चौपाल का सौंदर्यकरण और साफ -सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के जैसी मांगे रखी।
ऐसे ही अन्य पार्षदों द्वारा भी अपनी लिखित मांगे बैठक में निगम कमिश्नर के समक्ष रखी।

### स्वच्छता पखवाड़ा: दूसरे दिन नगर निगम पार्षद एवं निगम सफाई कर्मचारी ने स्थानीय निवासियों को सफाई संदेश देकर स्वच्छता के प्रति जागरुक किया

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों पर पूरे प्रदेश में समय समय पर स्वच्छता पखवाड़ा चलाय जाता रहा है। उसी के मद्देनजर रखते हुए नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडगटा के मार्गदर्शन में फरीदाबाद निगम क्षेत्र में भी स्वच्छता पखवाड़ा के आज दूसरे दिन अलग-अलग स्थान पर सफाई का संदेश देकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए ओर उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए मनाया गया।
आज 2 जून को निगम के सफाई निरीक्षक और सहायक सफाई निरीक्षकों और दरोगाओं के साथ निगम कर्मचारियों ने घर-घर जाकर नागरिकों को कचरा पृथक्करण के बारे में समझाया और उन्हें बताया कि नीला डस्टबिन सूखा कचरा के लिए होता है और



हरा डस्टबिन गीला कचरा के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने गीले कचरे से खाद बनाने की भी विधियां नागरिकों को समझाएं। कई स्थान पर स्वच्छता पखवाड़े में स्थानीय पार्षद द्वारा भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया । निगम अधिकारियों और कर्मचारियों ने सार्वजनिक स्थानों पर खुले में कूड़ा ने फैलाने की भी जानकारी नागरिकों को दी गई। उन्होंने कहा कि यदि खुले में कूड़ा डाला जाएगा तो उनके चालान भी किए जाएंगे।

जीडीए का 'ऑपरेशन क्लीन'

## मुरादनगर में 50 बीघे भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनियां ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग़ाज़ियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का ऑपरेशन क्लीन लगातार जारी है। सोमवार को अपर सचिव पीके सिंह के नेतृत्व में जोन 2 में चले अभियान में 50 बीघा से अधिक भूमि में विकसित की जा रही कालोनियों को ध्वस्त कर दिया गया।

प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में विकासकर्ता अरूण चौधरी द्वारा खसरा संख्या-27, ग्राम नवीपुर, पाईप लाईन रोड, मुरादनगर के लगभग 50 बीघे क्षेत्रफल में मिट्टी भराई एवं सडको हेतु चिनाई का कार्य किया जा रहा था। आजाद, मौ. फाजिल पु आदि द्वारा खसरा संख्या-1308, 1256-1258, 1273-1275, ग्राम सरना, पाईप लाईन रोड, मुरादनगर पर लगभग 50 बीघे क्षेत्रफल में सड़कों हेतु दीवारों का निर्माण एवं मिट्टी भराई का कार्य किया जा रहा था। अवैध कालोनियों में कॉलोनाईजर द्वारा बनायी जा रही सड़क, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस एवं दुकानों आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गई। अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों के विरूद्ध कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता गण, प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अमित गर्ग** प्रोपराइटरशिप मेसर्स स्वास्तिक इंडस्ट्रीज बी-359, गली नंबर 5, प्रेम विहार, करावल नगर, दिल्ली 110094 और प्लॉट नंबर 161 करावल नगर औद्योगिक क्षेत्र, शाहदरा, दिल्ली ने **सीसी संख्या 520452/16 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित गर्ग** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित गर्ग** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अमित गर्ग, सीसी संख्या 520452/16 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना करोल बाग, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 19.07.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री देशना गोलोछा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)-07, (केंद्रीय)
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/6317/CD/2025

प्रदेश के 5 जिलों की 17 मंडियों में सूरजमुखी की खरीद शुरू

# हरियाणा में 30 जून तक होगी सूरजमुखी की खरीद: मंत्री नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रदेश की 17 सरकारी मंडियों में सूरज मुखी की खरीद 30 जून तक चलेगी। यह बात हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री राजेश नागर ने बताई। नागर ने बताया कि वर्तमान में सूरजमुखी का बाजार भाव 6400-6500 रुपए प्रति क्विंटल है। जबकि सरकार द्वारा इसके लिए न्यूनतम मूल्य 7280 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष किसानों द्वारा 76,785 एकड़ में सूरजमुखी की बिजाई की गई है और मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर 18166



किसानों द्वारा पंजीकरण किया गया है। उम्मीद है कि हरियाणा में इस सीजन में 44062 मीट्रिक टन सूरजमुखी की पैदावार हो सकती है।

मंत्री राजेश नागर ने बताया कि राज्य के पांच जिलों की 17 मंडियों में हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा सूरजमुखी की खरीद की जाएगी। जिनमें अम्बाला, अंबाला शहर, अंबाला कैंट, शहजादपुर, साहा, बराड़ा में हैफेड और मुलाना में एचडब्लूसी, करनाल में हैफेड, कुरुक्षेत्र जिले के इस्माईलाबाद में एचडब्लूसी, थानेसर में हैफेड, थोल में एचण्डब्लूण्सी, शाहबाद में हैफेड और एचडब्लूसी, लाडवा में हैफेड, बबैन में हैफेड, झांसा में एचडब्लूसी, पंचकूला के बरवाला में हैफेड और यमुनानगर के साढौरा एचडब्लूसी खरीद एजेंसी द्वारा की जाएगी। पिछले वर्ष 2024.25 के दौरान सूरजमुखी की खरीद हैफेड खरीद एजेंसी द्वारा की गई थी। इस वर्ष राज्य की मंडियों में सूरजमुखी की खरीद 30 जून तक चलेगी।

साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

# क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम से 97 हजार रुपए का फ्रॉड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर 97 हजार रुपए का फ्रॉड करने के आरोप में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

सेहतपुर, फरीदाबाद निवासी ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 10 फरवरी को उसके पास क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने के लिए ठगों का कॉल आया। जिसके बाद ठगों ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिए उससे एक पोर्टल पर लॉगिन करवाया, जिस पर सारी



डिटेल भरने के बाद जैसे ही उसने अपग्रेड लिमिट पर क्लिक किया तो उसके खाता से 97000 रुपए कट गए। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विवेक कुमार, ब्रिज खन्ना व अभिषेक कुमार निवासी उत्तम नगर, नई दिल्ली वेस्ट को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी कॉलिग का काम करते थे तथा प्राप्त डिटेल को आगे ठगों के पास शेयर कर देते थे। अधिक पूछताछ के आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ नीरज, पुत्रः राजेश कुमार, पताः मकान संख्या डी–334, न्यू संजय अमर कॉलोनी, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली** ने **FIR No. 61/18, U/s: 379/511/34 IPC, पुलिस थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ नीरज** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **राहुल उर्फ नीरज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के अभियुक्त **राहुल उर्फ नीरज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.08.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार,**
**श्री दीपक वत्स,**
**एसीजेएम, उत्तर पश्चिम, कमरा नं. 101**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**
**DP/6300/NW/2025**

विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से 11.48 लाख किए निवेश

# ऑनलाइन स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग के नाम पर की धोखाधड़ी, मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ऑनलाइन स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में 4 आरोपियों को साईबर थाना सेंट्रल की टीम ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सेंट्रल में फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसे इंस्टाग्राम पर स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग से संबंधित एक विज्ञापन मिला। जिस पर उसने डिटेल भरी तो ठगों ने वाट्सएप के माध्यम से उससे सम्पर्क किया गया और उन्होंने ट्रेडिंग विशेषज्ञ होने का दावा किया तथा निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा कर ठगों के प्लेटफॉर्म में निवेश करने के लिए शिकायतकर्ता को विश्वास में लिया। जिस पर शिकायतकर्ता ने ठगों के बताए खाता में विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से 11.48 लाख रुपए निवेश के लिए भेजे। जब उसने पैसे निकालने चाहे तो उसको व्हाट्सएप से ब्लॉक कर दिया गया। जिस शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### आरोपी 5 दिन की पुलिस रिमांड पर



पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी राजेश 34, विक्रमजीत, भुवन तनेजा व अभिषेक हंस को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राजेश व विक्रम खाताधारक है जिन्होंने अपना खाता आगे भुवन को दिया था। भुवन ने यह खाता आगे अभिषेक को दे दिया था। राजेश व विक्रम, भुवन के पास नौकरी करते थे व अभिषेक, भुवन का दोस्त है। राजेश आठवीं, विक्रम 12वीं व अभिषेक स्नातक तक पढ़े हैं। भुवन का गुरुग्राम में सॉफ्टवेयर बनाने का आफिस है, जहां राजेश व विक्रम भुवन के पास काम करते थे। खाते में ठगी के कुल 2 लाख 67 हजार रुपए आए थे। पूछताछ के लिए चारों आरोपियों को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## रुपयों के विवाद में दो पक्षों में चली गोलियां, एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना नंदग्राम क्षेत्रान्तर्गत राजनगर एक्सटेंशन महोटल में पार्टनरशिप के विवाद में दो पक्षों में गोलियां चली। जिसमें राहुल चौधरी (32वर्ष)की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना रविवार की देर रात की है। गोलियों की आवाज से पूरे मार्केट में अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दो आरोपियों की पहचान कर ली है। डीसीपी नगर धवल जायसवाल ने सोमवार को बताया कि हार्मनी पॉइंट मार्केट में देर रात दो पक्षों में गोली चल गई।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | पीडी नरवाना के तहत कलायत निर्वाचन क्षेत्र के ग्रुप नं. 1 के विभिन्न रोड की विशेष मरम्मत (1) कैथल जिले में सिमला लिंक रोड से रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 6776) (2) जीन्द जिले में कलायत से कुराड़ से गत्तासिंहवाला तक (रोड आईडी 6769) (3) कैथल जिले में ब्राह्मणीवाला से देवाल रोड (रोड आईडी 10128) (4) कैथल जिले में बट्टा से ब्राह्मणीवाला रोड (रोड आईडी 6787) [डीएनआईटी नं. 120640] + 3 कार्य। | 28.05.2025<br>09.06.2025 | 1839.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075<br>pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | झज्जर जिले में सिविल हॉस्पीटल बहादुरगढ़ में खराब केबल, एमसीसीबी पैनल इत्यादि को बदलना + 2 कार्य। | 28.05.2025<br>06.06.2025 | 111.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655<br>pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | स्टेट हाईवे के पेहोवा निर्वाचन क्षेत्र के कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत पीडी-1, कुरूक्षेत्र के तहत कुरूक्षेत्र जिले में आरडी 50.700 से 51.200, 52.050 से 52.700 और 53.500 से 54.000 से पेहोवा ढाण्ड रोड (रोड आईडी 7812) (एसएच-9)=1650 मी. की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 29.05.2025<br>18.06.2025 | 1099.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744239442<br>pwd-eepd1-kurukshetra@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुरिया की क्षतिग्रस्त चारदिवारी का पुनर्निर्माण। | 31.05.2025<br>06.06.2025 | 8.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834<br>pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प करनाल | इंस्टीट्यूशनल प्लॉट साइट नं. 1, सेक्टर-15, एचएसवीपी, पार्ट-II सोनीपत में क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) बिल्डिंग हेतु कार्यालय भवन का निर्माण (ईएलवी सेवाएं और विद्युत उपकरणों का प्रावधान केवल)। | 31.05.2025<br>09.06.2025 | 96.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696<br>pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज रोहतक | वीएएनजीवाई के तहत गांव लाखनमाजरा में कुलिया वाला तालाब पर गऊ घाट का निर्माण + 2 कार्य। | 28.05.2025<br>12.06.2025 | 12.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150<br>prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | रावगढ़ – रहबरी चौपाल के निर्माण की कच्ची लागत + 3 कार्य। | 28.05.2025<br>04.06.2025 | 122.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357<br>prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | सतनाली फीडर एसएफ-I पर पम्प हाउस की हौदी सफाई + 3 कार्य। | 01.06.2025<br>06.06.2025 | 4.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563<br>xenmgcckd11@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/160/35281/I/88/7 दि. 02.06.25

# आठ पूरक मंदिरों मे विराजेंगे देवी-देवता, नौ कुंड यज्ञशाला निर्मित

रामनगरी में भक्ति की अद्भुत बयार बह रही है। इस पावन मौके पर राजाराम को समर्पित भजनों की धूम मची हुई है। अयोध्या में राम मंदिर के पूरक मंदिरों में भगवान गणेश हनुमान सूर्य देव शेषावतार और दुर्गा जी समेत आठ देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी पूरी हो चुकी है।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| अयोध्या

**अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की शुरुआत**

अयोध्या में सोमवार को राजा राम के प्राण प्रतिष्ठा का आगाज हो गया। सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्तियों ने सरजू के तट से कलश में सरयू का जल लेकर कलश यात्रा निकाली। यह कलश यात्रा सरयू घाट से श्रृंगारहाट रामकोट होते हुए गेट नंबर 2 से राम मंदिर पहुंची। इससे पूर्व वैदिक आचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा को वैदिक मंत्रों द्वारा यजमान पूजन कराया गया।

### महिलाएं घाट से कलश में जल भरकर श्रीराम जन्मभूमि परिसर में पहुंचीं

खुद अनिल मिश्रा अपने सर पर कलश रखकर सैकड़ों मातृ शक्तियों के साथ राम मंदिर पहुंचे। राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या में उत्साह का माहौल है। पूरी अयोध्या उत्सव में डूब चुकी है। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान की पूर्व संध्या पर पीतांबरी साड़ी में मातृ शक्तियों ने प्राण प्रतिष्ठा का आगाज कर दिया है। कल 3 जून को सुबह 6:30 बजे से प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हो जाएगा जो शाम 6:30 बजे तक चलता रहेगा।



### पांच-पांच आचार्यों का दल उपस्थित रहेगा

यही अनुष्ठान 4 जून को भी होगा और 5 जून को अनुष्ठान 1:00 बजे समाप्त होगा। 1:25 से 1:40 तक अभिजीत मुहूर्त में राजाराम समेत सात उप मंदिरों में विराजित मूर्तियों के भी प्राण प्रतिष्ठा होंगे। यह सभी प्राण प्रतिष्ठा चंदौली के विद्वान प्रकांड पंडित जयप्रकाश 101 वैदिक आचार्य के साथ संपन्न कराएंगे। राम दरबार में प्रभु राम के साथ उनके तीनों अनुज माता जानकी और उनके सेवक हनुमान बिराजेंगे हालांकि अभी श्रद्धालुओं को राम दरबार के दर्शन नहीं मिलेंगे। श्रीरामजन्मभूमितीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने संबंधित देवी देवताओं की उत्सव मूर्तियां भी तैयार कराई हैं। इन्हीं का मुख्य संस्कार होगा। जिन प्रतिमाओं को मंदिरों में स्थापित किया जा चुका है, वे आकार में बड़ी हैं। इस वजह से उत्सव मूर्तियों के साथ ही इनका भी प्रतीकात्मक प्राण प्रतिष्ठा संस्कार किया जाएगा। इसके लिए इन मंदिरों में पांच-पांच आचार्यों का दल उपस्थित रहेगा।

## खबर संक्षेप

### पटना से उड़े विमान की रांची में इमरजेंसी लैंडिंग

**रांची।** यहां एयरपोर्ट पर सोमवार को बड़ा हादसा टल गया। यहां 175 यात्रियों को लेकर पटना से रांची



आया विमान लैंडिंग से पहले पक्षी से टकरा गई। इसके बाद विमान को 40 मिनट तक हवा में रखा गया और पायलट ने सुरक्षित तरीके से इमरजेंसी लैंडिंग कराई। विमान में सवार सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने बताया कि रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर दोपहर 1:14 बजे यह आपात लैंडिंग हुई।

### दो करोड़ की स्मैक के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार



**बाराबंकी।** एएनटीएफ की बाराबंकी यूनिट ने 3 तस्करों को गिरफ्तार कर एक किलो 26 ग्राम स्मैक बरामद की है। अफसरों के मुताबिक जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2.05 करोड़ है। गिरफ्तारी फैजाबाद-लखनऊ हाईवे स्थित अंडरपास के पास हुई। आरोपियों में बबलू, मोहम्मद जैद व बदरुद्दीन शामिल हैं। बदरुद्दीन ने बताया कि स्मैक उसी की है और वह इसे बबलू को बेचने आया था।

### राजभवन में मनाया गया तेलंगाना स्थापना दिवस



**रांची।** झारखंड राजभवन में सोमवार को तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड में रह रहे तेलंगाना मूल के लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तेलंगाना राज्य का गठन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो एक लंबे जन आंदोलन और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतीक रहा है।

### मदनी के विरोध के बीच यूपी के मदरसों में पढ़ाई पर योगी सरकार का बड़ा फैसला

# अब मदरसों में होगी अंग्रेजी-गणित,विज्ञान की पढ़ाई पाठ्यक्रम में बदलाव के लिए हाईलेवल कमेटी बनी

यूपी में मदरसों का पाठ्यक्रम बदलने को लेकर अरशद मदनी विरोध जता चुके हैं. इस बीच योगी सरकार ने पाठ्यक्रम में बदलाव को लेकर हाई लेवल कमेटी गठित कर दी है, जो एक महीने में अपनी रिपोर्ट शासन को देगी।

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

जमीयत उलेमा ए हिंद अरशद मदनी के विरोध के बीच योगी सरकार ने मदरसों के सिलेबस को लेकर बड़ा फैसला लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार मदरसा शिक्षा प्रणाली में बेहतर शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम में बदलाव करने जा रही है।

मॉडर्न एजुकेशन के तहत हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान जैसे विषयों अनिवार्य किया जाएगा। पहले यह ऑप्शनल थे। उत्तर प्रदेश सरकार ने मदरसा शिक्षा में सुधार और सुचारू संचालन के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गई है। अल्पसंख्यक कल्याण के निदेशक को उच्च स्तरीय कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया।कमेटी में अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, वित्त और न्याय विभाग के विशेष सचिव सदस्य होंगे। उच्च स्तरीय कमेटी कक्षा 9 से 12 तक के मदरसा शिक्षा के पाठ्यक्रम का पुनर्निर्धारण करेगी।

### एक महीने में शासन को भेजनी होगी रिपोर्ट, दीनी के साथ मॉर्डन एजुकेशन

### मान्यता की शर्तों का पुनः निर्धारण होगा



मदरसों में छात्रों की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की व्यवस्था नई शिक्षकों का चयन विषय बार शिक्षकों का समायोजन जैसे विषयों पर भी कमेटी रिपोर्ट देगी। मदरसे में कार्यरत शिक्षकों को विषयवार योग्यता को चिन्हित कर उनका प्रशिक्षण व ब्रिज कोर्स कराया जाएगा। मदरसों की मान्यता की शर्तों का पुनः निर्धारण किया जाएगा। समिति एक माह में उच्च स्तरीय अपनी रिपोर्ट देगी। इससे पहले मामले में अरशद मदनी अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं। जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी का कहना है कि मदरसे सिर्फ दीन की तालीम के लिए हैं , वहां मॉडर्न शिक्षा नहीं दी जानी चाहिए।

### समिति के आदेश में क्या कहा गया?

एक आदेश में कहा गया है कि उक्त समिति की संस्तुति के आलोक में मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम-2004 एवं उत्तर प्रदेश अशासकीय अरबी और फारसी मदरसा मान्यता प्रशासन और सेवा विनियमावली-2016 में यथावश्यक संशोधन किए जाने के लिए कार्यवाही की जाएगी। समिति - कक्षा 9-12 तक के कक्षाओं के लिए विषयों एवं पाठ्यक्रम का पुनर्निर्धारण, मदरसे में छात्रों की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने नए शिक्षकों की चयन प्रक्रिया और स्थानान्तरण नीति-निर्धारण तथा छात्र/शिक्षक अनुपात के आधार पर विषयवार शिक्षकों का समायोजन पर संस्तुति देगी।

### ब्रिज कोर्स कराकर आधुनिक विषयों से जोड़ेंगे

*इसके साथ ही समिति मदरसे में कार्यरत शिक्षकों को कक्षा 1-5 अथवा कक्षा 6-8 में उपयोग करने की व्यवस्था तथा उनकी विषयवार योग्यता को चिह्नित कर उनका प्रशिक्षण एवं ब्रिज कोर्स कराकर उन्हें आधुनिक विषयों से जोड़ा जाना, मान्यता की शर्तों का पुनः निर्धारण, मदरसों के सुचारू संचालन और शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक सुधार पर अपनी सलाह देगी। कहा गया है कि उक्त समिति बिन्दुओं पर विचार करते समय यथा आवश्यक बैठक में संबंधित विभागों के विषय विशेषज्ञों को भी आमंत्रित कर सकेगी।*

### छठ को ध्यान में रखकर तारीख चुनेगा आयोग

# दो से तीन चरणों में हो सकता है बिहार विधानसभा चुनाव



एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियां चुनाव आयोग ने तेज कर दी है। खबर है कि बिहार विधानसभा चुनाव दो से तीन चरणों में हो सकते हैं। चुनाव की तारीखें भी दिवाली और छठ पर्व को ध्यान में रखकर तय की जाएंगी। बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को खत्म हो रहा है, इसलिए चुनाव प्रक्रिया उससे पहले होनी है। इसी महीने जून में मुख्य आयोग आयुक्त बिहार दौरे पर आएंगे।

### दिवाली और छठ पूजा का त्योहार अक्टूबर में

गौरतलब है कि इस बार दिवाली व छठ पूजा का त्योहार अक्टूबर माह में ही मनाया जाएगा। ऐसे में चुनाव आयोग दिवाली और छठ पूजा को देखते हुए चुनाव की तारीखों का ऐलान करेगा। चुनाव की तारीखों का ऐलान कुछ इस तरह से किया जाएगा कि लोगों को त्योहार मनाने में किसी तरह की परेशानी न हो। इससे पहले मई में चुनाव आयुक्त विवेक जोशी पांच दिवसीय दौरे पर आए थे। उन्होने ईवीएम/विविपैट की प्रथम स्तरीय जांच सेंटरों का जायजा लिया था और उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। चुनाव कार्य निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से कराने के निर्देश भी दिए। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सहभागिता वाला बनाने पर बल दिया। सभी सहभागी पक्षों की सक्रिय भागीदारी के लिए रचनात्मक पहल करनी चाहिए।

### एलजेपी (आर) करेगी नव संकल्प महासभा

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चिराग पासवान की लोजपा (आर) ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 8 जून को आरा में नव संकल्प महासभा का आयोजन होगा। जिसका आगाज केंद्रीय मंत्री और पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान करेंगे। इस सम्मेलन में 7 जिलों की 33 विधानसभा सीटों से लोगों को बुलाया जाएगा। एक लाख लोगों को बुलाने का लक्ष्य रखा गया है। नव संकल्प महासभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सात जिलों को जोड़ा गया है।

## पेज एक का शेष...

### पाकिस्तान में आतंकवाद....

के नेता के रूप में यूरोप के 6 देश; फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, बेल्जियम और जर्मनी के दौरे पर 25 मई से 7 जून तक है। रविशंकर प्रसाद की अगुवाई में नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल फ्रांस, इटली, डेनमार्क का दौरा पूरा करने के बाद लंदन पहुंचा। लंदन में अपने प्रथम दिन पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मध्य लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर गार्डन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और डॉ. बी.आर. अंबेडकर संग्रहालय का दौरा किया। इसके उपरांत हजारों की संख्या में उपस्थित भारतीय प्रवासियों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख से अवगत कराया।

### आतंकवाद के खिलाफ ..

प्रसाद ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी, जिसमें आतंकवाद के सभी रूपों का मुकाबला करने की भारत की दृढ़ नीति को रेखांकित किया। हमने आतंकवाद का निर्णायक रूप से मुकाबला करने के लिए भारत के एकजुट रुख और अडिग प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि आतंकवाद के किसी भी कृत्य को पूरी दृढ़ता के साथ दंडित किया जाएगा।

### पीओके और बलूचिस्तान...

चतुर्वेदी, कांग्रेस सांसद गुलाम अली खटाना और अमर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री एमजे अकबर और राजदूत पंकज सरन शामिल हैं।

### भारत और अमेरिका...

है। वहां पर उन्होंने अमेरिका में हुए इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और इस बात पर जोर दिया कि भारत-अमेरिका में आतंकवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सोमवार को एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी।

**रुबियो के विचारों से जताई सहमतिः** शशि थरूर ने अपनी पोस्ट में ये भी कहा कि भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को बोल्डर में हुए आतंकवादी हमले के बारे में जानकर चिंता हुई है। हम इसकी निंदा करते हैं। उधर, राहत की बात ये है कि इस हमले में किसी की जान नहीं गई है। उन्होंने कहा कि हम सभी अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के इस विचार से सहमत हैं कि भारत और अमेरिका दोनों देशों में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। अमेरिका में हुई बैठकों के दौरान संबंधित पक्ष को भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ऑपरेशन सिंदूर की भारत की कार्रवाई और आतंकवाद को बिलकुल भी बर्दाश्त न करने की नीति के बारे में जानकारी दी।

### मेरे लिए भारत ही ....

की पार्टी कांग्रेस द्वारा की जा रही आलोचनाओं का करारा जवाब दिया। खुर्शीद ने एक्स पोस्ट में लिखा, ऐसे वक्त में जब आतंकवाद के खिलाफ भारत का संदेश दुनिया तक पहुंचाने को लेकर आप मिशन पर हैं। यह दुखद है कि देश में लोग आपकी राजनीतिक निष्ठाओं का आकलन यानी गुणा भाग कर रहे हैं। उन्होंने आलोचकों के समक्ष सवाल उठाते हुए पूछा, क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? इसके अलावा पत्रकारों से बातचीत में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि हम यहां जो कर रहे हैं। वो देश के लिए जरूरी है। फिर चाहे आप किसी भी राजनीतिक पार्टी से हों। आज जरूरत देश के पक्ष में बोलने वाली एक आवाज की है। हम यहां वही कर रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि मैं यहां भारत सरकार का विरोध करने नहीं आया हूं। मेरे लिए भारत और सिर्फ भारत ही सबसे पहले है।

### इंडिगो फ्लाइट से...

तुरंत आपात लैंडिंग की। विमान एयरबस 320 है, जो पटना से रांची आ रहा था और बाद में कोलकाता जाने वाला था। अधिकारी ने बताया कि गिद्ध से टकराने के कारण विमान को नुकसान पहुंचा है। विमान की जांच के लिए इंजीनियरों की टीम पहुंची है जो नुकसान का आकलन कर रही है। फिलहाल विमान को ग्राउंड कर दिया गया है और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

**क्यों होती हैं बर्ड स्ट्राइक की घटनाएं?**

पक्षी भोजन, पानी या घोंसले की तलाश में अक्सर हवाई अड्डों के पास मंडराते हैं। आस-पास के लैंडफिल या अपशिष्ट उपचार संयंत्र भी पक्षियों को आकर्षित करते हैं। कुछ मौसमों में जब पक्षी प्रवास करते हैं, तो उनकी संख्या आसमान में बढ़ जाती है, जिससे टकराव का खतरा बढ़ जाता है। चूंकि विमान बहुत तेज गति से उड़ते हैं। पक्षियों के लिए इतनी तेजी से आ रहे विमान को देखना और उससे बचना मुश्किल हो जाता है। सबसे गंभीर स्थिति तब होती है जब पक्षी विमान के इंजन में घुस जाता है। इससे इंजन के ब्लेड क्षतिग्रस्त हो सकते हैं, जिससे इंजन फेल हो सकता है या उसमें आग भी लग सकती है। इसके अलावा, पक्षी विमान की विंडस्क्रीन से भी टकरा जाते हैं, जिससे विंडस्क्रीन टूट जाती है। इससे पायलट केबिन का एयर प्रेशर कम हो सकता है। बड़े पक्षियों के टकराने से विमान के बाहरी ढांचे (फ्यूजलेज या पंखों) में डेंट पड़ सकता है, क्रैक आ सकता है या छेद भी हो सकता है।

### जज बोलीं-दोषी...

उन्होंने जोर देकर कहा कि उस पर कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए। जज राजलक्ष्मी ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सजा पर फैसला 2 जून के लिए सुरक्षित रख लिया था, जिसमें सोमवार को कोर्ट का फैसला आया है। महिला अदालत ने आरोपी ज्ञानशेखरन को बलात्कार सहित 11 मामलों में दोषी पाया था। जज एम. राजलक्ष्मी की अध्यक्षता वाली अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सजा सुनाई। आरोप पत्र 24 फरवरी को विशेष जांच दल (एसआईटी) की ओर से दायर किया गया था, जिसने ग्रेटर चेन्नई पुलिस से अपने हाथ में केस लिया था। स्थानीय पुलिस ने सड़क किनारे बिरयानी बेचने वाले और आपराधिक कामों में शामिल रहने वाले ज्ञानशेखरन को घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया था। यह घटना 23 दिसंबर, 2024 को हुई. पीड़िता इंजीनियरिंग की छात्रा थी और अपने पुरुष मित्र के साथ कॉलेज कैंपस में थी। ज्ञानशेखरन ने एक फर्जी वीडियो दिखाकर उन्हें धमकाया और चेतावनी दी कि वह इसे लोगों के साथ साझा कर देगा, जिससे उन्हें कॉलेज से निकाल दिया जाएगा। इसके बाद उसने लड़के को जबरन वहां से जाने के लिए मजबूर किया और लड़की को अपने साथ कैंपस के एक सुनसान हिस्से में ले गया। लड़के की यूनिवर्सिटी स्टाफ की ओर से जांच का दिखावा करते हुए उसने पीड़िता को और भी डरा दिया। जब उसने उसकी मांगें मानने से इनकार कर दिया तो ज्ञानशेखरन ने उसका यौन उत्पीड़न किया और वीडियो भी बनाया।

### सिक्किम में...

*कैंप आ गया है। इस लैंडस्लाइड की चपेट में आने के कारण भारतीय सेना के 3 जवान शहीद हो गए हैं। वहीं, सेना के 6 जवान अब भी लापता हैं जिनकी तलाश की जा रही है। दरअसल, सिक्किम में लैंडस्लाइड की ये घटना लाचेन जिले के चाटन इलाके में हुई है। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को जानकारी दी है कि रविवार को शाम 7 बजे के करीब लाचेन कस्बे के पास भारी बारिश के कारण भयानक लैंडस्लाइड हुआ था। इसमें तीन सैनिक शहीद हो गए। इसके अलावा चार अन्य सैनिकों को मामूली चोटे आईं और उन्हें बचा लिया गया है। इसके अलावा 6 जवान अब भी लापता हैं। शहीद होने वाले सेना के जवानों की पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखड़ा के रूप में की गई है। सभी के पार्थिव शरीर बरामद कर लिए गए हैं। रेस्क्यू टीमें लापता चल रहे 6 अन्य जवानों की तलाश में अभियान चला रही हैं।*

### आज मिलेगा आईपीएल....

की टीम प्लेऑफ और फाइनल में पहुंची है। अब खिताबी मुकाबले में 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स की भिड़ंत रजत पाटीदार की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगी। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग को एक नया चैंपियन मिलेगा, क्योंकि पंजाब किंग्स और आरसीबी दोनों को अपने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यूं तो 10वीं बार आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन उसे कभी खिताबी जीत नसीब नहीं हुई।

### आरसीबी चौथी बार ...

आईपीएल ट्रॉफी का इंतजार है। आरसीबी ने 29 मई को खेले गए क्वालीफायर-1 मुकाबले में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की थी।

### पाकिस्तान को आतंकवाद....

द्वारा राजनीतिक रूप से चलाया गया यह विशेष सैन्य अभियान हमारे विरोधियों के लिए एक सबक की तरह से है। जिससे उन्हें ये सीखने को मिलेगा कि यह भारत की सहनशीलता की सीमा है। जनरल चौहान के मुताबिक, पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों का हाथ है। हम करीब दो दशक से अधिक समय से छद्म युद्ध के रूप में आतंकवाद का सामना कर रहे हैं। हमारे कई लोग मारे जा चुके हैं और अब हम इसे खत्म करना चाहते हैं। भारत-पाकिस्तान के शीर्ष जनरल सिंगापुर में न केवल पड़ोसी सम्मेलन कक्षों में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद रहे। बल्कि उन्होंने रक्षा नवाचार समाधानों के संबंध में क्षेत्रीय संकट प्रबंधन तंत्रों के विषय पर एक साथ चलने वाले सत्रों में भी भाग लिया। यह संवाद कार्यक्रम सिंगापुर में बीते 30 मई से 1 जून तक चला। जिसमें सीडीएस जनरल चौहान ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

### अभी खत्म नहीं ...

कार्रवाई पाकिस्तान के अगले कदम के हिसाब से तय की जाएगी। साथ ही पीएम मोदी ने भी ये घोषणा की है कि अब अगर पाकिस्तान की तरफ से भारत पर पहलगाम जैसा कोई और आतंकी हमला किया गया तो हम उसे युद्ध की कार्रवाई की तरह से लेंगे और उसी अंदाज में उसका करारा जवाब दिया जाएगा।

# महाग्राम गांवों से कूड़ा उठाएंगे हॉपर टिपर डंपर गांवों की लाइब्रेरी में आएंगी प्रतियोगिता की पुस्तकें

■ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक में 1640 करोड़ की खरीद को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार यहां हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) तथा हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में लगभग 1640 करोड़ रुपये से ज्यादा करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 61 करोड़ रुपये की बचत की गई है। बैठक में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, डॉ अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, श्रुति चौधरी और राज्य मंत्री राजेश नागर उपस्थित रहे। इनके अलावा, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल वीसी के माध्यम से शामिल हुए।

■ **बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद लगभग 61 करोड़ रुपये की बचत**



### सड़क निर्माण को मंजूरी

बैठक में दादरी-बौंद सड़क लंबाई 24 किलोमीटर, दादरी-चिड़या सड़क 18 किलोमीटर लंबाई तथा 20 किलोमीटर लंबाई की असंध सिरसल सड़क के सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दी गई। इन पर लगभग 78 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गुणवत्ता से बिल्कुल भी समझौता नहीं किया जाएगा और तय समयावधि में कार्य पूरा होना चाहिए। इसके अलावा, अंबाला कैंट में सिविल अस्पताल भवन के निर्माण के शेष कार्य को भी स्वीकृति दी गई बैठक में लगभग 8 करोड़ से मृदा स्वास्थ्य की जांच करने हेतु मृदा जांच प्रयोगशालाओं के लिए जांच किट की भी खरीद को मंजूरी दी गई।

### गांवों में सुदृढ़ होगी सफाई व्यवस्था

प्रदेश सरकार द्वारा गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महाग्रामों तथा 7500 से अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों को हॉपर टिपर डंपर" भी प्रदान करने के निर्णय लिया है। इसके लिए 298 हॉपर टिपर डंपर की खरीद को मंजूरी दी गई है ताकि पंचायतें अपने स्तर पर कचरा प्रबंधन कर सके। इस पर लगभग 19 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

# बिना 'नेतृत्व' के चल रहे आईआईएम रोहतक समेत अन्य पर जयराम रमेश ने उठाए सवाल, घेरा केंद्र को

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) जैसे आईआईएम रोहतक, कोलकाता और अन्य में निदेशक पदों के खाली रहने या नियुक्तियों में विवाद के कारण संस्थानों को होने वाले नुकसान का मुद्दा उठाया है। बकौल जयराम, यह मामला शिक्षा मंत्रालय और सरकार की नियुक्ति प्रक्रिया की पारदर्शिता और दक्षता पर सवाल खड़ा करता है क्योंकि उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता और कार्यक्षमता को प्रभावित करता है। एक्स पर पोस्ट के माध्यम से कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने इस बात पर हैरानी जताई कि आईआईएम रोहतक में धीरज शर्मा की नियुक्ति केंद्र मे की, फिर अपनी ही नियुक्ति के खिलाफ कोर्ट चली गई। अब कहा जा रहा है कि वो इस पद के लिए अपात्र हैं! ये विवाद 2023 में शुरू हुआ। जिसमें आईआईएम रोहतक के एजुकेशनल बैकग्राउंड पर उन्हें नियुक्ति देने वाला मंत्रालय सवाल उठा रहा है। मुश्किल में संस्थान है। पढ़ने वाले बच्चे हैं। ग्रेजुएशन में अगर निदेशक की दूसरी श्रेणी थी तो ये नियुक्ति के समय पता थी फिर क्यों रखा गया? नए नियमों के तहत निदेशक पद के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी की डिग्री अनिवार्य की गई। यहीं मामला कानूनी पेंचीदगियों में उलझा हुआ है। जयराम रमेश ने आईआईएम कोलकाता में निदेशक के खाली पड़े पद का मामला भी उठाया। सितंबर 2023 से आईआईएम कोलकाता में स्थायी निदेशक की नियुक्ति नहीं हुई है, जो देश के सबसे प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों में से एक है। आईआईएम काशीपुर और शिलांग में भी निदेशक के पद खाली हैं, जिससे इन संस्थानों की कार्यप्रणाली पर असर पड़ रहा है।



**छात्रों का मनोबल कम होगाः** जयराम रमेश ने अपने ट्वीट में अप्रत्यक्ष रूप से इन खाली पदों से होने वाले नुकसान की ओर इशारा किया है। आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में स्थायी निदेशक के अभाव में नीतिगत निर्णय, फैकल्टी भर्ती, और बुनियादी ढांचे के विकास में देरी हो रही है। बिना नेतृत्व के पाठ्यक्रम अद्यतन, अनुसंधान परियोजनाएँ, और अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रभावित हो सकते हैं। अनिश्चितता के माहौल में छात्रों का मनोबल और प्लेसमेंट की संभावनाएँ कम हो सकती हैं। लंबे समय तक नेतृत्व की कमी से आईआईएम जैसे संस्थानों की वैश्विक और राष्ट्रीय रैंकिंग पर असर पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि नए नियमों (जैसे प्रथम श्रेणी डिग्री की अनिवार्यता) के बावजूद योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति में देरी हो रही है, जिससे संस्थानों की स्वायत्तता पर सवाल उठ रहे हैं। वर्ष 2015 में आईआईएम की स्वायत्तता पर सवाल उठे थे, जब सरकार ने 'विजिटर' की अवधारणा पेश की थी, जिसे बाद में हटा लिया गया। लेकिन निदेशक नियुक्तियों में सरकारी हस्तक्षेप की आलोचना बनी हुई है।

हरिभूमि सहेली



विशेषः विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून

आज पर्यावरणीय प्रदूषण के जो कारण हैं, इनमें प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग भी शामिल है। विभिन्न प्रोडक्ट्स के माध्यम से प्लास्टिक हमारे शरीर में पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत घातक हैं। इसीलिए इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' रखी गई है, ताकि लोग जागरूक हों और हरियाली फैलाने के साथ प्लास्टिक के उपयोग से बचें।

# प्लास्टिक से मिले मुक्ति
# हरा-भरा हो हमारा पर्यावरण

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

बीते कुछ वर्षों में चमक-दमक और सहजता के नाम पर बहुत कुछ हमारी जीवनशैली से जुड़ गया है। प्लास्टिक और प्लास्टिक से बने हर तरह के प्रोडक्ट्स इस फेहरिस्त में सबसे ऊपर हैं। सुविधा और सजावटी सामान बन जिंदगी का हिस्सा बना प्लास्टिक अब पूरे पर्यावरण के लिए खतरा बन गया है। प्लास्टिक के कण यानी माइक्रोप्लास्टिक मिट्टी, जल और हवा के पॉल्यूशन का अहम कारण बन गया है। यह इंसानी सेहत के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है। यही वजह है कि नदी, तालाब से लेकर धरती की गोद और समुद्र तक को कचरे से पाट रहे प्लास्टिक से दूरी बनाना जरूरी है। सरकारी प्रयासों के साथ ही हर परिवार को प्लास्टिक प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल में कमी लाने की राह पकड़नी होगी। साल 2025 की विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने पर ही फोकस्ड है। 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम जीवन के हर हिस्से में जगह बना चुके प्लास्टिक से मुक्ति पाने का संदेश लिए है।



**स्त्रियों का रोल अहमः** रोजमर्रा की एक्टिविटीज में प्लास्टिक से दूरी बनाने में महिलाओं की भूमिका बहुत अहम हो सकती है। डोमेस्टिक फ्रंट पर न सिर्फ प्लास्टिक की चीजों का विकल्प ढूंढ़ने में बल्कि इस्तेमाल में लाने का काम भी महिलाएं बखूबी कर सकती हैं। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस से जुड़ी मुहिम भी प्लास्टिक यूज घटाने और प्लास्टिक के रीयूज-रिसाइकिल को लेकर पब्लिक को अवेयर करने का ही उद्देश्य लिए है। घर-परिवार में प्लास्टिक का यूज कम करने से लेकर रिसाइकिल तक के लिए जागरूक होकर स्त्रियां पर्यावरण की पहरेदार बन सकती हैं। खासकर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रोडक्ट्स से दूरी बनाने का कदम बहुत अहम है। यह प्रकृति ही नहीं, परिजनों की सेहत सहेजने के लिए भी जरूरी है। बीते कुछ बरसों में मिट्टी के घड़े से लेकर बच्चों के लकड़ी से बने खिलौनों तक, बहुत कुछ हमसे छूट गया है। प्लास्टिक से बनी चीजों ने जीवन में डेरा जमा लिया है। जबकि बहुत से प्रोडक्ट्स के जरिए आपके अपनों के शरीर में भी प्लास्टिक पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हेल्थ प्रॉब्लम्स का कारण बन रहे हैं। इसीलिए डिस्पोजेबल बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचें। बच्चों के टिफिन, खिलौने और दूसरे सामान भी लकड़ी, मेटल या मिट्टी के बने खरीदना ही उचित है। घर के कचरे में प्लास्टिक को अलग निकालकर प्लास्टिक रिसाइकिलिंग में मददगार बनने की भी सोचें।

**आयोजनों में दिखाएं समझदारीः** बच्चों की बर्थ-डे पार्टी हो या शादी-ब्याह का पारिवारिक आयोजन, नकली साज-सज्जा वाली चीजों से दूरी बनाएं। सजावट के परंपरागत तौर-तरीकों से परे ऐसे अधिकतर डेकोरेटिव सामान प्लास्टिक से ही बने होते हैं। तकलीफदेह बात यह भी है कि इन प्रोडक्ट्स को रीयूज भी नहीं किया जा सकता। ट्रेडिशनल रंग-ढंग अपनाकर महिलाएं संस्कृति से जुड़ाव रखते हुए प्रकृति के संरक्षण का काम कर सकती हैं। उत्सवीय आयोजनों से जुड़े बदलाव के फ्रंट पर आपका सहज सा कदम एक प्रभावी शुरुआत साबित हो सकता है। प्लास्टिक को खत्म होने में हजारों साल का समय लगता है। कुछ पल की दिखावटी-बनावटी खुशियों के लिए इससे धरती के आंगन को ना पाटें। सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों में जड़ों की ओर वापसी करने की राह पकड़ते हुए पत्तल, दोने और कुल्हड़ जैसी चीजों का इस्तेमाल करें। बुनियादी जीवनशैली से जुड़ीं छोटी-छोटी कोशिशों के माध्यम से प्लास्टिक से दूरी बनाना सहज ही संभव होगा। साथ ही घर में उपलब्ध रिसोर्सेज का सही इस्तेमाल करने के लिए दादी-नानी की सीख का साथ लें। संसाधनों को किफायत से इस्तेमाल करना भी पर्यावरण सहेजने से ही जुड़ा है। आम दिन हों या उत्सवीय मौसम, घर की महिलाएं मितव्ययिता की धुरी बन सकती हैं।

**बचाएं प्रकृति के रंगः** पर्यावरण संरक्षण के लिए एक साथ कई मोर्चों पर सजग रहना होगा। प्लास्टिक से दूरी बनाने के साथ ही प्रकृति के रंग बचाए रखने के प्रयास भी जरूरी हैं। अपने परिवेश में हरियाली को पोसना जरूरी है। सब कुछ सहेजने वाली स्त्रियों को पेड़-पौधे लगाने के लिए ही नहीं, बचाने के लिए भी अवेयर होना होगा। हर मौसम में ही प्रदूषण के गुबार से ढंके रहने वाले



परिवेश में घर का छोटा-सा आंगन हो या आस-पड़ोस का कोई गार्डन, हरियाली को बचाए रखने के जतन जरूरी हैं। साथ ही स्वच्छता को लेकर सजग रहना भी आवश्यक है। साझी थाती कही जाने वाली प्रकृति की गोद में अब हवा-पानी हो या मिट्टी, सब कुछ तेजी से पॉल्यूट हो रहा है। चिंतनीय है कि माउंट एवरेस्ट तक पहुंच चुका प्लास्टिक, क्लाइमेट चेंज का भी बड़ा कारण है। ऐसे में प्रकृति संरक्षण के मोर्चे पर अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी लेनी ही होगी, पर्यावरण हरा-भरा बनाना होगा। कहना गलत नहीं होगा कि समाज-परिवार की धुरी कही जाने वाली स्त्रियां इस जिम्मेदारी के निर्वहन की सबसे अहम कड़ी बन सकती हैं।

### साथी बने थैला

प्लास्टिक फ्री जीवन के लिए थैला सबसे अच्छा साथी है। सामान लाने के लिए खुद घर से निकलें या किसी दूसरे सदस्य को भेजें, कपड़े के थैले को साथी जरूर बनाएं। असल में गली-मोहल्ले में सब्जी-भाजी खरीदने की बात हो या मॉल से शॉपिंग करने की, सिंगल यूज प्लास्टिक का एक ढेर हमारे साथ आता है। हर दिन शॉपिंग में साथ आने वाली प्लास्टिक की थैलियां नालियों को जाम कर गंभीर बीमारियों का कारण बनती हैं। यहां-वहां पड़ी प्लास्टिक थैलियों को खा लेना कितने ही जीव-जंतुओं का गला घोंटता है। बेवजह सामानों में लिपट कर साथ आने वाला प्लास्टिक पार्कों, सड़कों और समुद्र तटों को गंदा करता है। इस मोर्चे पर सजग होना आवश्यक है। महिलाएं प्लास्टिक का सीमित इस्तेमाल कर पर्यावरण के बचाव में अपनी भागीदारी निभा सकती हैं। पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने और पॉलिथिन यूज कम करने के लिए घर से थैला लेकर निकलना बहुत ही सहज पर प्रभावी पहल है। आम-सी बातों पर ध्यान देकर घर के अधिकतर काम-काज संभालने वाली महिलाएं पर्यावरण को पॉलिथीन फ्री बनाने में बड़ा रोल निभा सकती हैं। बाजार जाते समय थैला साथ रखना प्लास्टिक फ्री जीवन के लिए बहुत आम पर खास कदम है।

# बच्चों को बनाएं पर्यावरण प्रेमी

स्वयं ही नहीं, अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना जरूरी है। बचपन से हम उन्हें अपने पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसकी स्वच्छता का महत्व बताएं। बच्चों को यह भी बताएं कि वे पर्यावरण कैसे संरक्षित कर सकते हैं?

बच्चे और आप
सरस्वती रमेश



आज जिस तरह विश्व में पर्यावरण की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है, उसके प्रति हर किसी का जागरूक होना जरूरी है, ताकि सभी पर्यावरण संरक्षित करने की दिशा में प्रयासरत रहें, अपनी जिम्मेदारी समझें। लेकिन जब हम इस संदर्भ में बच्चों की बात करते हैं तो यही पाते हैं कि आज के अधिकांश बच्चे मोबाइल, कंप्यूटर, टैब, लैपटॉप और इंटरनेट की दुनिया में उलझे रहते हैं, इससे बाहर निकलना ही नहीं चाहते। दूसरे पढ़ाई के प्रेशर और इस तकनीकी युग ने माहौल ऐसा बना दिया है कि हमारे बच्चे पर्यावरण से कटे हुए हैं। जबकि ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से जिस तरह दुनिया जूझ रही है, बच्चों का भी पर्यावरण को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है। अगर पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं के प्रति हमारे बच्चे जागरूक नहीं हुए तो वे भविष्य में इस धरती के पर्यावरण को कैसे बचाएंगे? ऐसे में पैरेंट्स की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसे संरक्षित करने के लिए प्रेरित करें। यह कैसे संभव है, आप जानें-

**पर्यावरण संरक्षण का मतलब बताएंः** प्रायः हम अपने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का तात्पर्य सिर्फ पेड़-पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना बताते हैं। जबकि पर्यावरण संरक्षण का अर्थ इससे कहीं ज्यादा व्यापक है। धरती पर उपस्थित सभी तरह के जीव-जंतु, नदियां, पहाड़, समुद्र, हवा, पानी, धूप, मिट्टी सभी मिलकर हमारे पर्यावरण का निर्माण करते हैं। इसलिए हमें पृथ्वी की हर चीज को संरक्षित करना होगा। इस पृथ्वी को सभी प्राणियों के लिए जीने योग्य बनाए रखना ही पर्यावरण संरक्षण का असल मतलब है। यह बात बच्चों को भी समझानी चाहिए।

**प्रकृति के साथ तालमेल करना सिखाएंः** सर्वप्रथम तो हम अपने बच्चों को प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर जीना सिखाएं। मतलब ऐसे काम करने से मना करें, जिससे प्रकृति और इसके पर्यावरण को किसी भी रूप में नुकसान पहुंचता है। सिंगल यूज प्लास्टिक आज पूरी दुनिया के लिए चुनौती बना हुआ है, इसलिए प्लास्टिक पन्नी में फल, सब्जी और राशन न लें। इसके बजाय घर से अपना बैग और कंटेनर लेकर जाएं। आपको ऐसा करता देखकर आपका बच्चा भी पर्यावरण से प्रेम करना सीखेगा। इसी तरह गीला और सूखा कचरा अलग रखने की आदत अपने बच्चों में बचपन से ही डालें। इसके लिए घर में दो डस्टबिन रखें। रिसाइकिल होने वाले कचरे को सड़ने-गलने वाले कचरे के साथ मिलाकर न रखें। किचन वेस्ट से अपने बगीचे में या बालकनी में कंपोस्ट खाद बनाएं। यह बेहद आसान है। इसे बनाने से आपके घर से निकलने वाला गीला कचरा कम होगा और आपके घर में लगे पौधों को मुफ्त में खाद भी मिलेगी। इस काम में बच्चों से भी सहयोग लें ताकि वे शुरू से ही वेस्ट मैनेजमेंट के गुर सीखें।

### संसाधनों का समझदारी से इस्तेमाल करना बताएं

गर्मियों में लोग एसी का इस्तेमाल खूब करते हैं। अपने बच्चों को एसी का इस्तेमाल कम से कम करने के लिए प्रेरित करें। इसके बजाय यदि कूलर से काम चल सकता है तो उसे चलाने के लिए कहें। बच्चों को समझाएं कि एसी से निकलने वाली हीट से बाहर का वातावरण गर्म होता है, जिससे पक्षी, कीट-पतंगे, जानवरों को सर्वाइव करने में मुश्किल आती है। साथ ही बिजली की ज्यादा खपत होती है। इसी तरह सर्दियों में रूम को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के ज्यादा इस्तेमाल से बिजली की खपत ज्यादा होती है, जबकि हम सब जानते हैं कि बिजली पैदा करने के लिए बहुत सारे संसाधनों की जरूरत पड़ती है। इसी तरह अपने बच्चों को कपड़े, जूते, कागज, बैग आदि चीजों का इस्तेमाल तब तक करने को कहें, जब तक कि वे पूरी तरह अनुपयोगी न हो जाएं। जिससे नए सामान खरीदने की जरूरत कम पड़े और पृथ्वी के संसाधनों को बचाया जा सके।

**हमारी सामूहिक जिम्मेदारीः** बच्चे देश का भविष्य होते हैं। जब वे किसी बदलाव का हिस्सा बनते हैं तो उसका प्रभाव जल्द दिखाई देता है। और फिर पर्यावरण संरक्षण किसी अकेले व्यक्ति के वश की बात नहीं है। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें बच्चों को शामिल करना बहुत जरूरी है। सभी अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने स्तर पर अपने आस-पास को साफ-सुथरा, हरा-भरा रखने की कोशिश करें, तभी हमारा पर्यावरण संरक्षित होगा।

लाइफस्टाइल
रेखा शाह आरबी

उम्र के किसी भी पड़ाव पर आप अपने आपको अकेला महसूस कर सकती हैं, लाइफ बोरिंग लग सकती है। ऐसी नेगेटिव सोच से उबरिए, इसके लिए कुछ नया करिए।

# कहीं आपको अपनी लाइफ बोरिंग तो नहीं लग रही है



आजकल पहले के जैसे संयुक्त परिवार नहीं रहे, जिसमें दिन भर हंसी-मजाक, ठहाके गूंजते रहते थे। दिन कब पूरे परिवार के साथ हंसते-हंसते बीत जाता, पता ही नहीं चलता था। ये सब अब बीते जमाने की बातें हो गई हैं। अब एकल परिवार का जमाना है। अधिकांश परिवारों में पति-पत्नी और बच्चे, यही पूरा परिवार माना जाता है। कुछ वर्षों के बाद बच्चे भी बाहर दूसरे शहरों में पढ़ने या जॉब के लिए चले जाते हैं, तब महिलाएं घर में बिल्कुल अकेली रह जाती हैं। क्योंकि पति तो पहले ही अपने जॉब या बिजनेस के काम के लिए दिन भर घर से बाहर रहते हैं। जो महिलाएं काम-काजी नहीं हैं, घरेलू हैं, उन्हें अकेलेपन का अहसास बहुत ही शिद्दत से होता है। ऐसे में एक बड़ी समस्या रहती है कि अपना टाइम कैसे पास किया जाए? अकेलेपन से कैसे पार पाएं? लाइफ बहुत बोरिंग लगती है। कुछ महिलाएं तो किसी मानसिक बीमारी की शिकार भी हो जाती हैं। इसलिए जरूरी है, जीवन में कुछ ऐसा करते रहना चाहिए कि जिंदगी खूबसूरत लगे।

**बाहरी नहीं, आंतरिक देख-भाल की जरूरतः** जिंदगी को जिंदादिली से जीने के लिए, अपने व्यक्तित्व को निखारने-संवारने के लिए सिर्फ बाहरी ही नहीं, आंतरिक देखभाल की भी जरूरत होती है। इसके लिए कुछ प्रयास करने पड़ते हैं। अपने भीतर नई ऊर्जा भरने के लिए जरूरी है, हम अपने रूटीन से हटकर कुछ नई एक्टिविटीज से जुड़ें, ताकि जिंदगी बोरिंग न लगे। कहने का यह मतलब है कि जब भी आपको ऐसा लगे कि जीवन एक ही ढर्रे पर चल रहा है, लाइफ बोरिंग हो गई है तो अपने भीतर नई उमंग जगाने के लिए अपनी रुचि के अनुसार अपने जीवन में कुछ बदलाव लाएं। इस दिशा में एक्टिव हों।

**किताबों से करें दोस्तीः** उम्र कोई भी हो, जब किसी व्यक्ति को उसकी रुचि के अनुसार कोई किताब मिल जाती है तो वह उसमें डूब जाता है। हमारी सबसे अच्छी दोस्त किताबें होती हैं। किताबों का साथ हमेशा ही हमारे व्यक्तित्व को निखारने में सहायक होता है। किताबें हमारे एकांत की अच्छी साथी बन जाती हैं, बोरियत दूर करती है, व्यक्ति को जीवंत बनाती हैं। साथ ही किताबें एक बौद्धिक संतुष्टि भी देती हैं।



**समाज सेवाः** खाली समय में समाज सेवा करना, समय का सबसे अच्छा सदुपयोग है। अपने आस-पास किसी समाजसेवी संस्था को अपना सहयोग दीजिए, इससे आपका मन प्रफुल्लित होगा। किसी की निस्वार्थ सहायता करना, मन को एक अलग तरह की अनुभूति देता है, एक सुकून मिलता है। इससे भी एक बहुत अच्छा काम है, छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाना। बच्चों के साथ कब आपका समय क्वालिटी टाइम में बदल जाएगा, आपको पता भी नहीं चलेगा। इससे आपको मानसिक संतुष्टि तो मिलेगी ही, साथ ही छोटे-छोटे बच्चों की मासूमियत, शरारत आपको नई ऊर्जा से भर देगी।

**बागवानी कीजिएः** यदि आपके घर में जगह है तो आप गार्डनिंग करें। तरह-तरह के फूलों वाले पौधे लगाकर आपको एक अलग ही ऊर्जा और ताजगी मिलेगी। गार्डनिंग करके आप अपने आपको व्यस्त और स्वस्थ रख सकती हैं।

**खुद को दें नया लुकः** आप अपने आप को नया लुक देकर भी एक खुशी हासिल कर सकती हैं। इसके लिए आप पार्लर की मदद ले सकती हैं। अपना मेकओवर देखकर सिर्फ आपको ही नहीं, आपके चाहने वालों को भी खुशी होगी। यह खुशी आपको ऊर्जावान बनाएगी। इससे आप नया करने को प्रेरित होंगी।

ट्रेंड
सरिता गुप्ता

# समर सीजन में बनाएं यूनिक हेयर स्टाइल

गर्मी के मौसम में सही ड्रेसअप सेलेक्ट करने के साथ ही मैचिंग और कंफर्टेबल हेयर स्टाइल चूज करना थोड़ा टफ होता है। ऐसे में आप यहां पर बताए जा रहे कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।

**हाफ हेयर बन स्टाइलः** अगर आप कॉलेज गोइंग गर्ल हैं या ऑफिस जाती हैं तो यह हेयर स्टाइल आपके लिए परफेक्ट है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए पहले बालों को ट्विस्ट देकर हाफ हेयर करके उसे रबड़ बैंड से हाफ बन लुक दे सकती हैं, फिर उस पर फंकी रबड़ बैंड ऊपर से लगा लें।



**साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल :** समर पार्टी में जाने के लिए आप साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इस सीजन के लिए यह एक परफेक्ट ऑप्शन है। आप इस हेयर स्टाइल को गाउन या शॉर्ट ड्रेस के साथ पेयर अप कर सकती हैं। आप इसके साइड से टेल पर बीड्स भी लगा सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे पहले साइड से फ्रेंच ब्रेड बनाएं और फिर सभी बालों को फोल्ड करते हुए पिन की मदद से सेट करें। अब फ्रंट में लगी छोटी-छोटी फ्लिक्स निकाल लें। साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल बनने के बाद बहुत अच्छा लगता है।



**रबड़ बैंड ट्विस्ट ब्रेड स्टाइलः** आप रबड़ बैंड से एक यूनिक हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए आपको काफी सारी रबड़ बैंड्स की जरूरत होगी। सबसे पहले नॉर्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर रबड़ बैंड लगाएं और बालों को बीच से लूज करती जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। टॉप के साथ स्कर्ट या जींस कैरी करने पर ऐसी हेयर स्टाइल कूल लुक देती है।

**हेड बैंड और स्कार्फः** गर्मियों में जब बाल चेहरे पर आते हैं तो बहुत चुभने लगते हैं और इरिटेट भी करते हैं। ऐसे में आप हेड बैंड और स्कार्फ का भी यूज कर सकती हैं। एक ऐसे स्टाइलिश हेड बैंड का यूज करें, जो बालों को चेहरे से दूर रखे और स्टाइलिश लुक दे। इसके अलावा स्कार्फ का यूज बालों को बांधने या सजाने के लिए भी आप कर सकती हैं।



**तरह-तरह के बनः** आप कई तरह के हेयर बन बनाकर बालों को स्टाइल दे सकती हैं। बन बनाने के भी कई तरीके होते हैं, इनमें टॉप नॉट, मेस्सी बन, हाई बन और लो बन शामिल हैं। यह कैजुअल और फॉर्मल दोनों अवसरों के लिए सही होता है।

**(हेयर स्टाइलिस्ट मेघा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल सजेशन
डॉ. विनय अग्रवाल
ऑर्थोपेडिक सर्जन-स्पोर्ट्स इंजरी
कैलाश हॉस्पिटल, नोएडा


बढ़ती उम्र में और खासतौर पर मेनोपॉज के बाद महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस होने का रिस्क बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट का पूरा ध्यान रखें। इस बारे में आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशन।

# बोंस को बनाएं स्ट्रॉन्ग
# नहीं होगा ऑस्टियोपोरोसिस

ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डियों की एक ऐसी बीमारी है, जो खासतौर से महिलाओं में होती है। इसके कारण हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।

**रोग के कारणः** पीरियड्स बंद होने के बाद यानी मेनोपॉज के बाद महिलाओं में इस बीमारी के होने का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। जब हमारे शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम का स्तर कम हो जाता है तो यह रोग हो सकता है। इससे बोंस में फ्रेक्चर होने की आशंका बढ़ जाती है।

**बरतें सावधानीः** मेनोपॉज यानी पीरियड्स बंद होने के बाद महिलाओं को हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इस दौरान मसल्स और बोंस कमजोर हो जाती हैं और फ्रेक्चर होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसलिए इसे लेकर लापरवाही न बरतें। जब पीरियड्स बंद हो जाएं तो कैल्शियम और विटामिन डी का स्तर कम हो जाता है और हार्मोन का प्रवाह भी कम हो जाता है। इसलिए रोज समय निकालकर धूप में कुछ देर जरूर बैठें, जिससे आपके शरीर में जरूरी विटामिन डी बनेगा। थायरॉयड प्रॉब्लम से भी इस रोग के होने का रिस्क बढ़ता है, इसलिए अगर मां या पिता में किसी को थायरॉइड की प्रॉब्लम है तो आपको थायरॉइड होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए अपने थायरॉइड का नियमित रूप से चेकअप कराती रहें।



**नियमित एक्सरसाइजः** ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी होता है। इससे मसल्स और मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है। हड्डियों में कैल्शियम और मिनरल का स्तर बढ़ता है। इसलिए रोज एक्सरसाइज करना बोंस हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे न केवल ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव होगा, बल्कि अगर यह हो भी गया हो तो उसमें राहत के लिए भी एक्सरसाइज करना फायदेमंद होता है। इसके लिए ट्रेडमिल पर वॉकिंग, जंपिंग, स्किपिंग, लोडिंग और क्रॉस ट्रेनिंग आदि कर सकती हैं।

**रहें एक्टिवः** महिलाओं को शुरू से ही अपनी लाइफस्टाइल को लेकर बहुत ही सजग रहना चाहिए। उन्हें नियमित रूप से अच्छी डाइट और एक्सरसाइज को अपनाना चाहिए, क्योंकि इनके जरिए ही आप ऑस्टियोपोरोसिस से खुद को दूर रख सकती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए हमारी लाइफस्टाइल का बड़ा रोल होता है।

**वजन को नियंत्रित रखेंः** महिलाओं को अपने वजन को नियंत्रित रखने के लिए बहुत ध्यान देना चाहिए, क्योंकि जब हमारा वजन नियंत्रित नहीं रहता है तो अनेक तरह की बीमारियां हो सकती हैं।



### लें हेल्दी डाइट

हेल्दी बोंस के लिए रेग्युलर बैलेंस डाइट लेना बेहद जरूरी होता है। आपकी डाइट में ज्वार, बाजरा, कोदो, गेंहू और रागी जरूर होना चाहिए, क्योंकि यह हमारे बोंस के लिए बहुत ही अच्छा होता है। सब्जियों में खासतौर से सीताफल खाना फायदेमंद है। ड्राय फ्रूट्स में पिस्ता, बादाम जरूर खाएं क्योंकि इनमें कैल्शियम काफी मात्रा में रहता है। इसके अलावा दूध पीना भी सेहत के लिए अच्छा रहता है। जहां तक हो सके फ्राइड फूड्स से परहेज करना चाहिए। आलू में कार्बोहाइड्रेट अधिक होता है। इसलिए हड्डियों की बनावट और मजबूती देने में इसका रोल अधिक नहीं होता है।

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

# आधी रात को कॉल सेंटर पहुंचे ऊर्जा मंत्री तोमर, डीजीएम की रोकी दो वेतनवृद्धि, कहा-हेल्पलाइन नंबर 1912 में नहीं हो कॉल वेटिंग

गोविंदुपरा स्थित बिजली कंपनी के कॉल सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदुपरा स्थित बिजली कंपनी के कॉल सेंटर पर अधिकारियों और कर्मचारियों में उस समय हड़कंप मच गया, जब बीती रात अचानक ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर निरीक्षण करने पहुंच गए। रात में अचानक मंत्री को देख कर्मचारी सन्न रहे गए। मंत्री तोमर ने कॉल सेंटर में उपभोक्ताओं के फोन अटेड कर उनकी समस्याओं को सुना।

ऊर्जा मंत्री ने कॉल सेंटर से ही डीजीएम भोपाल सिटी ईस्ट जोन और डीजीएम रायसेन से भी बात कर समस्याओं के निराकरण में देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त कर व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। वहीं भिण्ड जिले के गोरमी गांव के उपभोक्ता नरेंद्र सिंह की समस्या सुनी। तोमर ने निर्देशित किया कि कॉल सेंटर के हेल्पलाइन नंबर 1912 में कॉल वेटिंग नहीं होना चाहिए।

### तोमर ने उपभोक्ताओं की सुनी समस्याएं

कॉल सेंटर प्रभारी ने बताया कि सामान्यतः एक घंटे में 300 से 350 फोन कॉल आते हैं। उन्होंने स्काडा सेंटर और स्मार्ट मीटर मानीटरिंग सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण नहीं करने पर डीजीएम मुरैना अभिषक चौरसिया की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

## ऊर्जा मंत्री ने लिया संकल्पः एक माह तक एसी और पेट्रोल-डीजल चलित वाहन का नहीं करेंगे उपयोग



स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त और हरित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एक माह तक एसी और पेट्रोल-डीजल चलित वाहन का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि वह एक माह तक ग्वालियर में अपने निवास के सामने स्थित पार्क में तंबू लगाकर पंखे में रात्रि विश्राम करेंगे।

### आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य होगा

मंत्री तोमर का यह संकल्प प्रतीकात्मक संदेश है कि आदतों में थोड़ा बदलाव भी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों से अपील की है कि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाकर प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग करें।

### प्रदूषण, गंभीर समस्या

*मंत्री तोमर ने कहा कि प्रदूषण का प्रभाव हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू स्वास्थ्य, पर्यावरण और समाज पर गहरा पड़ता है। वायु प्रदूषण से सांस संबंधी रोग, धूल और धुएं से एलर्जी, जल प्रदूषण से डायरिया जैसे रोग होते हैं। ध्वनि प्रदूषण से मानसिक तनाव और नींद की कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। प्रदूषण से जीवन स्तर की गुणवत्ता कम होती है।*

### एक एसी से एक महीने में 432 यूनिट बिजली की होती है खपत

*एक एसी से एक माह में 432 यूनिट बिजली की खपत और 402 किग्रा से अधिक कार्बनडाई आक्साइट उत्सर्जन होता है। सामान्य घर में 1.5 टन का एसी प्रतिदिन 8 घंटे चलने पर प्रतिदिन लगभग 14.4 यूनिट बिजली की खपत होती है। इस तरह एक माह में यह खपत 432 यूनिट से अधिक होगी और इसमें 402 किग्रा कार्बन डाइआक्साइड उत्सर्जन होगा। माह में किलो से अधिक उत्सर्जन होगा। एक माह तक एसी का उपयोग नहीं करने पर 402 किग्रा का उत्सर्जन रोका जा सकता है।*

---

मैरिज ब्यूरो की आड़ में दंपती ने महिला को ठगा

# पति से ही करा दिया महिला का विवाह, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मैरिज ब्यूरो की संचालिका ने धोखे में रखकर अपने ही पति से पीड़िता की शादी कराई। इस मामले में पुलिस ने दोनों ठगबाज को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेजा है। दरअसल, पूरा मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। जहां पीड़िता ने 29 मई को थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह वर्तमान में विनोबानगर में किराये के मकान में रहती है। साथ ही वह ब्यूटी पार्लर का काम करती है। 2024 में प्रार्थिया के परिवार वाले गुरूघासीदास ग्रुप में विवाह के लिए पीड़िता का प्रोफाइल डाला था, जिसे देखकर सतनाम मैरिज ब्यूरो बिलासपुर के संचालिका चित्रा कुमारी द्वारा पीड़िता से संपर्क किया गया। संजय कुमार ग्राम भारूखेडा हरियाणा का प्रोफाइल दिखाकर संजय के बारे में जानकारी दी और बताया कि वह पठारीकापां जिला मुंगेली छत्तीसगढ का मूल निवासी है जो वर्तमान में हरियाणा में नवोदय विद्यालय में शिक्षक के पद पर पदस्थ है और वह वहीं पर परिवार के साथ रहता है।

### समाज के रीति-रिवाज अनुसार कराई शादी

*सतनाम मैरिज ब्यूरो की संचालिका चित्राकुमारी की बातों में विश्वास करते हुए पीड़िता के परिवार वाले दोनों की शादी सतनामी समाज के रीति रिवाज के साथ गिरौदपुरी धाम में 14 दिसंबर 2024 को करा दी। विवाह के बाद प्रार्थिया संजय कुमार के साथ हरियाणा चली गयी। दोनों संजय के परिवार के साथ रहने लगे। कुछ दिन बाद पीड़िता को जानकारी हुई कि संजय कुमार पहले से ही शादीशुदा है और उसका एक बेटा भी है और संजय कोई नौकरी भी नहीं करता है। पीड़िता के पूछने पर उसके परिवार वालों ने बताया कि उसकी पत्नी चित्रा भारूखेडा थाना चोटाला जिला सिरसा हरियाणा निवासी अपने बच्चे को छोड़कर 3-4 साल पूर्व अपने प्रेमी के साथ भाग गई और इस समय कहां है इसकी किसी को कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने बताया की महिला जब बिलासपुर पहुंची तो उनके पति संजय के पास कोई काम नहीं था। दोनों बिलासपुर आकर विनोबा नगर में रहने लगे और इसी बीच प्रार्थिया अपना ब्यूटीशियन का काम करने लगी।*

### पति की हरकतों पर महिला को हुआ शक

*तभी पीड़िता को अपने पति की हरकतों पर शंका होने पर उनके मोबाइल चेक किया तो उसे जानकारी हुई कि मैरिज ब्यूरो की संचालिका चित्रा कुमारी ही संजय कुमार की पत्नी है। संजय कुमार और चित्रा कुमारी ने मिलकर साजिश कर पीड़िता को धोखे में रखकर विवाह कराया गया है। जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियो को अमेरी से गिरफतार किया गया है। जिन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।*

---

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने जारी की सूची

# जल संचय करने वाले जिलों में देश में खंडवा बना नंबर वन

### खंडवा ने बढ़ाया मध्य प्रदेश का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने मप्र और जिलों की रैंकिंग जारी की है। इसमें राज्यों की श्रेणी में देश में मध्यप्रदेश चौथे नंबर पर आ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है। जबकि केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से चलाए जा रहे जल संचय, जनभागीदारी अभियान में खंडवा जिले ने कीर्तिमान रचकर देशभर में मप्र का मान बढ़ाया है।

खंडवा जिले ने जल संचय करने वाले जिलों में देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जल संरक्षण अभियान में मप्र सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। प्रदेश में बारिश के पानी का संचयन करने तथा पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन देने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।प मप्र में बारिश के पानी को रोकने खेत तालाब, कूप रिचार्ज पिट, अमृत सरोवर सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं।

### बारिश के पानी का संचयन तथा पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन देने के लिए चल रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

देश में मप्र चौथे नंबर पर आने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई



#### बारिश के पानी को बचाने किए गए यह कार्य

जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मनरेगा आयुक्त अविप्रसाद ने बताया कि खंडवा जिले में अभियान के तहत मनरेगा, 15वां वित्त, 5वां वित्त, सीएसआर एवं जनसहयोग से एक लाख 29 हजार 46 से अधिक संरचनाओं का निर्माण एवं पंजीकरण किया गया है। इसमें 12,750 कूप रिचार्ज पिट, 1,500 रिचार्ज सॉफ्ट, 23,570 डगवेल, 5,780 बोल्डर चेकडेम, 1,256 बोल्डर वॉल, 3,960 बोरीबंधान, 3,269 नाला ट्रेंच, 6,528 हैंडपंप रिचार्ज, 39,000 रूफवाटर हार्वेस्टिंग, 58 चेकडैम/स्टॉपडैम/तालाब, 4,800 पोखर तालाब, 1,500 खेत तालाब, 750 सूखे बोर रिचार्ज, 2,462 जीर्णोद्धार कार्य एवं 6,560 अन्य जल संरक्षण के जैसे जल संरचनाओं का पुनरुद्धार आदि शामिल है।

#### इस अभियान में पूरे प्रदेश के सभी जिलों में बेहतर से बेहतर कार्य होगाः सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल संचय, जनभागीदारी अभियान में खंडवा जिले को देश में प्रथम स्थान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने खंडवा के नागरिकों, जन-प्रतिनिधियों और शासकीय अमले को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है। डॉ. यादव ने कहा है कि पूरा विश्वास है कि इस अभियान में पूरे प्रदेश के सभी जिलों में बेहतर से बेहतर कार्य होगा।*

### भौतिक सत्यापन के बाद होगी पुरस्कार की घोषणा

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से जारी रैंकिंग के बाद भारत सरकार की ओर से जिले में हुए कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद ही केंद्र सरकार की ओर से पुरस्कार की घोषणा की जाएगी। जल संचय, जनभागीदारी अभियान के तहत एक अप्रैल 2024 से 31 मई 2025 के बीच जो निर्माण किया गया है, उसके आधार पर खंडवा जिला देश में पहले नंबर पर है।

#### क्या है जल संचय, जन भागीदारी अभियान?

जल प्रबंधन को लेकर समग्र दृष्टिकोण के अंतर्गत सरकार तथा समाज के समन्वित प्रयासों से विविध जल आवश्यकताओं को पूरा करने पर बल दिया। इसका उद्देश्य जहां गिरे, जब गिरे वर्षा का जल संचित करें के मंत्र के साथ वर्षा जल संचयन और जन सहभागिता को बढ़ावा देना है। इस अभियान की सफलता पर जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग ने जल शक्ति अभियान- कैच द रेन के तहत जल संचय, जन भागीदारी पहल की शुरुआत की। जिसका उद्देश्य कम लागत, वैज्ञानिक और सामुदायिक तरीके से भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देना एवं कृत्रिम भू जल पुनर्भरण की आवश्यकता के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है।

---

आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भोपाल में




# राहुल गांधी के भोपाल दौरे को लेकर तैयारियों में जुटी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 3 जून को भोपाल दौरे पर आ रहे हैं। वे इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचेंगे। मध्यप्रदेश कांग्रेस राहुल गांधी के आगमन को लेकर जोर-शोर से तैयारियों में जुटी है। माना जा रहा है कि वह संगठन को मजबूती देने और आगामी रणनीति तय करने के लिए दौरा कर रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कहना है कि राहुल गांधी के मार्गदर्शन में आरंभ हो रहा यह प्रदेश कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान न सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई जान फूंकेगा, बल्कि पार्टी को बूथ स्तर तक सशक्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह महज संगठनात्मक बैठक नहीं है, यह कांग्रेस की विचार यात्रा का प्रारंभ है। राहुल गांधी की उपस्थिति हर कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए मनोबल बढ़ाने वाली होगी। तैयारियों को लेकर रविवार को भी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की बैठक चली।

### संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ करेंगे राहुल गांधी

*कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक और सीडब्ल्यूसी मेम्बर कमलेश्वर पटेल ने संयुक्त रूप से रविवार को मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि राहुल गांधी मंगलवार सुबह 9 बजे भोपाल पहुंचेंगे। उनका संगठन सृजन के लिए मप्र में आना हो रहा है। वे पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक लेंगे। वह विधायक सांसदों से भी चर्चा करेंगे। राहुल गांधी की एआईसीसी के आब्जर्वर के साथ 1 बजे मीटिंग होगी। इसके बाद वे रवींद्र भवन में दोपहर 2.30 बजे प्रदेश पदाधिकारियों, पीसीसी डेलीगेट के साथ चर्चा करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि राहुल गांधी का दौरा नव सृजन अभियान नए लोगों को जोड़ने का अभियान है। जो लोग पार्टी को ज्यादा समय देंगे, उसको महत्व मिलेगा।*

---

# देशभर में धान के किसानों को अब मिलेगी पहले से बेहतर पैदावार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

धान किसानों के लिए बीएएसएफ ने अपने दो नवीनतम वैश्विक फसल सुरक्षा समाधान वेलेक्सियो टीएम कीटनाशक तथा मिबेल्या टीएम फफूंदनाशक लॉन्च किए हैं, जो कि धान के लिए उपयोग में लाए जाएंगे।

इन दो आविष्कारों से भारत के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम को समर्थन मिलेगा। ये समाधान धान के किसानों को अपनी धान की पैदावार को बढ़ाने में मदद करेंगे, क्योंकि ये धान के प्रमुख कीटों धान के भूरा माहु की रोकथाम करेंगे तथा आवरित झुलसा जैसी बीमारियों से रक्षा करेंगे। इस बारे में बीएएसएफ सॉल्यूशन्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल मार्केटिंग एंड सस्टेनेबिलिटी, मार्को ग्रोज्डानोविक का कहना है, कीटों की रोकथाम में मदद के लिए एक नई केमिस्ट्री की बहुत जरूरत है। वेलेक्सियो टीएम पौधों को भी पुष्ट करता है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी फायदे भी मिलते हैं।

---

# चार घंटे तक मॉक ड्रिल कर देखी सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट्स की स्थिति

ऑक्सीजन की प्रवाह दर और शुद्धता को मापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के सरकारी अस्पतालों में स्थापित पीएसए प्लांट की क्रियाशीलता और ऑक्सीजन की शुद्धता को परखने के लिए रविवार को चार घंटे की मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल पीएसए प्लांट तकनीशियन की देखरेख हुई। मॉक ड्रिल के दौरान ऑक्सीजन के फ्लो एवं प्रवाह दर को रोगी के बिस्तर के समीप स्थित ऑक्सीजन आउटलेट पर मापा गया।

जिसमें पीएसए से ऑक्सीजन का दबाव 4.6 बार एवं बेडसाइट पर ऑक्सीजन प्रेशर 4.2 बार होने की स्थिति की जांच की गई। मॉक ड्रिल में अग्नि सुरक्षा रोकथाम के लिए आपातकालीन प्रणालियों की उपलब्धता और क्रियाशीलता का भी परीक्षण किया गया। जेपी अस्पताल में 1000 एलपीएम के दो ऑक्सीजन प्लांट एवं 6 किलोलीटर का एक एलएमओ प्लांट संचालित है।




### ऑक्सीजन शुद्धता की भी जांच की

पीएसए प्लांट की क्रियाशीलता, ऑक्सीजन सप्लाई और ऑक्सीजन शुद्धता की जांच समय-समय पर की जाती है। मॉक ड्रिल से प्राप्त जानकारी का विश्लेषण कर विभाग को अवगत करवाया जा रहा है।

**डॉ. प्रभाकर तिवारी,** सीएमएचओ

### सभी प्लांट क्रियाशील

*सिविल अस्पताल बैरागढ़, बैरसिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नजीराबाद एवं अन्य शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हैं। सिविल अस्पताल केएनके में 500 एलपीएम का पीएसए प्लांट एवं 1 किलोलीटर का एलएमओ प्लांट, सिविल अस्पताल बैरागढ़ एवं कोलार में 150-150 एलपीएम, एम्स में 1000 एलपीएम, गांधी मेडिकल कॉलेज में 5000 एलपीएम, कमला नेहरू गैस राहत, खुशीलाल एवं रेल्वे चिकित्सालय में 500-500 एलपीएम, कस्तूरबा चिकित्सालय में 500 एलपीएम एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नजीराबाद में 250 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन प्लांट संचालित हैं।*

---

# विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विचार संगोष्ठी का आयोजन

**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन भारत विकास परिषद् की पर्यावरण गतिविधि द्वारा राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन के मार्गदर्शन में केंद्रीय कार्यालय, पीतमपुरा में संपन्न हुई । सुरेश जैन जी ने सभी अतिथियों का स्वागत पर्यावरण स्मृति संकल्प प्रतीक तुलसी का पौधा देकर किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रो. बलराम पाणी ने अपने वक्तव्य में पर्यावरण को भारतीय संस्कृति में निहित बताते हुए समझाया कि भगवान शब्द के प्रत्येक अक्षर में पृथ्वी, गगन, वायु, अग्नि और नीर समाहित हैं। उन्होंने कहा कि हमें प्रदूषण को रोकने की अति आवश्यकता है। उन्होंने बरगद, पीपल आदि स्वदेशी वृक्षों और पौधों के महत्व को रेखांकित किया।अंत में उन्होंने कहा कि हम सभी खाली हाथ आए थे, पर जाते समय दो पेड़ लेकर जाएंगे। इसलिए हमें अवश्य ही पौधे लगाने चाहिए, ताकि धरती का ऋण कुछ हद तक चुका सकें। कार्यक्रम में पर्यावरण गतिविधियों के राष्ट्रीय संयोजक डॉ जे. आर. भट्ट ने विषय प्रवर्तन करते सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान पर प्रकाश डालते हुए इससे मुक्ति के लिए जन-जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया साथ ही उन्होंने "वसुधैव कुटुंबकम्" के सिद्धांत को केंद्र में रखते हुए प्रकृति और समस्त जीवों के प्रति करुणा का संदेश दिया। दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ प्लानिंग प्रो. निरंजन कुमार ने अपने व्यक्तव्य में भारतीय व पाश्चात्य दृष्टिकोणों की तुलनात्मक व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति पूज्य रही है । जबकि पश्चिमी सभ्यता में उपभोग की प्रवृत्ति प्रमुख रही है।

---

# पहले दोस्ती, फिर रंजिश के चलते हवाई फायर

### छावनी थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही संदेहियों से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



जिले में बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे है। जिले में चाकूबाजी, हत्या, लूट के बाद अब बदमाशो ने हवाई फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया है। हवाई फायरिंग की जानकारी लगते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पूरा मामला छावनी थाना क्षेत्र की घटना बताई जा रही है। भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के कैंप वन इलाके में दो दोस्तों की दोस्ती दुश्मनी में बदल गई।

एक ने दूसरे पर न सिर्फ बंदूक तान दी बल्कि पिस्टल से हवाई फायरिंग कर फरार हो गया। कैंप वन के आदर्श नगर में घटना के बाद से ही इलाके में दहशत का माहौल है फिलहाल पुलिस आरोपी की खोजबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि यह फायरिंग आपसी रंजिश के कारण हुई आरोपी मछली पालन करता और पीड़ित का मछली व्यापारी बताए जा रहे दोनो के बीच मछली खरीदने को लेकर कुछ समय से वाद विवाद चल रहा था की। आरोपी रविशंकर और सूरज दोस्त है। आरोपी रविशंकर का मुरमुंदा फॉर्म हाउस से मछली व्यवसाय करता है। वह दोस्त सूरज के घर मछली लेकर आया था। लेकिन सूरज ने मछली लेने से इनकार कर दिया। इस बात से नाराज होकर रविशंकर ने अपने साथियों के साथ सूरज के घर हत्या करने की नियत से गए थे लेकिन सूरज घर पर नही मिले और गुस्से में रविशंकर ने देशी पिस्टल से हवाई फायरिंग कर फरार हो गया। हवाई फायरिंग के बाद सूरज के परिजनों ने इसकी जानकारी छावनी थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में कुछ संदेहियो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

---




# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ में भारतीय भाषा शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ, नई दिल्ली में प्राचार्या ममता सिंह व उप प्राचार्य राम निवास मीणा के नेतृत्व में 2 जून से 9 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कक्षा चौथी से आठवीं तक के छात्र भाग ले रहे हैं। इस दौरान बच्चों को बंगाली भाषा सीखने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ विजेंद्र सिंह, सहायक प्रोफेसर, जेएनयू का स्कूल प्राचार्या द्वारा हरित पौधा देकर स्वागत किया गया। डॉ विजेंद्र सिंह ने अपने सादगीपूर्ण व्यक्तित्व एवं विचारों से ग्रीष्म कालीन भारतीय भाषा शिविर के प्रतिभागियों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया और छात्रों के विभिन्न भाषा विकास में केवीएस की भूमिका के बारे में नोडल शिक्षक आमिर खान द्वारा बताया गया। बंगाली शिक्षिका श्रुति जायसवाल द्वारा बंगाली भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कम्प्यूटर अध्यापिका प्रिंसी भी उपस्थित रहीं।

---

# एक साथ 16 नक्सलियों ने किया सरेंडर

### दो महिला-पुरुष नक्सली पर था 8 लाख का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




छत्तीसगढ़ में नक्सलियों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। बस्तर के नक्सल मुक्त जिला होने के बाद अब सुकमा में 16 नक्सलियों ने सरेंडर किया है।

नक्सल प्रभावित केरलापेंदा गांव अब नक्सलमुक्त हो गया है। सोमवार को दो हार्डकोर नक्सली समेत 16 नक्सलियों ने हथियार आत्मसमर्पण किया है। इनमें एक महिला और पुरुष नक्सली पर 8-8 लाख का इनाम घोषित है। वहीं छह नक्सलियों पर 25 लाख रूपये का इनाम घोषित है। छ्त्तीसगढ़ में नक्सल संगठन पूरी तरह से घबरा गया है। सोमवार को सुकमा जिले में पुलिस और सीआरपीएफ के अफसरों के सामने 16 नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर कर दिया। इनमें से एक महिला और एक पुरुष पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है। जबकि बाकी अन्य पर अलग-अलग राशि घोषित है।

सरेंडर करने वाले सभी नक्सली जिले की कई घटनाओं में शामिल रहे। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि राज्य सरकार की एलवद पंचायत योजना के तहत गांव को विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह योजना नई छत्तीसगढ़ नक्सल आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 के तहत शुरू की गई है।

इसमें उन ग्राम पंचायतों के लिए एक करोड़ रुपए के विकास कार्यों की मंजूरी का प्रावधान है, जो अपने क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों के आत्मसमर्पण में मदद करते हैं और उन्हें माओवाद-मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव पारित करते हैं।

## चिंतन

# यूक्रेन के प्रहार से रूस संग शांति उम्मीद क्षीण

दुनिया के प्रमुख देशों के प्रयासों के बावजूद यूक्रेन और रूस के बीच तीन वर्ष से भी अधिक वक्त से जारी युद्ध को खत्म कराने में सफलता नहीं मिली। वैश्विक संगठन के तौर पर संयुक्त राष्ट्र भी कोई सक्रिय भूमिका नहीं निभा सका। आज रूस व यूक्रेन जंग खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। यूक्रेन के अब तक सबसे बड़े हमले रूस में घुस कर करने के बाद रूस की ओर से भीषण जवाबी हमले का खतरा बढ़ गया है। इसमें रूस वारहेड हमला कर सकता है या परमाणु अटैक कर सकता है। ऐसा होता है तो हमले के बाद विनाश यूक्रेन तक ही सीमित नहीं होगा, यह यूरोप को प्रभावित कर सकता है। खास बात यह है कि यूक्रेन ने यह हमला तुर्किये में दोनों देशों के बीच प्रस्तावित शांति वार्ता से ठीक एक दिन पहले किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडोमीर जेलेंस्की ने तर्क दिया हे कि अब रूस वार्ता की टेबल पर आने के लिए मजबूर होगा। लेकिन इसकी उम्मीद इसलिए कम प्रतीत हो रही है, क्योंकि रूस इस युद्ध को लेकर कभी दबाव में नहीं रहा, अमेरिका और यूरोप के प्रमुख ताकतवर देशों के खुले तौर पर यूक्रेन के साथ होने व उन्हें आर्थिक व सैन्य मदद करने के बावजूद रूस पिछले तीन वर्ष से अपने दम पर युद्ध लड़ रहा है और यूक्रेन के कई क्षेत्रों पर कब्जा भी कर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध खत्म कराने के दावे भी फुस्स साबित हुए हैं। अमेरिका ने सऊदी अरब में रूस व अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच वार्ता जरूर कराई, लेकिन जेलेंस्की के साथ ट्रंप के अराजनयिक रवैये के चलते और यूरोप के अमेरिकी कैंप से छिटक कर यूक्रेन संग जाने के चलते युद्ध खात्मे की उम्मीद धराशायी होती गई। अब तो ट्रंप अपने दावे को लेकर कोई बात तक नहीं कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल दो सप्ताह में अपनी दूसरी प्रत्यक्ष शांति वार्ता के लिए सोमवार को तुर्किये में एकत्रित हुए। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही ताइखयी ने कहा कि रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव के नेतृत्व में यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल बैठक के लिए इस्तांबुल में है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेदिंस्की के नेतृत्व में रूसी प्रतिनिधिमंडल रविवार शाम को तुर्किये पहुंच गया था। लेकिन रविवार रात में ही यूक्रेन ने 'ऑपरेशन स्पाइडर वेब' के जरिये रूस के अंदर करीब 4000 किलोमीटर तक घुस कर रूस के कई फाइटर जेट (40 से अधिक) पर महाप्रहार कर नष्ट कर दिया। ऐसे सूरते हाल में युद्ध को समाप्त करने की दिशा में रूस व यूक्रेन के बीच इस वार्ता में किसी भी प्रगति की उम्मीद क्षीण है। यूक्रेन का रूस पर महाप्रहार वर्ष 1941 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका पर जापान द्वारा किया गया पर्ल हार्बर जैसा अचानक व भीषण है। इसके बाद अमेरिका ने जापान पर एटम बम गिराया था। रूस अगर बदला लेता है तो इस बार ऐसे खतरे के निशाने पर यूरोप है। रूस ने वारहेड जैसा कोई कदम उठाया तो तीसरे विश्वयुद्ध के छिड़ने का खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। यूक्रेन व रूस के बीच नए तनाव के बाद इस जंग के जल्द खत्म होने के आसार क्षीण हो गए हैं, तुर्किये में वार्ता भी महज औपचारिक रह गई। रूस के राष्ट्रपति पुतिन को समझदारी दिखानी होगी, किसी भी नए विनाश का रास्ता चुनने से पहले वैश्विक शांति और मानव कल्याण के ध्येय को आगे रखना होगा। यूं तो दो दो विश्वयुद्ध दुनिया झेल चुकी है, लेकिन इससे केवल मानवता ही हारी, किसी की जीत नहीं हुई थी। अभी भी रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से मानवता ही हार रही है। परमाणु विनाश के उदाहरण हिरोशिमा व नागासाकी के रूप में हमारे सामने हैं।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# राफेल सौदे पर संशय के बादल

फ्रांस की डिफेंस कंपनी डसॉल्ट एविएशन भारत को राफेल लड़ाकू विमान का कूट संकेत (सोर्स कोड) देने को तैयार नहीं है। इस कूट संकेत को नहीं देने के कारण भारत और फ्रांस के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। सोर्स कोड किसी भी कंप्यूटर प्रोग्राम की नींव होता है। इसी कोड को फ्रांस ने देने से मना कर दिया है। भारत सरकार द्वारा फ्रांस से 2016 में 36 पूर्व में भी राफेल विमान खरीदे जा चुके हैं। यह खरीद विवादित रहते हुए लोकसभा में भी चर्चित रही थी, जबकि अब इन विमानों की आपूर्ति के बाद भारत की रक्षा शक्ति बढ़ी है। लेकिन अब कूट संकेत नहीं देने के कारण यह सौदा निरस्ती की कगार पर पहुंच गया है।

फ्रांस की डिफेंस कंपनी डसॉल्ट एविएशन भारत को राफेल लड़ाकू विमान का कूट संकेत (सोर्स कोड) देने को तैयार नहीं है। इस कूट संकेत को नहीं देने के कारण भारत और फ्रांस के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। भारत की इच्छा थी कि इस कूट तकनीक के मिलने के बाद भारत अपनी ब्रह्मोस जैसी स्वदेशी मिसाइलें और अन्य रक्षा प्रणालियां राफेल में जोड़कर उसे बहुआयामी रूपों में इस्तेमाल कर लेगा, लेकिन कूट संकेत के बिना यह संभव नहीं है। इस कारण राफेल सौदा निरस्त भी हो सकता है। एक समय था जब फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ प्रधानमंत्री मोदी खूब गलबहियां डाले दिखाई देते थे। अब उसी फ्रांस ने भारत को कूट संकेत देने से मुंह फेर लिया है। यह सोर्स कोड मूल रूप में एक सॉफ्टवेयर होता है। इससे पहले भी भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान इंजन कावेरी के लिए फ्रांसीसी कंपनी ने भारत को मदद से मना कर दिया था।

किसी भी विमान या कंप्यूटर आधारित संचार प्रणाली से जुड़े विमान या उपकरण के लिए कूट संकेत प्रोग्रामर द्वारा तैयार किया जाता है। इसी के दर्ज होने पर कंप्यूटर प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है। यानी कंप्यूटर कूट संकेत या सोर्स कोड किसी भी कंप्यूटर प्रोग्राम की नींव होता है। दरअसल प्रोग्रामर का सोर्स कोड निर्देशों का एक ऐसा समूह होता है, जो प्रोग्राम को संचालित करने का काम करता है। सोर्स कोर्ड लिखने की प्रक्रिया को आमतौर पर कोडिंग या प्रोग्रामिंग कहते हैं। इसी कोड को फ्रांस ने देने से मना कर दिया है। नतीजतन भारत ने फ्रांस से जिन 26 राफेल मरीन विमानों की खरीद का सौदा करने की तैयारी की है, यदि वह इन विमानों को खरीद लेता है तो इस कोड के बिना राफेल में ब्रह्मोस मिसाइल व अन्य स्वदेशी हथियारों की संचालन प्रक्रिया राफेल में लोड नहीं कर पाएगा। तब ये हथियार चलाए ही नहीं जा सकेंगे। राफेल से वही हथियार चलाए जा सकेंगे, जो फ्रांस से खरीदे जाएंगे। फ्रांस संभवतः यह तकनीक इसीलिए नहीं दे रहा है, जिससे भारत की मजबूरी फ्रांस से हथियार खरीदने की बनी रहे। यह सौदा टूटता है तो भारत इसकी जगह रूस के एसयू-57 लड़ाकू विमान खरीद सकता है। रूस विमान के साथ कूट संकेत देने को राजी है। अतएव भारत अपनी मिसाइल और अन्य मारक हथियारों को इस विमान से शत्रु पर दाग सकता है। इस नाते भारत स्वदेशी हथियारों के निर्माण में आगे बढ़ेगा। साथ ही अपने हथियारों को विदेशी बाजार में बेचने को भी स्वतंत्र रहेगा। भारत सरकार की मंषा स्वदेशी रक्षा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देना भी है। इस दृष्टि से भारत ने वायुसेना के लिए पांचवीं पीढ़ी के आधुनिक डीप पेनिट्रेशन एडवांस मीडियम काम्बैट एयरक्रॉप्ट (एएमसीए) को स्वदेश में ही विकसित करने की बड़ी योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना को अंजाम देने का काम सरकारी और निजी कंपनियों को संयुक्त भागीदारी से आगे बढ़ेगा और पांचवीं पीढ़ी के आधुनिक लड़ाकू विमानों के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। वस्तुतः सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (सीसीएस) सरकार से सरकार के बीच



सौदे के तहत 64 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल-एम (मैरी टाइम) विमानों की खरीद को अंतिम रूप दे चुकी है। इन्हें विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सुरक्षा के लिए खरीदा जा रहा था। इनमें 22 एक सीट वाले और 4 दो सीट वाले लड़ाकू विमान खरीदे जाते। हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप के बीच इन विमानों को खासतौर पर भारतीय नौसेना के लिए डिजाइन किया गया था। राफेल विमानों की इस खरीद में फ्रांस सरकार की ओर से नौसेना के लिए हथियार, सिम्युलेटर, कलपुर्जे, सहायक उपकरण, स्पेयर पाट्र्स और पायलटों को प्रशिक्षण भी दिया जाना शामिल था। डसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित इन राफेल एम विमानों की अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के बाद 37 से 65 महीनों के भीतर सप्लाई होनी थी। यानी सभी विमानों की आपूर्ति 2030-31 के भीतर हो जाएगी। यह विमान भारतीय नौसेना के परिचालन जरूरतों पर पूरी तरह से खरा उतरा तब इसकी खरीद को मंजूरी दी गई है। फ्रांस से 36 पूर्व में भी राफेल विमान खरीदे जा चुके हैं, लेकिन अब कूट संकेत नहीं देने के कारण यह सौदा निरस्ती की कगार पर पहुंच गया है।

यह समुद्री लड़ाकू विमान नौसेना की जरूरतों के हिसाब से ही विकसित किया गया है। इसमें वे सभी आधुनिकतम समुद्री प्रणालियां संलग्न थीं, जिनसे समुद्र में दुश्मन और उसके समुद्री जल में भीतर चलने वाले उपकरणों का सुराग लगाया जा सकता है। इसमें युद्धपोतों के अलावा पनडुब्बियों का पता लगाने के लिए भी उच्च तकनीकी क्षमता के रडार लगे हुए थे। ऐसे विमानों की तलाश में भारत लंबे समय से था, क्योंकि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन नाजायज वर्चस्व बढ़ाने में लगा है। चीन अंतरराष्ट्रीय नियमों का लगातार उल्लंघन कर रहा है। फ्रांस की मंशा भी इस सागर को खुले और समावेशी क्षेत्र के रूप में सुरक्षित बनाए रखने की रही है। एक तरह से इन विमानों के सौदे को चीन की मनमानी के विरुद्ध भारत और फ्रांस की साझा रणनीति का हिस्सा भी माना जा रहा था। भारत ने 2016 में भी 36 राफेल विमान खरीदे थे। ऑपरेशन सिंदूर में इन विमानों ने अपनी विलक्षण युद्ध क्षमता दिखाकर भारत की वायु शक्ति का परचम पूरी दुनिया में फहराया। यह खरीद विवादित रहते हुए लोकसभा में भी चर्चित रही थी, जबकि अब इन विमानों की आपूर्ति के बाद भारत की रक्षा शक्ति बढ़ी है। भारत सरकार पिछले पांच साल से आईएनएस विक्रांत के लिए नए लड़ाकू विमान खरीदने की योजना पर विचार कर रही थी। तीन साल पहले अमेरिकी बोइंग एफ-ए 18 सुपर हार्नेट और फ्रांसीसी राफेल-एम में से किसी एक को चुनने की प्रक्रिया पर काम शुरू हो गया था। भारतीय नौसेना ने 2022 में गोवा में दोनों विमानों के परीक्षण किए। इनकी खूबियों और खामियों को लेकर गंभीर अध्ययन कर एक रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट के बाद भारतीय रक्षा विशेषज्ञों ने राफेल-एम को आईएनएस विक्रांत की जरूरतों के अनुकूल पाया, जबकि बोइंग एफ-ए 18 को लेकर विशेषज्ञों के बीच एक राय नहीं बन पाई थी, इसलिए राफेल एम खरीदने का रास्ता खुल गया था, किंतु अब भारत रूसी लड़ाकू विमान एसयू-57 को खरीदने का विचार कर रहा है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन एसयू-57 लड़ाकू विमान की प्रौद्योगिकी और सोर्स कोड भारत को देने को तैयार हैं। रूसी कंपनी कह चुकी हैं कि वह न सिर्फ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को, बल्कि भारत में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने के लिए भी तैयार है। अभी तक पश्चिमी देशों की तुलना में वह रूस ही है, जो भारत का सबसे भरोसेमंद दोस्त रहा है। 1971 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में रूस ने ही अपना जहाजी बेड़ा भारतीय समुद्र में भेजकर भारत का आत्मबल बढ़ाने का काम किया था। फलतः भारत ने न केवल पाकिस्तान का भूगोल बिगाड़कर नया देश बांग्लादेश बनवाया, साथ ही 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार डलवाकर दुनिया का सबसे बड़ा सैनिक समर्पण भी कराया।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## ट्रेन पलटाने का षड्यंत्र
विकेश कुमार बडोला



# रेल मार्ग की सुरक्षा मजबूत हो

ऑपरेशन सिंदूर की गंभीरता और विजयी प्रतिष्ठा को अनावश्यक विवाद का विषय बनाते हुए विपक्ष व देशद्रोहियों द्वारा पाक के साथ अल्पसंघर्ष की समयावधि में अपनी युद्धक हानियों के बारे में पड़ताल करने की मंशा भितरघातियों को देश के वर्चस्व के विरुद्ध षड्यंत्र करने के लिए उकसा रही है। इस का नवीनतम उदाहरण है दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग पर बलवा गांव के समीप ट्रेन पटरी पर दुर्घटना के मकसद से रखा गया 12 फुट लंबा लोहे का पाइप। 31 मई को रात 10.30 बजे का समय था, जब ट्रेन चालक ने दूर से ही पटरी पर रखा हुआ पाइप देख आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। इस घटना में चालक के सेवा-दायित्व भाव, सतर्कता, सूझबूझ और मानवीयता के गुणों ने बड़ी रेल दुर्घटना होने से रोक दी। रेलवे विभाग, पुलिस और संबंधित विभागों को घटना की सूचना मिलते ही सभी अपने-अपने स्तर पर सक्रिय हो गए। प्रारंभिक जांच-पड़ताल में पता चला है कि लोहे का पाइप पास ही के किसी नलकूप से उखाड़ा गया है। अधिकारियों ने इस आशंका को नकारा भी नहीं है कि पाइप को ट्रेन पलटाने के मकसद से रखा गया हो। कुछ अधिकारियों ने यह संदेह भी व्यक्त किया है कि संभवतः चोरी के बाद पाइप को गलती से पटरी पर रख दिया गया हो। पुलिस और रेलवे अधिकारियों को घटना की पूरी जांच करने के बाद ही मीडिया में वक्तव्य देने चाहिए। जांच में यह बिंदु सम्मुख अवश्य रखना चाहिए कि ट्रेन को पलटाने और लोगों को मारने के मकसद से ही ऐसा किया गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह पहली बार नहीं हो रहा। ऐसे षड्यंत्रों के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं हुई भी हैं। उड़ीसा के बालासोर और पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के समीप 2 जून 2023 को रात्रि 7 बजे हुई घटना हाल ही की बड़ी रेल घटना है, जिसमें वेस्ट बंगाल कंचनजंगा एक्सप्रेस और मालगाड़ी में भीषण टक्कर हो जाने के कारण कई लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। हालांकि रेल कार्यक्रम के आरंभिक और अंतिम अनुरक्षण की दिशा में विगत दस वर्षों में अत्यंत नवोन्नत प्रगति दिखाई दे रही है। इस समयावधि में रेलवे ने हर दृष्टि से विश्वस्तरीय उन्नति की है किंतु निर्जन स्थानों, जंगलों और नगर-महानगरों से सुदूर एकांत स्थानों पर रेल पटरियों की अपेक्षित रक्षा-सुरक्षा अभी भी चुनौतियों से घिरी हुई है। विगत दस वर्षों में ऐसा अनेक बार हो चुका है, जब चलती ट्रेनों को षड्यंत्रपूर्वक विपथ करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए गए। इस कारण कई ट्रेनें दुर्घटनाग्रस्त भी हुईं। इनमें कई सौ लोगों की मृत्यु हुई। अनेक घायल हुए। यह बड़ी षड्यंत्रपूर्वक की गईं घटनाएं हैं, जो अनुभव देती हैं कि अमानवीयता की पराकाष्ठा लांघ चुके षड्यंत्रकारियों की ढूंढ-पहचान कर इन्हें त्वरित मृत्युदंड दे दिया जाना चाहिए। दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेस के मार्ग की पटरी पर लोहे का बड़ा पाइप रखा हुआ पाया जाना गलती नहीं है। यह तो शत-प्रतिशत षड्यंत्र है। इस षड्यंत्र के तार घूमफिर कर पाकिस्तान से जाकर मिलते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में आमने-सामने के युद्ध में भारत द्वारा परास्त पाकिस्तान और देश के भीतर छिपे उसके समर्थकों के भीतर प्रतिशोध की अग्नि भड़की हुई है, जो उन्हें कभी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रश्नचिह्न लगाने के लिए उकसा रही है तो कभी भारत के विरुद्ध जासूसी करने के लिए दुष्प्रेरित कर रही है। ट्रेनों को पलटाने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र करना ऐसे देशघातियों के लिए सुगम और आसान काम रहा है। दूर-दराज के क्षेत्रों में रेलवे मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों को रात्रि के अंधेरों में फोड़फाड़ कर षड्यंत्रकारी कभी पटरियों के पेच-पुर्जे खोल देते हैं, कभी ट्रैक की किसी वस्तु को यहां-वहां खिसका देते हैं। हालांकि महाकुंभ की समयावधि में रेलवे पर आए सुरक्षा दायित्वों के आलोक में दूरदराज के क्षेत्रों में रेलवे मार्गों की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में देशभर के स्थानीय ग्रामीणों ने रेलसाथी बनकर मार्गों की सुरक्षा का स्वैच्छिक दायित्व उठाया था, लेकिन चूंकि भारतीय रेल मार्ग बहुत बड़े हैं, इसलिए रेलसाथियों द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वैच्छिक सुरक्षा सेवाएं भी तब निष्फल लगती हैं। शासन को रेलवे की सुरक्षा के लिए यह बिंदु प्रमुखता से सम्मुख रखना होगा कि जब तक भारत के दाएं-बाएं शत्रुता के दुर्भाव से भरे हुए देश हैं और जब तक भारत के भीतर द्रोहियों की उपस्थिति बनी रहती है, तब तक न सीमाओं पर शांति होगी और न ही भीतर लोग सुरक्षित होंगे। इस संदर्भ में रेलवे पुलिस की कार्यशक्तियों में वृद्धि करने का निर्णय लिया जा सकता है। इसके अंतर्गत रेलवे पुलिसिंग को नवोन्नत रक्षा उपकरणों से सुसज्जित किया जा सकता है। रेलमार्गों की सुरक्षा के लिए जरूरी यह है कि संभावित दुर्घटना के संबंध में पूर्व जानकारी प्राप्त करने की कार्यशालाएं चलाई जाएं ताकि रेलवे को अचूक सुरक्षातंत्र द्वारा शक्तिबंध किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
**दर्शन**

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। अहंकार ही आग है, जिसके कारण ही जीव गरम (गर्वीला) होता है।

## मंत्र का असर



संकलित
**प्रेरणा**

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सर्वनाश की ओर पाकिस्तान**

पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकियों के कातिलाना हमले ने देश को एक बार फिर झकझोर कर रखा दिया है। भारत स्थिति के सामान्य होने की भ्रांति में कुछ बेफिक्र होते ही आतंकवादी मौके का लाभ उठाकर चुन-चुन कर सैलानियों का कत्ल कर नौ दो ग्यारह हो गए। बात वही कि सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। यही क्रम बार-बार आवृत्त होता है। लगता है शत्रु हमें धता बता कर चलता बनता है। यहां पूर्व के तीन निर्णायक भारत-पाक युद्धों की सार्थकता युक्तियुक्त प्रतीत होती है। शत्रु जानता है आमने-सामने की लड़ाई में वह नहीं ठहर पाता। अत: वह छद्म युद्ध कर भारत को बहुत अधिक हानि पहुंचा चुका है। - **विक्रांत जोशी**, धमतरी

## करंट अफेयर

# रूस को संदेश देने के लिए रक्षा खर्च बढ़ाएगा ब्रिटेन

रूस को संदेश देने के लिए ब्रिटेन परमाणु ऊर्जा से संचालित नयी हमलावर पनडुब्बियां बनाएगा और यूरोप में युद्ध के लिए तैयार सेना का गठन करेगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने तीन दशक से अधिक समय पहले शीत युद्ध की समाप्ति के बाद ब्रिटेन की रक्षा नीति में सबसे बड़े बदलाव करने का संकल्प लेते हुए कहा कि लंदन "रूस से उत्पन्न खतरे को नजरअंदाज नहीं कर सकता।" स्टॉर्मर ने 'बीबीसी' से कहा, "हमें यह स्वीकार करना होगा कि दुनिया बदल गई है। आज पिछले कई वर्षों से कहीं ज्यादा अस्थिरता और खतरे हैं।" ब्रिटिश सरकार को स्टॉर्मर की ओर से ब्रिटेन के पूर्व रक्षा सचिव एवं नाटो महासचिव जॉर्ज रॉबर्टसन के नेतृत्व में की गई रणनीतिक रक्षा समीक्षा पर सोमवार को प्रतिक्रिया देनी है। यह 2021 के बाद अपनी तरह की पहली समीक्षा है, जो 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और पिछले साल डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच हुई है। ब्रिटिश सरकार ने कहा है कि वह समीक्षा में की गई सभी 62 सिफारिशों को स्वीकार करेगी, जिनका मकसद जमीन, हवा, समुद्र और साइबरस्पेस में बढ़ते खतरों का मुकाबला करने में ब्रिटेन की मदद करना है।



## ऑफ बीट

# अलार्म पर स्नूज दबाने से ज्यादा थकान नहीं होती

हमारे अध्ययन में पाया गया कि झपकी लेने के बाद, प्रतिभागियों ने उठने के तुरंत बाद कई संज्ञानात्मक परीक्षणों पर वास्तव में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया। इस आशय की सबसे संभावित व्याख्या यह है कि जब प्रतिभागी झपकी लेने के बाद उठे उन्हें अधिक धीरे-धीरे जागने का मौका मिला। इससे नींद की जड़ता को कुछ हद तक दूर करने में मदद मिली होगी। यह वह मानसिक कोहरे की स्थिति होती है, जिसका कई लोग सुबह के समय अनुभव करते हैं। जागने के तुरंत बाद प्रतिभागियों में देखे गए कोर्टिसोल के स्तर में छोटे अंतर से अधिक धीरे-धीरे जागने का प्रमाण मिल सकता है - जब प्रतिभागी झपकी ले सकते हैं तो स्तर अधिक होता है। पिछले शोध ने सुझाव दिया है कि एक मजबूत कोर्टिसोल जागृति प्रतिक्रिया - जागने के बाद होने वाली कोर्टिसोल में तेज वृद्धि - नींद की जड़ता में कमी से संबंधित है। इसके अलावा, चूंकि झपकी लेने वाले प्रतिभागी दोबारा गहरी नींद में नहीं सोए, इससे उनके नींद से जागने की संभावना पर और असर पड़ा होगा। कई अध्ययनों से पता चलता है कि गहरी नींद की तुलना में हल्की नींद से जागना आसान होता है। हालाँकि ये निष्कर्ष उन लोगों के लिए राहत के रूप में आ सकते हैं जो उठने से पहले बार-बार झपकी लेते हैं, लेकिन हमारे शोध का मतलब यह नहीं है कि जागने का यह तरीका हर किसी के लिए इष्टतम है।



## ट्रेंड

### एथलीटों को शुभकामनाएं



भारत को हाल ही में दक्षिण कोरिया में आयोजित 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने दल के शानदार प्रदर्शन पर गर्व है। हर एथलीट क दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। एथलीटों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जरूरतमंद को तुरंत मदद मिले



पूर्वोत्तर राज्यों, विशेषकर असम और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से हुई जनहानि की खबर अत्यंत दुखद है। मैं केंद्र और राज्य सरकारों से अपील करता हूं कि हर जरूरतमंद तक तुरंत सहायता पहुंचाई जाए।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### त्याग की भावना जरूरी



आपको आनंदित होने के लिए दुनिया को ठीक करने की ज़रूरत नहीं है, आनंदित होने के लिए, आपको त्याग की भावना की ज़रूरत है, खुद को त्यागना-यहां सिर्फ़ जीवन के एक हिस्से के रूप में रहना, बिना किसी 'मैं कौन हूं' की भावना के।
-सद्गुरु, आध्यात्मिक गुरु

### देविका को बदले में क्या मिला



9 साल की उम्र में, उसने 26/11 के हमलों में गोलियों का सामना किया। उसने आंखों में आंखें डालकर अजमल कसाब को फांसी पर चढ़ाने की गवाही दी। देविका रोटावन को बदले में क्या मिला? कोई नौकरी नहीं। कोई सहारा नहीं। सालों तक कोई घर नहीं।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# लीची की पैदावार 48 घंटे में खराब ना हो, इसके लिए ठोस शोध और प्रयास होंगेः चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत सोमवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अभियान के पांचवें दिन बिहार, पूर्वी चम्पारण के पीपराकोठी में किसानों से संवाद किया। ओडिशा, जम्मू, हरियाणा, उत्तर-प्रदेश के किसानों के बाद चौहान बिहार के किसानों से मिले। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री का मतलब होता है किसानों का पहला सेवक। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा। चौहान ने लीची की पैदावार करने वाले किसानों से संवाद भी किया। उन्होंने संबोधन के दौरान कहा कि लीची के किसानों ने मुझसे समस्या साझा की है। लीची के जल्दी खराब होने की प्रवृत्ति के कारण पैदावार को 48 घंटों के भीतर बेचना होता है, जिस कारण कभी-कभी कम दाम मिलते है। इस समस्या को दूर करने के लिए हम कदम उठाएंगे। इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों से शोध करने और ऐसी तकनीकों को अपनाने का निर्देश दिया जिससे लीची जल्दी खराब न हो, और किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिल सके। इस दिशा में कोल्ड स्टोरेज की संख्या में वृद्धि की भी बात कही।

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत बिहार के किसानों से मिले शिवराज

**पूर्वी चम्पारण के पीपराकोठी के कृषि विज्ञान केंद्र में हुआ आयोजन**

कृषि मंत्री का मतलब होता है किसानों का पहला सेवक। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा



### नकली कीटनाशक बनाने वालों के प्रति सख्त कार्रवाई करेंगे

शिवराज सिंह ने कहा कि नकली कीटनाशक बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं जा रहे हैं। नकली कीटनाशक बनाने वालों के प्रति सख्त कार्रवाई की जाएगी, किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि खेती में चमत्कार और गंगा व जमुना की भांति 'लैब को लैंड' से जोड़ने के लिए ही 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' बनाया गया है। इस अभियान के तहत 16 हजार वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं से निकलकर गांव-गांव जाकर किसानों से बात कर रहे हैं।

### इथेनॉल के कारण मक्के का दाम बढ़ा

चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की कारगर नीतियों के फलस्वरुप बिहार में मक्के की खेती में तेजी से इजाफा हो रहा है। मक्के का प्रयोग अब इथेनॉल में भी होने लगा है। पहले 1200 से 1500 रुपये के बीच प्रति क्विंटल मक्का बिकता था। इथेनॉल के कारण मक्के के दाम में वृद्धि हुई है। पहले जहां मक्का प्रति हेक्टेयर 23 से 24 क्विंटल था वही बढ़कर अब 50 से 60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। 145 करोड़ जनता को भरपूर भोजन मिले यही प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य है। अन्न के साथ-साथ फल-फूल सब्जियां इत्यादि के भी उत्पादन वृद्धि पर भी जोर है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने कोरोना महामारी पर की बड़ी टिप्पणी

# 'कोविड महामारी' अभी खत्म नहीं हुई, केंद्र सरकार तैयारियों की विस्तृत रिपोर्ट पेश करे

## रोकथाम में किसी तरह की कमी होना एक गंभीर मुद्दा माना जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि 'अगली कोविड महामारी' अभी खत्म नहीं हुई है। उच्च न्यायालय ने नमूने एकत्र करने, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए केंद्र सरकार की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने कहा कि यह आशा है कि इस संबंध में कदम उठाए जाएंगे और प्रोटोकॉल लागू होंगे, लेकिन फिर भी संबंधित अधिकारियों को इसे रिकॉर्ड पर लाना चाहिए। न्यायाधीश ने कहा कि यह देखते हुए कि अगली कोविड महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। अभी सक्रिय है।

30 मई, 2023 की बैठक के बाद उठाए गए कदमों को लेकर कोई कमी है, तो यह एक गंभीर मुद्दा है। अदालत के 28 मई के आदेश में कहा गया कि आज समुदाय में कोविड-19 के सक्रिय होने की व्यापक रिपोर्ट के मद्देनजर निश्चित रूप से यह अत्यावश्यक है। प्रतिवादी से यह अपेक्षा की जाएगी कि वह उपायों को निश्चित रूप प्रदान करें ताकि ये एसओपी लागू हो सकें और बैठक में जो भी निर्णय लिया गया था, वह अपने उचित निष्कर्ष पर पहुंच सके।

**अधिकारियों को जानकारी रिकॉर्ड करना चाहिए**

*इस विषय में जरूरी कदम उठाएं, प्रोटोकॉल भी जारी करें*

### प्रक्रिया के मानकों के लिए की गई थी बैठक



अदालत को बताया गया कि आदेश को स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी और याचिकाकर्ता को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के विशेषज्ञों की 4 उप-समितियां गठित करने का निर्णय लिया गया। केंद्र द्वारा संचालित अस्पतालों के समिति सदस्यों को नमूना संग्रह, नमूना संग्रह केंद्रों और नमूना परिवहन नीति के लिए प्रक्रिया के मानकों को परिभाषित करना था।


### डॉ. रोहित ने दायर की थी अवमानना याचिका

अदालत डॉ. रोहित जैन द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा 27 जनवरी, 2023 को पारित आदेश का अधिकारियों द्वारा पालन नहीं किया गया। पीठ ने इस मुद्दे पर जैन की याचिका का निपटारा करते हुए केंद्र सरकार को इसे एक ज्ञापन के रूप में मानने और 12 सप्ताह के भीतर तर्कसंगत आदेश के माध्यम से इस पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करने के संबंध में केंद्र द्वारा कोई दिशानिर्देश तैयार नहीं किए गए। अदालत ने कहा कि केंद्र की स्थायी वकील मोनिका अरोड़ा को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संबंधित अधिकारियों को अदालत के निर्देशों से अवगत कराया जाए और छह सप्ताह के भीतर स्थिति रिपोर्ट पेश की जाए।

### पश्चिम बंगाल में 44 नए मामले मिले

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 44 नए मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में कोविड के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 331 है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान 9 मरीज संक्रमण मुक्त हुए। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले 7 दिन में पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस की जांच में 319 लोगों के संक्रमित पाए जाने के बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है।

**देश में कोरोना ने फिर डराया**



### सक्रिय मामले बढ़कर पहुंचे 4000 के करीब, इस साल 32 की मौत

देश में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। 2 जून को सुबह 8 बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामले 3,961 हो गए हैं। इस साल संक्रमण से होने वाली मौतों का आंकड़ा 32 हो गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार बीते दिन के मुकाबले सक्रिय मरीजों की संख्या में 203 की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि इस दौरान 4लोगों ने दम तोड़ा। एक दिन में सबसे ज्यादा 47 मामले दिल्ली में सामने आए हैं।

### दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक मौतें

अब तक दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक संक्रमितों की मौत दर्ज की गई है। दिल्ली में 22 वर्षीय महिला की मौत हुई है। उसे पहले से ही फेफड़ों से संबंधित बीमारी थी। तमिलनाडु में 25 वर्षीय पुरुष को अस्थमा जैसी शिकायतें थी। ऐसे ही महाराष्ट्र में 44 वर्षीय पुरुष की जान गई है। उसे कोरोना के साथ अन्य बीमारी थी। केरल से विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

### केंद्र किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार

केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने आश्वासन दिया था कि केंद्र किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। जाधव ने कहा कि विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह सतर्क है और सभी राज्यों में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।



## आरबीआई ने जानकारी दी | 2 साल गुजर गए, 6181 करोड़ मूल्य के 2000 के नोट अभी भी 'गायब'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से 19 मई, 2023 को 2000 के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने के 2साल बीत जाने के बावजूद 6,181 करोड़ मूल्य के 2000 के नोट अभी भी लोगों के पास हैं। आरबीआई की तरफ से सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के



अनुसार रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रा वापस लेने के दो साल बाद भी 6,181 करोड़ मूल्य के 2000 के नोट प्रचलन में हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि 2000 के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। 2000 के बैंक नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, यह सुविधा अभी भी रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों या क्षेत्रीय कार्यालय में उपलब्ध है। आरबीआई के कार्यालय में भेज सकते हैं।

## टाउन हॉल केस में राजघराने के दावे पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा | फिर तो पूरा जयपुर आपका होगा, यथास्थिति बनाए रखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जयपुर राजघराने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। जयपुर के ऐतिहासिक टाउन हॉल (पुरानी विधानसभा) को लेकर चल रहे विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने राजमाता पद्मिनी देवी समेत जयपुर राजपरिवार के सदस्यों की याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। राजस्थान हाईकोर्ट ने इसे सरकारी संपत्ति मानते हुए राजघराने के दावों को खारिज कर दिया था। राजघराने के सदस्यों ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। टाउन हॉल के अलावा चार मुख्य इमारतों को भी सरकारी संपत्ति घोषित किया गया है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने राज्य सरकार से कहा कि जब तक मामला अदालत में लंबित है तब तक कार्रवाई को आगे नहीं बढ़ाया जाए।

### *भारत संघ को बिना पक्ष बनाए विलय संभव नहीं*

*कोर्ट ने कहा कि तो आप भारत संघ को बिना पक्ष बनाए कैसे किसी संपत्ति का विलय कर सकते हैं? ऐसे में तो पूरा जयपुर आपका हो जाएगा। अगर ऐसा होता है तो राजस्थान का हर शासक सभी सरकारी संपत्तियों पर अपना दावा करेगा। ये रियासतें कहेंगी कि सारी संपत्तियां उनकी ही हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर आप कहते हैं कि भारत संघ इस कॉन्ट्रेक्ट का पक्षकार नहीं था तो संविधान का अनुच्छेद 363 भी लागू नहीं होगा। साल्वे ने कहा कि हम यथास्थिति चाहते हैं।*

## सोलन में हिमाचल भाजपा कोर ग्रुप की बैठक आयोजित | हिमाचल में पंचायत चुनाव के लिए टोलियों का गठन करे प्रदेश संगठनः नड्डा

### बोले, कांग्रेस सरकार की नाकामियों को जन जन तक पहुंचाने में जुटें कार्यकर्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




सोलन में हिमाचल भाजपा कोर ग्रुप की बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पार्टी संगठन से जड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार की विफलताओं का आंकलन भी किया गया।

नड्डा ने बैठक में मौजूद प्रदेश भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं से कहा कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को सड़क पर उतरकर विरोध करें। इस दौरान जपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा टोलियों का गठन करे। इसमें कार्यकर्ता घर-घर जाकर वोटरों का मन पढ़ें।

मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा नेताओं के फील्ड दौरों का स्पेशल रिपोर्ट कार्ड बनेगा। उन्हें फील्ड में केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना होगा। मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक पर विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम किए जाएंगे। इसमें प्रत्येक मंडल पर विकसित भारत संकल्प सभा होगी। नड्डा ने चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रदेश सरकार की नाकामियों को लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने शहरी निकायों के चुनाव को लेकर भी तैयार रहने के लिए कहा।

बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, संगठन महामंत्री सिद्धार्थ, सांसद हर्ष महाजन, सदस्य विपिन परमार, राकेश जमवाल, त्रिलोक जमवाल, त्रिलोक कपूर, बिहारी लाल शर्मा, डॉ. सिकंदर कुमार, राजीव सैजल, सुरेश कश्यप, सतपाल सत्ती, रणधीर शर्मा उपस्थित रहे।

**नड्डा ने सोलन में तिरंगा यात्रा में लिया हिस्साः** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। सोलन जिला भाजपा द्वारा आयोजित यह यात्रा सोलन के माल रोड से प्रारंभ हुई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं, माताओं और सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। नड्डा का कार्यकर्ताओं ने ओपन जीप में भव्य स्वागत किया।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने सभी कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन के माध्यम से सेना के अदम्य साहस और बलिदान को सम्मानित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि तिरंगा यात्रा सोलन में जोश और जुनून का अद्वितीय संगम थी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से यह स्पष्ट है कि जनता देशभक्ति के जज्बे के साथ भाजपा के नेतृत्व पर विश्वास करती है।


# DELHI TRANSCO LIMITED

**NOTICE INVITING e-TENDERS**

Delhi Transco Ltd (A Government of NCT of Delhi Undertaking) invites online tenders, for the following work:

**Tender No.T24P131551: Special repair to control room building and Boundary wall at 220 kv S/Station Subji Mandi.**

For complete details of the tender please visit following websites:- https://govtprocurement.delhi.gov.in (Tender ID No. 2025_DTL_273002_1) and www.dtl.gov.in with Unique No. DTL-9619-290525

Last date for bid submission: **01.07.2025 at 13:00 hrs.**

**All Corrigendum/Addendum/ Amendments/Date of Extension/Clarifications, if any, to the above e-tenders would appear only on the above mentioned websites.**



# अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **जतिन, पुत्रः** राजपाल, **पताः** 213 डबल स्टोरी हरिजन कॉलोनी तिलक नगर **दिल्ली FIR No. 350/2021 Dt. 14.06.21 U/s 25/54/59 A.Act, पुलिस थानाः विकासपुरी दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जतिन,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जतिन,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **जतिन, FIR No. 350/2021 Dt. 14.06.21 U/s 25/54/59 A.Act, पुलिस थानाः विकासपुरी दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ऋषभ कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
दक्षिण पश्चिम जिला, कोर्ट संख्या 09
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6825/WD/2025
(Court Matter)



# जेल विभाग, हरियाणा

**बेज नं. 03-06, सेक्टर-14, पंचकूला**

टेली. : 0172-2586721, ई-मेल : office_dg.prisons@hry.nic.in

## वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु सूचना

जेल विभाग, हरियाणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई), भारत सरकार के नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिये राष्ट्रीय कार्यवाही योजना की स्कीम के तहत हरियाणा राज्य की 15 जेलों में 15 बिस्तर वाले नशामुक्ति केन्द्रों को प्रारम्भ करने की प्रक्रिया में है। पदों का विवरण, उनकी योग्यता और पारिश्रमिक निम्न प्रकार से हैं :-

| क्र. सं. | पदों का नाम | शैक्षणिक योग्यता और अनुभव | मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 01. | काउंसलर/सामाजिक कार्यकर्ता/मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | किसी संकाय में स्नातक सहित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। उसके पास एनआईएसडी द्वारा डी-एडिक्शन काउंसलिंग में तीन माह के प्रशिक्षण कोर्स का एक प्रमाण-पत्र अवश्य होना चाहिए और अंग्रेजी के साथ-साथ एक क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए। | 25,000/- |
| 02. | सहकर्मी शिक्षक | साक्षर ; 1-2 वर्ष के परहेज सहित पूर्व-ड्रग यूजर, नशा करने वाली जनसंख्या के बीच कार्य करने के इच्छुक के साथ-साथ विशेषताएं जैसे संवेदना, संचार कौशल रखने वाला होना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक ; नशीली दवाओं का उपयोग करने, खरीदने, अथवा बेचने से परहेज रखने के लिये सहमत ; हानिकारक नशीली दवाओं का उपयोग और पुनरावर्तन के निषेध हेतु कार्य करने के लिये तैयार। | 10,000/- |

**वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि और स्थान :-** जेलों में विभिन्न रिक्त अनुबंधात्मक पदों को भरने के लिये वॉक-इन-इंटरव्यू 09.06.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे सम्बन्धित जेलों में निर्धारित किया गया है :-

| क्र. सं. | जेल का नाम | पद जिनके लिये वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। | पदों की सं. | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सेंट्रल जेल, अम्बाला | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | एक वर्ष अथवा मुख्य कार्यालय के निर्देशानुसार जो भी पहले है |
| 2. | जिला जेल, गुरुग्राम | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 3. | जिला जेल, कैथल | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |

**नियम एवं शर्तें ;**

1. आवेदकों को 09.06.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपरोक्त जेलों में उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। मूल दस्तावेजों को साक्षात्कार के दौरान चैक किया जाएगा और उसके पश्चात प्राप्त किसी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. साक्षात्कार में उपस्थित होने अथवा चयन और नियुक्ति के प्रस्ताव की स्वीकृति के पश्चात नियुक्ति के स्थान पर ज्वाइन करने के लिये उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. आवश्यक योग्यताएं / अनुभव को पूरा करने मात्र से ही चयन की गारंटी नहीं दी जाती है। उम्मीदवारों की नियुक्ति के सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा और इस सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. उपरोक्त पद पूर्णतया अनुबंध आधार पर और उपरोक्त अवधि के लिये है।
5. चयनित उम्मीदवारों को कोई एचआरए / चिकित्सा दावा / परिवहन भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें :-** पात्र और इच्छुक आवेदकों को अपने विधिवत भरे हुये आवेदन प्रपत्र (प्रारूप संलग्न) और बायो-डेटा / रिज्यूमे / सीवी (नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ विधिवत चिपकाए हुये सहित) सहित मूल प्रमाण-पत्रों और साथ-साथ आयु, योग्यताओं, अंकतालिका, डिग्री, एमसीआई/स्टेट रजिस्ट्रेशन, श्रेणी और अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि के समर्थन में सम्बद्ध दस्तावेजों की स्व-सत्यापित छायाप्रति का एक सैट और दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये उपरोक्त जेलों में 09.06.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपस्थित होना चाहिए।

हस्ता/- उप अधीक्षक (प्रशा.),
कृते महानिदेशक, जेल, हरियाणा

**अनुलग्नक-III**
**आवेदन प्रपत्र**
**(अनुबंध आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन)**

पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

1. पद जिसके लिये आवेदन कर रहे हैं ____________
2. आवेदक का नाम ____________ लिंग ________
3. पिता का नाम ____________ माता का नाम ________
4. पति/पत्नी का नाम ____________
5. जन्मतिथि ____________ आयु ________
6. वैवाहिक स्थिति ____________
7. डाक पता ____________ पिन ________
8. स्थायी पता ____________ पिन ________
9. ई-मेल पता ____________
10. टेलीफोन नम्बर ____________ मोबाइल नम्बर ________
11. **शैक्षणिक / तकनीकी / व्यावसायिक योग्यता (हाई स्कूल और अधिक) :**
**प्रमाण-पत्र संलग्न करें**

| योग्यता | बोर्ड/ विश्वविद्यालय / संस्थान | उत्तीर्ण वर्ष | प्रतिशत अंक | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**(संलग्न किये जाने प्रमाण : अंक तालिकाएं, डिग्री सर्टिफिकेट, पंजीकरण इत्यादि)**

12. **कम्प्यूटर स्किल्स**
एमएस ऑफिस / ई-मेल का वर्किंग नॉलेज हां/नहीं
अंग्रेजी / हिन्दी टाइपिंग का ज्ञान रखते हैं हां/नहीं
13. अनुभव (वर्तमान से पूर्ववर्ती तक) :-
(पूर्ववर्ती अनुभव जैसे नियुक्ति पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, वेतन प्रमाण-पत्र इत्यादि का प्रमाण संलग्न करें)

| पदनाम | संस्थान / संगठन का नाम | कार्य की प्रकृति | कार्य अवधि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

कोई अन्य जानकारी ____________

**घोषणा**

मैं घोषणा करता हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। कोई जानकारी, यदि असत्य पाई जाती है, मेरी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।

दिनांक : ......................
स्थान : ...................... आवेदक के हस्ताक्षर

पीआरडीएच-1277/11/89/2026/35257/88/7 दि. 02.06.25

# चीन के एक फैसले से भारत के इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्रीज में मची उथल-पुथल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्री सप्लाई चेन में नई उथल-पुथल का सामना कर रहा है। टीवीएस मोटर से लेकर बजाज ऑटो, मारुति सुजुकी समेत ऑटो कंपनी के शेयर फोकस में हैं। टीवीएस मोटर के शेयर में 1 फीसदी तक की गिरावट देखी गई और यह शेयर कारोबार के दौरान 2,760 पर आ गया था।

- मारुति, बजाज, टीवीएस के शेयरों में आई गिरावट

वहीं, बजाज ऑटो के शेयर में 2 फीसदी तक की गिरावट देखी गई और यह शेयर कारोबार के दौरान 8,486 रुपए पर आ गया था। मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स के शेयर में 1 फीसदी से अधिक की गिरावट देखी गई। शेयरों में इस गिरावट के पीछे चीन का एक फैसला है।

## चीन ने रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्यात पर रोक लगा दिया है

### यहां फंस रहा पेंच

बता दें कि रेयर अर्थ मैग्नेट इलेक्ट्रिक वाहन मोटरों में एक महत्वपूर्ण कंपोटेंट होते हैं। इनका इस्तेमाल गाड़ियों के कई जरूरी हिस्सों में लगते हैं, जैसे-इलेक्ट्रिक मोटर,पॉवर विंडो,स्पीकर और कई ऑटो पार्ट्स में। भारत ज्यादातर ये मैग्नेट चीन से खरीदकर लाता है। हालांकि, चीन द्वारा रेयर अर्थ मैग्नेट के एक्सपोर्ट पर लगाई गई पाबंदियों के बाद अब कंपनियों को शिपमेंट के लिए चीन सरकार से इजाजत लेनी होगी। भारतीय कंपनियों को चीन से मैग्नेट मंगाने के लिए 'एंड-यूज सर्टिफिकेट' देना होगा। इसमें यह बताना पड़ेगा कि यह चुम्बक सैन्य उद्देश्यों के लिए नहीं हैं। इसके बाद इन डॉक्युमेंट को नई दिल्ली में चीनी दूतावास द्वारा वेरिफिकेशन कराना पड़ेगा और कंपनियों के चीनी आपूर्तिकर्ताओं को भेजना पड़ेगा। इसके बाद चीन लाइसेंस जारी करता है।




*क्या है मामला : चीन द्वारा ग्लोबल रेयर अर्थ मैग्नेट सप्लाई के लगभग 90 प्रतिशत को कंट्रोल करने के साथ, तत्काल विकल्प खोजना एक चुनौती बनी हुई है। विकल्पों के लिए परीक्षण, सत्यापन और एकीकरण में समय लेने वाले निवेश की आवश्यकता होगी, जो उन्हें केवल मध्यम अवधि में व्यवहार्य बनाता है। पिछले हफ्ते, बजाज ऑटो ने अपने मार्च तिमाही के दौरान स्थिति को 'काले बादल' के रूप में बताया था और कहा था अगर मामला अनसुलझा रहता है तो अगले महीने की शुरुआत से गंभीर उत्पादन जोखिमों को पैदा कर सकता है, जबकि अब यह प्रमाणित करने के लिए एक औपचारिक प्रक्रिया लागू है कि सामग्री को सैन्य उपयोग के लिए नहीं भेजा जाएगा, चीन से शिपमेंट का भाग्य अभी भी अधर में लटका हुआ है।*

### वीएस मोटर ने जताई चिंता

चीन द्वारा रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्यात पर रोक लगा दिया गया है। इस पर भारतीय ऑटो कंपनी का प्रोडक्शन करना मुश्किल हो गया है। ऐसे में देश की दिग्गज ऑटो कंपनी ने चिंता जताई है। टीवीएस मोटर के एमडी सुदर्शन वेणु ने 2 जून को बातचीत के दौरान कहा, 'प्रतिबंध का असर जून या जुलाई तक प्रोडक्शन पर दिखना शुरू हो जाएगा।' उन्होंने चेतावनी दी कि इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट खास तौर पर प्रभावित हो सकता है। चीन से बड़े पैमाने पर मंगाए जाने वाले रेयर अर्थ मैग्नेट ईवी मोटर के प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण हैं और आपूर्ति में कोई भी व्यवधान उत्पादन कार्यक्रम को पटरी से उतार सकता है।

## खबर संक्षेप

### सोना 330 रुपए बढ़ा, चांदी भी 100 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बाद सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 330 रुपये बढ़कर 98,930 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पहले शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### एफपीआई ने शेयर बाजार में 19,860 करोड़ रुपए डाले




**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार पर भरोसा कायम है। अनुकूल आर्थिक संकेतकों तथा मजबूत घरेलू बुनियाद के चलते एफपीआई ने मई में भारतीय शेयरों में 19,860 करोड़ रुपये का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में एफपीआई ने शेयरों में 4,223 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था।

### रुपया 16 पैसे बढ़कर 85.39 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे की मजबूती के साथ 85.39 (अस्थायी) पर बंद हुआ। डॉलर के कमजोर होने तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में आगे और कटौती किये जाने की उम्मीद से रुपये में यह तेजी रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, अस्थिर शेयर बाजारों, विदेशी कोषों की निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये में तेज बढ़त पर रोक लग गयी।

### सूची में शीर्ष आठ स्थानों पर अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां

# सर्वाधिक मूल्यवान वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची में रिलायंस एकमात्र भारतीय कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के लिहाज से शीर्ष 30 वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है। 'ट्रेंड्स -आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है।

इसमें वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने और परिवर्तनकारी प्रभाव पर विस्तार से अध्ययन किया गया है। रिपोर्ट में बाजार पूंजीकरण के आधार पर वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची दी गई है।

सूची में शीर्ष आठ स्थानों पर अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां... माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, एप्पल, अमेजन, अल्फाबेट, मेटा प्लेटफॉर्म, टेस्ला और ब्रॉडकॉम काबिज हैं। ताइवान की टीएसएमसी नौवें जबकि चीन की टेनसेंट 10वें स्थान पर है। सूची के अनुसार, 216 अरब डॉलर के बाजार मूल्यांकन के साथ रिलायंस 23वें स्थान पर है।

- शीर्ष पर माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, एप्पल, अमेजन, अल्फाबेट शामिल
- ताइवान की टीएसएमसी नौवें, चीन की टेनसेंट 10वें स्थान पर
- रिलायंस 216 अरब डॉलर बाजार मूल्यांकन के साथ 23वें स्थान पर




### सूची में चीन की तीन व जर्मनी की दो कंपनियां शामिल

रिपोर्ट के अनुसार, "2025 में, सूची में शामिल नये देशों में चीन की तीन, जर्मनी की दो, ताइवान के साथ, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया और भारत की एक-एक कंपनियां इसमें हैं। सूची में ताइवान की केवल एक कंपनी...टीएसएमसी शामिल है। यह कंपनी विश्व के सर्वाधिक उन्नत सेमीकंडक्टर का 80 से 90 प्रतिशत तथा वैश्विक सेमीकंडक्टर का 62 प्रतिशत उत्पादन करती है।

### पिछले 30 साल में पांच कंपनियां सबसे मूल्यवान बनी

रिपोर्ट कहती है, "पिछले 30 साल (1995-2025) में, केवल पांच कंपनियां...माइक्रोसॉफ्ट, ऑरैकल, सिस्को, आईबीएम और एटीएंडटी... शीर्ष 30 सबसे अधिक मूल्यवान सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों में शामिल रही हैं।

### वर्ष 1995 में अमेरिका की हिस्सेदारी 53 फीसदी थी

रिपोर्ट में कहा गया, "इसमें रिलायंस को एनवीडिया, एप्पल, अमेजन, अल्फाबेट, मेटा, टेस्ला, अलीबाबा, सेल्सफोर्स और चाइना मोबाइल जैसी नई कंपनियों के साथ रखा गया है। इसके अनुसार, "दुनिया में 1995 में सबसे मूल्यवान तकनीकी कंपनियों में अमेरिका की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत (30 में से 16) और 2025 में 70 प्रतिशत (30 में से 21) थी।

### भारत में सबसे ज्यादा चैटजीपीटी ऐप उपयोगकर्ता

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा चैटजीपीटी मोबाइल ऐप उपयोगकर्ता हैं। ओपन एआई द्वारा विकसित कृत्रिम मेधा (एआई)-संचालित चैटबॉट के मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं में से 13.5 प्रतिशत भारत में हैं। इस मामले में अमेरिका (8.9 प्रतिशत), इंडोनेशिया (5.7 प्रतिशत) और ब्राजील (5.4 प्रतिशत) से भारत आगे है।

### एआई में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे

पाकिस्तान में तीन प्रतिशत इसके उपयोगकर्ता हैं। चीनी एआई ऐप डीपसीक के सक्रिय वैश्विक उपयोगकर्ताओं में भी भारत का हिस्सा 6.9 प्रतिशत है। इस मामले में चीन (33.9 प्रतिशत) और रूस (9.2 प्रतिशत) भारत से आगे हैं। रिपोर्ट में कहा गया, "कृत्रिम मेधा आधुनिक परिदृश्य को बहुत तेजी से बदल रही है। शोध के रूप में जो शुरू हुआ, वह उद्योगों में उभरते हुए मुख्य बुनियादी ढांचे में बदल गया है।

# टेस्ला को भारत में ईवी कार बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं



- केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री कुमारस्वामी ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि कार विनिर्माता टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कार के विनिर्माण में रुचि नहीं रखती है, लेकिन वह देश में शोरूम स्थापित करने को इच्छुक है।

- टेस्ला भारत में केवल अपना शोरूम बनाना चाह रही

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि यदि टेस्ला भारत के शुल्क से बचने के लिए वहां कारखाना स्थापित करती है, तो यह अमेरिका के लिए "अनुचित" होगा। कुमारस्वामी ने यहां पत्रकारों से कहा, " टेस्ला... वे केवल शोरूम खोलने में रुचि रखते हैं। भारत में विनिर्माण शुरू करने में उनकी कोई रुचि नहीं है।"

मंत्री ने भारत में इलेक्ट्रिक कार के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के वास्ते दिशा-निर्देश पेश करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। वहीं एक अधिकारी ने कहा, अभी तक उन्होंने (टेस्ला) रुचि नहीं दिखाई है।

टेस्ला के प्रतिनिधि ने भारत में इलेक्ट्रिक कार के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के लिए पक्षकारों की चर्चा के केवल पहले दौर में हिस्सा लिया था।

### अप्रैल में मस्क ने भारत यात्रा टाली थी

कंपनी का प्रतिनिधि पक्षकारों के विचार-विमर्श के दूसरे और तीसरे दौर का हिस्सा नहीं था। टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरबपति एलन मस्क ने पिछले साल अप्रैल में कहा था कि कंपनी से जुड़े विभिन्न कामों के कारण उनकी भारत यात्रा में विलंब हो रहा है।

## समय से पहले मानसून से बिजली खपत 4 फीसदी घटी

**नई दिल्ली।** मई में भारत की बिजली खपत एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में चार प्रतिशत घटकर 148.71 अरब यूनिट रह गई। इसका मुख्य कारण बेमौसम बारिश और मानसून का समय से पहले आना है। पिछले साल मई में बिजली की खपत 155.15 अरब यूनिट दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के समय से पहले आने और मौसमी बारिश ने मई में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग को भी प्रभावित किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मानसून अपने सामान्य समय से आठ दिन पहले यानी 24 मई, 2025 को केरल तट पर पहुंच गया। विशेषज्ञों ने कहा कि बेमौसम बारिश ने मई के दौरान विशेष रूप से कूलर और एयर कंडीशनर (एसी) जैसे उपकरणों द्वारा बिजली की खपत को कम कर दिया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।




## एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के टॉप-100 में सर्वाधिक 46 स्टूडेंट्स

**कोटा।** आईआईटी कानपुर ने जेईई-एडवांस्ड 2025 के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का क्वालिटी और क्वांटिटि दोनों तरह से बेहतर रिजल्ट रहा है। परिणाम की घोषणा के साथ ही कॅरियर सिटी कोटा में जोश और उत्साह का माहौल है। कोटा में आयोजित सफलता के उत्सव में एलन के निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, डॉ.नवीन माहेश्वरी व डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने टॉपर्स व उनके अभिभावकों का स्वागत किया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि एलन कोटा ने आल इंडिया टॉपर के साथ टॉप-10 में 4 रैंक दी है। कोटा निवासी और एलन कोटा क्लासरूम छात्र राजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है। एलन कोटा क्लासरूम स्टूडेंट सक्षम जिंदल एआईआर-2 पर, अक्षत कुमार चौरसिया एआईआर- 06 और देवेश पंकज भैया एआईआर- 08 पर रहे। इसके साथ ही टॉप-20 में एआईआर-13 पर वेदांश गर्ग, एआईआर-14 पर रित्विक खंडेलवाल एलन कोटा क्लासरूम से रहे। एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज स्टूडेंट देवदत्ता माझी आल इंडिया गर्ल टॉपर रही और ऑल इंडिया रैंक-16 प्राप्त की, वहीं एलन क्लासरूम स्टूडेंट आगम जिग्नेश शाह ने आल इंडिया रैंक-17 प्राप्त की। नितिन कुकरेजा ने एलन के क्लासरूम कोर्स से ऑल इंडिया टॉप-10 में 4 स्टूडेंट्स रहे। टॉप-20 में एलन के 8 स्टूडेंट्स, टॉप-50 में 21 और टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स रहे हैं। इसमें 42 स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम से, 3 स्टूडेंट एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से तथा 1 स्टूडेंट डिस्टेंस लर्निंग से रहे।नितिन कुकरेजा ने कहा कि क्वालिटी के साथ-साथ क्वांटिटि की बात करें तो बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स आईआईटी की काउंसलिंग के लिए क्वालिफाई हुए हैं।

### रत्नाकर पटनायक ने लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक के रूप में संभाला कार्यभार



**नई दिल्ली।** रत्नाकर पटनायक ने लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है । उन्होंने ने 1 जून 2025 को एलआईसी के प्रबंध निदेशक के रूप में अपना कार्यभार संभाला। उन्होंने भारत सरकार की दिनांक 14 मई 2025 की अधिसूचना के अनुसार नियुक्ति प्राप्त की । रत्नाकर का जन्म 1968 में हुआ और उन्होंने 1990 में एलआईसी में अपना कार्यभार ग्रहण किया फिजिक्स ऑनर्स में स्नातक और सामान्य प्रशासन में स्नातकोत्तर है । प्रबंध निदेशक के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वह कार्यभाषी निदेशक के रूप में कार्य कर रहे थे निगम में 35 वर्ष के अपने निरंतर कार्यकाल में उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण पदों को शोभित किया

### दिनेश शर्मा ने भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में संभाला कार्यभार



नई दिल्ली। दिनेश शर्मा ने भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रबंध निदेशक के रूप में 1 जून 2025 को अपना कार्यभार ग्रहण किया। यह कार्यभार उन्होंने भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 24 में 2025 के अनुरूप ग्रहण किया । प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति से पूर्व उन्होंने 5 वर्षों तक निगम में उत्पादन और एक्यूरल स्ट्रेटजी का अनुभव प्राप्त किया।

### एजिस वोपैक का शेयर छह फीसदी घटकर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी एजिस वोपैक टर्मिनल्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 235 रुपये से छह प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ।

## वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख से सेंसेक्स व निफ्टी में गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में भी सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 77 अंक टूट गया। वैश्विक व्यापार को लेकर ताजा चिंता से दुनिया के अन्य बाजारों में गिरावट का रुख रहा जिसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखा।

इसके अलावा, रूस-यूक्रेन युद्ध, ब्रेंट क्रूड के दाम में तेज वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स एक समय 796.75 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में इसमें कुछ सुधार आया और अंत में यह 77.26 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34.10 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,716.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 224.55 अंक टूट गया था। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, "जून में अस्थिर शुरुआत के साथ मानक सूचकांक मामूली गिरावट के साथ बंद हुए।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़


सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

### मई के दौरान एआई, मशीन लर्निंग में भर्तियां 25 प्रतिशत बढ़ीं

**नई दिल्ली।** मई माह में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) क्षेत्र में भर्तियों की संख्या में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि व्यापक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नौकरी के अवसरों में गिरावट देखी गई। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

'नौकरी जॉबस्पीक मई 2025' रिपोर्ट कहती है कि आईटी क्षेत्र से जुड़ी नई नौकरियां मई, 2025 के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले पांच प्रतिशत घट गईं। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, मई के दौरान महानगरों में एआई एवं मशीन लर्निंग से जुड़ी भूमिकाओं पर भर्तियों में लगातार तेजी देखी गई। इसी के साथ वरिष्ठ पेशेवरों की मांग भी स्थिर बनी रही। यह एक ऐसी प्रवृत्ति है जो पिछले एक साल से मजबूत बनी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मई, 2025 में कुल भर्ती परिदृश्य स्थिर रहने के बीच रियल एस्टेट पांच प्रतिशत और बीमा छह प्रतिशत बढ़कर अपेक्षाकृत चमकदार क्षेत्र के रूप में उभरे।

## राशिफल


**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।


**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।


**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।


**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।


**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।


**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।


**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।



**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।


**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5886



**बाएँ से दाए**


1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

### शब्द पहेली- 5885 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |








# आईपीएल को आज मिलेगा नया चैंपियन, बेंगलुरु-पंजाब के पास 18 साल का खिताबी सूखा खत्म करने का मौका

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें हालांकि हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं। आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है।



### कोहली आरसीबी के मुख्य स्तंभ

कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड ने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

### अय्यर नए नेतृत्वकर्ता

पंजाब के अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है।

### पंजाब का मध्यक्रम मजबूत


प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं। मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखी, लेकिन बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर मुंबई इंडियंस को पूरी पारी में रोके रखने से पता चलता है कि उसका आक्रमण बहुत कमजोर नहीं है।

### बेंगलुरु खेलेगा चौथा फाइनल

आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि पंजाब ने क्वालिफायर-2 में मुंबई इंडियंस को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। पंजाब की टीम 2014 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंची है। पंजाब की तरह ही आरसीबी ने भी अब तक कभी आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। ऐसे में यह तय है कि आईपीएल को इस बार नया चैंपियन मिलेगा। आरसीबी की टीम इससे पहले तीन बार फाइनल में पहुंची है, लेकिन तीनों बार उसे हार मिली है। पंजाब को 2014 में फाइनल में केकेआर ने हराया था।

खास खबर

## रूट के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज से जीती श्रृंखला



**कार्डिफ।** जो रूट की नाबाद 166 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को सोफिया गार्डन्स में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी के 103 रन तथा कप्तान शाई होप (78) और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (59) के अर्धशतक के बावजूद 47.4 ओवर में 308 रन पर आउट हो गई, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने सात गेंद शेष रहते हुए सात विकेट पर 312 रन बनाकर जीत दर्ज की। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 133 रन था। रूट ने यहीं से विल जैक्स के साथ 121 गेंद पर 143 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। रूट ने अपनी पारी में 139 गेंद का सामना किया तथा 21 चौके और दो छक्के लगाए। विल जैक्स ने 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।रूट अपनी पारी के दौरान इयोन मोर्गन को पछाड़कर इंग्लैंड के लिए वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। रूट के 7,082 रन हो गए हैं, जबकि मोर्गन के नाम पर 6,957 रन दर्ज हैं।

### अय्यर और पंड्या पर लगा भारी जुर्माना



**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर यहां आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान अपनी-अपनी टीमों की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। अय्यर पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। पंजाब किंग्स की अंतिम एकादश में शामिल खिलाड़ियों पर छह लाख रुपए या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना जबकि मुंबई इंडियंस के बाकी खिलाड़ियों 12 लाख रुपए या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

### पंजाब ने खुद को नंबर-1 के लिए तैयार किया



**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल से पहले कहा कि उनकी टीम ने खुद को दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने के लिए नहीं बल्कि पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स की टीम को पहले क्वालीफायर में आरसीबी से करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। उन्होंने स्वीकार किया कि दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में विराट कोहली के समर्थकों से निपटने के लिए भी उनकी टीम को तैयार रहना होगा।

| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
|  |  |
| साई सुदर्शन | प्रसिद्ध कृष्णा |
| 759 रन | 25 विकेट |
| गुजरात | गुजरात |

## खबर संक्षेप



### शुक्ला का बीसीसीआई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** अनुभवी क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला अगले महीने रोजर बिन्नी के 70 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने के बाद अंतरिम रूप से भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिन्नी ने 2022 में बोर्ड अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली की जगह ली थी। वह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे और इस तरह से बीसीसीआई के किसी भी पदाधिकारी के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को पार कर जाएंगे। 65 वर्षीय शुक्ला वर्तमान में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 2020 से इस पद पर हैं। सितंबर में बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के दौरान नए चुनाव होने तक वह बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष का पद संभालेंगे।

### भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से 2-4 से हारी



**रोसारियो।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में अपना अभियान मेजबान अर्जेंटीना से 2-4 से हार के साथ समाप्त किया। कनिका सिवाच (11वें और 45वें मिनट) ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत के लिए दो गोल दागे। खेल की शुरुआत तेज़ गति से हुई और पहले क्वार्टर में ही चार गोल हो गए। सोल गुइग्नेट गुनाज़ू ने पांचवें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके दो मिनट बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने 11वें मिनट में कनिका के गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने 13वें मिनट में गोल किया जिससे अर्जेंटीना ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। अर्जेंटीना की तरफ से चौथा गोल 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल ने किया।

# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट: गुकेश ने नंबर-1 कार्लसन को हराकर चुकता किया बदला

एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर



वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डी ने एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की। उन्होंने नॉर्वे चेस 2025 के छठे राउंड में मैग्नस कार्लसन को पहली बार क्लासिकल टाइम कंट्रोल में हरा दिया। इस हार से नाराज कार्लसन ने गुस्से में चेस बोर्ड पर घूंसा मार दिया। इससे सभी हैरान हो गए। गुकेश से हारने के बाद पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन अपने गुस्से पर कंट्रोल नहीं कर पाए। उन्होंने मैच खत्म होते ही चेस पर गुस्से में घूंसा मारा, हालांकि उन्हें जल्द ही अपनी गलती का एहसान हो गया। उन्होंने तुरंत माफ़ी मांगते हुए विनर गुकेश को जीत की बधाई दी। गुकेश ने जीत के बाद कोई अग्रेशन नहीं दिखाया, वह सिर्फ कार्लसन से हाथ मिलाने के बाद चुपचाप अपनी सीट से उठे और हाथों को अपने मुह में दबाकर एक जगह खड़े हो गए। मानों उन्हें खुद भी यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने ये कर दिखाया, उन्होंने पूर्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है।

### कार्लसन का घमंड चकनाचूर

आपको बता दें कि 19 वर्षीय गुकेश पहले राउंड में कार्लसन से हार गए थे। इस जीत के बाद कार्लसन ने एक पोस्ट भी किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था कि 'जब आप राजा के खिलाफ खेलते हैं तो चूकना नहीं चाहिए।' शायद वह इस पोस्ट के जरिए बताना चाहते थे कि उन्हें हराना बहुत मुश्किल हैं, लेकिन गुकेश ने अपने खेल से ही इसका करारा जवाब दिया।

### धैर्य और अनुशासन से जीता मैच

सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए गुकेश ने पूरे खेल में धैर्य और अनुशासन बनाए रखा। उन्होंने इंक्रीमेंट टाइम कंट्रोल में वापसी की, जबकि इससे पहले ज्यादातर समय कार्लसन ने बढ़त बनाए रखी थी। गुकेश ने कार्लसन की एक गलती का फायदा उठाकर बाजी पलट दी। लास्ट में एक काउंटरअटैक के साथ गुकेश ने जीत हासिल की।



### नटराज ने सिंगापुर में तैराकी में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48:66 सेकंड का समय निकालकर सजन प्रकाश के 2021 में निकाले गए 1:49.73 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। नटराज ने इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

क्रिकेट

## क्लासेन ने क्रिकेट से लिया संन्यास फ्रेंचाइजी लीग को देंगे प्राथमिकताएं



एजेंसी ▶▶| केपटाउन

दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने काम और जिंदगी में संतुलन लाने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग में भी अपनी प्राथमिकतायें तय करने की कवायद में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से तुरंत प्रभाव से संन्यास ले लिया।

तैतीस वर्ष के क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। अब उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूप से भी विदा ले ली है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी20 मैच खेलकर 2764 रन बनाए हैं। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मेरे लिए यह दुखद दिन है क्योंकि मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है। मुझे यह तय करने में काफी समय लगा कि भविष्य में मेरे और परिवार के लिए क्या बेहतर है। यह काफी कठिन फैसला था लेकिन मैं इससे खुश हूं।' दुनियाभर में टी20 लीग में काफी लोकप्रिय बल्लेबाज क्लासेन ने हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल में खेला और शतक भी लगाया। अब वह इस महीने के आखिर में अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में सीएटल ओर्कास के लिये खेलेंगे।

### मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस 36 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 एकदिवसीय मैच खेले। मैक्सवेल ने वनडे में कुछ यादगार पारियां खेली जिसमें वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंद पर खेली गई 201 रन की पारी भी शामिल है। मैक्सवेल का स्ट्राइक रेट 126 है जो वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे ज़्यादा है। वह वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल से पीछे हैं। उन्होंने एक गेंदबाज के रूप में वनडे में 77 विकेट लिए हैं जबकि एक बल्लेबाज के रूप में चार शतक और 23 अर्धशतक भी लगाए हैं।

### डोपिंग उल्लघंन की वैश्विक सूची में दूसरे स्थान पर भारत

**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स नैतिकता इकाई ने खुलासा किया है कि डोपिंग उल्लघंन के कारण प्रतिस्पर्धा करने में अयोग्य रहे ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों की ताजा वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। एआईयू ने 31 मई को सूची जारी की है जिसमें भारत के 128 एथलीट शामिल हैं और कीनिया (134) इसमें शीर्ष पर काबिज है। इस सूची में वो खिलाड़ी भी शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्तर के मामलों और फैसलों के कारण अयोग्य रहे। कई वर्षों से भारत सबसे अधिक डोपिंग मामलों वाले देशों में शामिल रहा है और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के शीर्ष अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर यही चलन जारी रहा तो देश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। मई में एआईयू ने 14 खिलाड़ियों को प्रतिबंधित किया था जिसमें से पांच कीनिया के और तीन भारत के थे।

## 30 सितंबर से शुरू होगा महिला वनडे विश्व कप, भारत-श्रीलंका बने मेजबान

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला वनडे विश्व कप 2025 भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच खेला जाएगा जिसमे कोलंबो को तटस्थ अतिरिक्त स्थान के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बेंगलुरु, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे।

कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंटों के लिए भारत नहीं आएगा और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। इसके तहत भारत ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि पाकिस्तान और बाकी टीमों के मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा, 'यह टूर्नामेंट बेंगलुरु में 30 सितंबर से




शुरू होगा। भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है।' पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा। फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होगा। मेजबान भारत के अलावा गत चैंपियन आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका इसमें भाग लेंगे।

### सात्विक - चिराग इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन में देंगे चुनौती

**जकार्ता।** पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 1,450,000 डॉलर पुरस्कार राशि के इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करते हुए वापसी की लय जारी रखना चाहेगी। फिटनेस हासिल करने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब उनकी कोशिश इस टूर्नामेंट में और आगे तक पहुंचने की होगी ताकि वे 2023 में जीती गई ट्रॉफी को फिर से हासिल कर सकें। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस साल लगातार खराब प्रदर्शन के बाद अब इस टूर्नामेंट में आगे तक पहुंचने का लक्ष्य बनाएंगी। पहले दौर में उनका सामना जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से होगा। महिला एकल में अन्य खिलाड़ियों में अनुपमा उपाध्याय का सामना कोरिया की किम गा यून से, रक्षिता श्री रामराज का सामना थाईलैंड की बाएं हाथ की खिलाड़ी सुपानिदा काटेथोंग से जबकि मालविका बंसोड़ का सामना इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा।

मौसम की प्रतिकूल परिस्थिति और स्वास्थ्य चिंताएं बनी कारण

# महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट श्रीलंका से स्थगित

एजेंसी ▶▶| लाहौर

एशियाई क्रिकेट परिषद ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण छह जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की।

टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार-विमर्श के बाद लिया गया जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। एसीसी ने एक बयान में कहा कि सिल्वा ने




श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है। उन्होंने कहा, 'एसीसी युवा महिला क्रिकेटरों को कौशल को बढ़ाने और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के मौके प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एशिया में महिला क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में इस टूर्नामेंट के रणनीतिक महत्व को समझते हैं और जल्द से जल्द इस टूर्नामेंट को फिर से आयोजित करने के लिए लगन से काम करेंगे।' नकवी ने कहा कि एसीसी समय आने पर टूर्नामेंट की नयी तारीखों की घोषणा करेगा।

### एशिया कप भी होगा स्थगित

एसीसी के करीबी एक विश्वसनीय सूत्र ने यह भी कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच हाल में सीमा पर तनाव के कारण सितंबर में पुरुषों के एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गंभीर संदेह है। सूत्र ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि एशिया कप होगा क्योंकि मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड के लिए इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने के साथ पाकिस्तान टीम को आमंत्रित करने के लिए अपनी सरकार से मंजूरी लेना मुश्किल होगा।'




# दोनों देशों के नेताओं के बीच हुई शांति वार्ता, जेलेंस्की बोले- बिना शर्त संघर्षविराम का प्रस्ताव दिया

यूक्रेन के राष्ट्रपति यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने शांति वार्ता पर अपना प्रस्ताव किसी के साथ साझा नहीं किया है। उनके प्रस्ताव का दस्तावेज़ हमारे, तुर्की या अमेरिकी पक्ष के पास भी नहीं है। रूस का दस्तावेज नहीं होने के बावजूद, वह शांति की दिशा में बढ़ने की कोशिश करेगा।


**1** वार्ता का उद्देश्य दीर्घकालिक शांति के लिए एक रोडमैप पेश करना

**2** शुरुआत में 30 दिनों का युद्धविराम कैदियों की अदला-बदली का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ इस्तांबुल

तीन साल से जारी जंग और रूस की धरती पर यूक्रेनी ड्रोन हमलों के बीच शांति की नई कोशिश को एक नया मौका मिल रहा है। यूक्रेन और रूस के प्रतिनिधि सोमवार को इस्तांबुल में आमने-सामने बैठें। यह बातचीत ऐसे समय पर हो रही है जब रविवार को यूक्रने ने रूस के भीतर कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए गए हैं।

कम से कम 40 रूसी विमानों को तबाह कर दिया गया। सिर्फ यूक्रेन ही नहीं, रूस ने भी यूक्रेन पर अपने अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें 340 से ज़्यादा नागरिक मारे गए। वार्ता का उद्देश्य दीर्घकालिक शांति के लिए एक रोडमैप पेश करना है, जिसमें शुरुआत के तौर पर 30 दिनों का युद्धविराम, कैदियों की अदला-बदली, और रूसी कब्जे वाले क्षेत्रों से यूक्रेनी बच्चों की वापसी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस वार्ता से कुछ खास प्रगति की उम्मीद नजर नहीं आ रही। हालांकि, इस प्रस्ताव के अगले चरण में राष्ट्रपति जेलेंस्की और राष्ट्रपति पुतिन की सीधी बैठक का भी प्रस्ताव है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही ताइखयी ने बताया कि रक्षा मंत्री रुस्तेम उमेरोव ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेंजिस्की ने रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।



यूक्रेन से मिले जख्मों को भूल पुतिन ने तुर्की भेजी टीम

## एजेंडा स्पष्ट हो तभी वार्ता सार्थक रहेगी

जेलेंस्की ने साफ़ किया है कि बिना स्पष्ट एजेंडे और गंभीर तैयारी के ऐसी बैठकें महज़ दिखावा हैं। उन्होंने तुर्की के विदेश मंत्री और राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन के साथ इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। जेलेंस्की का आरोप है कि रूस अब तक सीज़फायर की अपनी शर्तें पेश करने में विफल रहा है, जबकि यूक्रेन ने पिछले हफ्ते ही अपना प्रस्ताव सौंप दिया था। उन्होंने रूस की चुप्पी को 'एक और धोखा' बताया।

### यूक्रेन ने रूस को तर्कसंगत-यथार्थवादी प्रस्ताव भेजा

*जेलेंस्की ने कहा कि हम अभी भी पूर्ण और बिना शर्त संघर्षविराम (सीजफायर) का प्रस्ताव दे रहे हैं। ऐसे सभी तार्किक और सम्मानजनक कदमों की पेशकश भी कर रहे हैं। इससे एक स्थायी और विश्वसनीय शांति की ओर बढ़ा जा सकता है। रूस को हमने जो प्रस्ताव भेजा है वह तर्कसंगत और यथार्थवादी है। रूस ने शांति वार्ता पर अपना प्रस्ताव किसी के साथ साझा नहीं किया है। उनके प्रस्ताव का दस्तावेज हमारे, तुर्की या अमेरिकी पक्ष के पास भी नहीं है। रूस का दस्तावेज नहीं होने के बावजूद, वह शांति की दिशा में बढ़ने की कोशिश करेगा।*

### रूस को युद्ध में भारी नुकसान तभी पुतिन राजी

*जेलेंस्की बोले बड़े पैमाने पर रूसी विमान नष्ट किए गए हैं, जिससे रूस को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। रूस को यह समझ में आ जाएगा कि उसे युद्ध में भारी नुकसान हो रहा है, तभी वह शांति और समझौते की तरफ बढ़ेगा। यही बात उसे कूटनीति की ओर धकेलेगी। उन्होंने कहा कि शांति की शुरुआत सीजफायर, मानवीय मदद, कैदियों की रिहाई और अगवा किए गए बच्चों की वापसी से होनी चाहिए। अगर रूस इन बातों को नकार देता है तो अधिक प्रतिबंध लगाएं।*

## दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक का निष्कर्ष

भारत-पैराग्वे के बीच संयुक्त आयोग तंत्र की स्थापना के लिए एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं भारत-पैराग्वे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच सोमवार को भारत और दक्षिण अमेरिकी देश पैराग्वे के राष्ट्राध्यक्षों के बीच राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ जंग में एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का ऐलान किया। भारत के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

जबकि पैराग्वे की तरफ से राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस ने अपने देश के विस्तृत प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई की। जिसमें वरिष्ठ मंत्री, सरकारी अधिकारी और व्यापार जगत के लोग शामिल हुए। यह दूसरा मौका है जब पैराग्वे के राष्ट्रपति भारत की यात्रा पर हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी।



### साइबर-संगठित अपराध से लड़ने के लिए तैयार

*बैठक के दौरान दिए अपने शुरुआती वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां एक ओर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों देशों के एक साथ खड़े होने की बात कही। वहीं, साइबर और संगठित अपराध से लेकर मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। एक्स पर पोस्ट में इस इस बैठक की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा, दिल्ली में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना के साथ एक सार्थक बैठक हुई।*

### जेसीएम को लेकर हुआ एमओयू

*पैराग्वे के राष्ट्रपति भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। नई दिल्ली पहुंचने पर उन्हें पालम हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑर्नर का सम्मान दिया गया, विदेश राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने उनके साथ शिष्टाचार मुलाकात की और उसके बाद राष्ट्रपति पेना ने राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पैराग्वे का प्रतिनिधिमंडल मुंबई की यात्रा भी करेगा। विदेश मंत्री ने एक्स पोस्ट में बताया कि पैराग्वे के राष्ट्रपति से मिलकर प्रसन्नता हुई। कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए उनकी सकारात्मक भावनाओं और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। पीएम मोदी के साथ उनकी बातचीत पैराग्वे व दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र के साथ भारत के जुड़ाव के नए मार्ग प्रशस्त करेगी। एक अन्य पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच संयुक्त आयोग तंत्र (जेसीएम) की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह हमारी वार्ता और सहयोग को व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।*


### संबंधों में जुड़ेंगे नए आयाम

*पीएम मोदी ने अपने वक्तव्य में ये भी कहा कि दोनों देशों वैश्विक दक्षिण के भी मजबूत अंग हैं। हमारी आशाओं, आकांक्षाओं और चुनौतियों में भी समानता है। इसी वजह से हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हुए इनसे कारगर ढंग से निपट सकते हैं। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों की तरफ से संतोष जताते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान हम भारत में बनी वैक्सीन पैराग्वे के लोगों के साथ साझा कर सके। उन्होंने ऐसी और संभावनाओं को आपस में साझा करने की उम्मीद जताई। साथ ही कहा कि आपकी यात्रा से आपसी संबंधों से जुड़े विश्वास, व्यापार और करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी। भारत और पैराग्वे के संबंधों में नए आयाम भी जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्ष मैंने गयाना में कैरीकॉम सम्मेलन में भाग लिया था। इस दौरान हमने कई विषयों पर सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा की थी। मैं समझता हूं कि हम उन सभी क्षेत्रों में पैराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।*

## कठुआ में फिर दिखे 3 संदिग्ध आतंकी

# सुरक्षा बलों ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन हीरानगर इलाके में बढ़ाई और सतर्कता

एजेंसी ▶▶ जम्मू



जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को फिर तीन संदिग्ध आतंकी देखे गए हैं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है, जो अभी जारी है। सुरक्षाबलों के अधिकारियों ने बताया कि कठुआ के हीरानगर इलाके में एक नागरिक द्वारा तीन संदिग्ध लोगों को देखे जाने के बाद नजदीक के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस तलाशी अभियान में एक संयुक्त अभियान दल लगा हुआ है, जिसमें सेना और राज्य पुलिस बल के जवान शामिल हैं। आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षा बलों ने हीरानगर इलाके और उससे जुड़े राजमार्ग पर सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस के मुताबिक, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से सुरक्षा बलों की टीम चौकन्ना है। जब भी कहीं संदिग्ध आतंकी देखे जाने की सूचना मिलती है, तो तुरंत सर्च ऑपरेशन चलाया जाता है। इसमें लोकल पुलिस की टीम भी साथ रहती है।

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में फिलहाल भारतीय सेना, पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा कई क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। इनमें कठुआ, किश्तवाड़ और सम्बा के जंगली इलाकों पर विशेष तौर पर फोकस किया जा रहा है। कठुआ के लोवांग और सरथल जैसे क्षेत्रों में संदिग्ध आतंकी गतिविधियों की सूचना के बाद 27 मई 2025 से ही संयुक्त अभियान चल रहा है।

## मंत्री गोयल बोले बीटीए पर वार्ता जारी

# भारत-यूएस के बीच 2030 तक व्यापार 500 अरब डॉलर पहुंचेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका एक-दूसरे के कारोबार को तरजीही बाजार पहुंच देने के इच्छुक हैं और दोनों देशों के दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर मिलकर काम कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप और भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने 2025 की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत करने की योजना की फरवरी में घोषणा की थी।

इसका उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 191 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर से दोगुना कर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। गोयल ने कहा कि दोनों देश मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देश एक-दूसरे के कारोबार को तरजीही पहुंच देने के इच्छुक हैं और हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। इस्पात एवं एल्युमीनियम पर शुल्क दोगुना करके 50 प्रतिशत करने की ट्रंप की घोषणा के बारे में उन्होंने कहा कि दोनों देश इन सभी मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से हल करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

### इस हफ्ते भारत आएगा एक दल

*दोनों देशों के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इस सप्ताह भारत आ रहा है। अमेरिका लगातार चौथे वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और देश के कुल वस्तु व्यापार में 10.73 प्रतिशत रही। अमेरिका के साथ भारत का 2024-25 में वस्तुओं के मामले में व्यापार अधिशेष (आयात व निर्यात के बीच का अंतर) 41.18 अरब अमेरिकी डॉलर था। 2023-24 में यह 35.32 अरब अमेरिकी डॉलर, 2022-23 में 27.7 अरब अमेरिकी डॉलर, 2021-22 में 32.85 अरब अमेरिकी डॉलर और 2020-21 में 22.73 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।*

### ओमान भी एफटीए पर होगा राजी

*गोयल ने कहा कि भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत आगे बढ़ रही है और इस पर जल्द अच्छी खबर आ सकती है। आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के रूप में नामित इस समझौते के लिए वार्ता औपचारिक रूप से नवंबर 2023 में शुरू हुई थी। गोयल ने कहा कि एफटीए न केवल वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देते हैं, बल्कि आपूर्ति श्रृंखला को भी मजबूत करते हैं। साथ ही दोनों पक्षों के व्यवसायों में स्थिर नीतियों और पूर्वानुमान के बारे में विश्वास उत्पन्न करते हैं। एफटीए संपन्न करते हैं तो यह एक बड़ा संदेश होता है।*

## तुर्किये को भारत ने दिया एक और बड़ा झटका

# अब मेंटेनेंस के लिए नहीं जाएंगे प्लेन एअर इंडिया ने खत्म किया कॉन्ट्रैक्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एअर इंडिया ने अपने बोइंग 777 विमानों का मेंटेनेंस करने वाली कंपनी टर्किश टेक्निक के साथ कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया है। ये फैसला तुर्किये के पाकिस्तान को सपोर्ट करने के बाद लिया गया है। कंपनी के सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन ने कहा, अगर मौजूदा हालात में बिजनेस जारी रखने में दिक्कत है, तो हम विकल्प तलाशेंगे। हम जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहते हैं। सीईओ ने बताया कि कुछ विमान पहले से तुर्की में मेंटेनेंस के लिए भेजे जा चुके हैं। बाकी विमानों की सर्विसिंग के लिए अब भारत सरकार की कंपनी एआईईएलएल, अबूधाबी और सिंगापुर जैसे विकल्प देखे जा रहे हैं। दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया था, जिसमें टर्किश ड्रोन उपयोग किए गए थे। तभी से सरकार टर्किश कंपनियों के खिलाफ सख्त रुख अपना रही है।




### इंडिगो भी खत्म करेगी एग्रीमेंट

*इससे पहले डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी डीजीसीए ने कहा कि इंडिगो की टर्किश एयरलाइंस के साथ लीज ड्यूरेशन को आखिरी बार सिर्फ तीन महीने के लिए बढ़ाया जा रहा है। इसके बाद इसे बढ़ाया नहीं जाएगा। साथ ही डीजीसीए ने इंडिगो से टर्किश एयरलाइंस के साथ लीज एग्रीमेंट खत्म करने को भी कहा है। सरकार से इंडिगो की टर्किश एयरलाइंस के साथ विमान लीजिंग डील पर रोक लगाने की अपील भी की गई थी।*

### 15 मई को तुर्किये की कंपनी सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी रद्द की थी

*वहीं 15 मई को एविएशन सिक्योरिटी रेगुलेटर (बीसीएएस) ने 'राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में' तुर्किये की कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। यह कदम तुर्की द्वारा पाकिस्तान का समर्थन करने और पड़ोसी देश में आतंकवादी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा करने के कुछ दिनों बाद उठाया गया था।*

### सभी सरकारी नियमों का पालन करेगी कंपनी

*इससे पहले इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा था कि कंपनी वेट लीजिंग से जुड़े सभी सरकारी नियमों का पालन करेगी, क्योंकि एयरलाइन तुर्की एयरलाइंस के वेट-लीज्ड विमानों का ऑपरेशन कर रही है। वेट लीजिंग व्यवस्था के तहत विमान देने वाली एयरलाइन ही चालक दल, रखरखाव और बीमा जैसी जिम्मेदारियों को संभालती है। एल्बर्स ने भरोसा दिलाया कि इंडिगो पैसेंजर्स की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109